


29:03:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 085 | epaper.rashtriyakhabar.com | चैत्र, शुक्लपक्ष अष्टमी, विक्रम संवत 2080

## वासंतिक नवरात्र



अष्टमम् महागौरी

श्वेते वृषे समारुढा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा॥

## चाणक्य नीति

सत्यं माता पिता ज्ञानं धर्मो भ्राता दया स्वसा।
शांतिः पत्नी क्षमा पुत्रः षडेते मम बान्धवाः॥

भावार्थ : किसी सांसारिक पुरुष ने किसी संत महात्मा को अत्यंत आनंद की स्थिति में देखकर उनसे उनके बंधु बांधवों के बारे में पूछा, तो संत ने उत्तर दिया - सत्य ही मेरी माता है और ज्ञान मेरा पिता है, धर्म ही मेरा भाई है और दया मेरी बहन है, शांति मेरी पत्नी है और क्षमा और सहनशीलता मेरे पुत्र हैं, यह छह ही मेरे परिवार के सदस्य हैं, मेरे बंधु बांधव हैं, मेरे रिश्तेदार हैं।



रांची **पारा** अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 33.00 °c | 20.00 °c |

**सूर्यास्त (आज)** ›› 18.03 बजे

**सूर्योदय (कल)** ›› 05.44 बजे

## राहुल ने बंगला खाली करने के नोटिस का दिया जवाब

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा सदस्य के तौर पर उन्हें आवंटित 12 तुगलक लेन का बंगला खाली करने को लेकर मिले नोटिस का जवाब देते हुए कहा है कि वह समय पर बंगला खाली कर देंगे। श्री गांधी ने लोकसभा सचिवालय में उप सचिव, एमएस शाखा से सरकारी बंगला खाली कराने को लेकर मिले नोटिस के जवाब में कहा कि वह अपने अधिकारों के बारे में वाकिफ हैं और उन्हें बंगले को लेकर जो नोटिस मिला है वह उसका पालन करेंगे। केरल के वायनाड से लोकसभा सदस्य श्री गांधी ने अपने पत्र में कहा कि वह लोकसभा के लिए पिछले चार कार्यकाल से निर्वाचित होते रहे हैं। जनता से मिले इस जनादेश के लिए वह उनके आभारी हैं।

## कोविड संक्रमित मामलों में तेजी

**नयी दिल्ली :** देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड संक्रमण के 1573 नए मामले सामने आए हैं और इसके साथ ही कुल संक्रमित व्यक्तियों की संख्या 10 हजार 981 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड संक्रमितों की संख्या 10981 हो गयी है और संक्रमण दर 1.30 प्रतिशत दर्ज की गई है। मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में 888 व्यक्ति कोविड संक्रमण से उबर गए हैं। स्वस्थ होने की दर 98.79 प्रतिशत है। इसी अवधि में 120958 कोविड संक्रमण परीक्षण किए गए हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान 11339 कोविड टीके लगाए गए हैं। इसके साथ ही देश में 220.65 करोड से अधिक कोविड टीके लगाए जा चुके हैं।

## विस्फोट से दो जवान घायल

**कांकेर :** छत्तीसगढ़ के कांकेर में माओवादी नक्सली संगठन के द्वारा लगाए गए बारूदी सुरंग के विस्फोट से आज सीमा सुरक्षा बल के दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने बताया कि चिलपरस सीमा सुरक्षा बल का नया बेस कैम्प बनाया गया जिससे नक्सलियो में लागातार इसका विरोध हो रहा था। आज सुबह जवानों का दल चिलपरस से कागबरस की ओर रवाना हुआ, टेकरी के पास नक्सलियों द्वारा लगाए गए बारूदी से दो जवान सुशील कुमार, छोटूराम गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल जवानों को तत्काल कोयलीबेड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाया गया।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**विरोध** › आक्रामक होते विपक्ष के तेवर से अब आसन भी परेशान

# सभापति के बैठते ही कागजों की बौछार हुई

- चंद मिनटों में ही कार्यवाही स्थगित
- तख्तियां लेकर आज भी प्रदर्शन हुआ
- सदन ने महिला मुक्केबाजों को बधाई दी

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में अडानी मामले में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की मांग को लेकर विपक्ष के भारी हंगामे के कारण मंगलवार को सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। पीठासीन अधिकारी रमा देवी ने एक बार स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की, विपक्ष के सदस्य हाथों में तख्तियाँ लेकर आसन के समक्ष आकार नारेबाजी करने लगे। विपक्षी सदस्यों ने जेपीसी की माँग को लेकर जमकर नारेबाजी की। पीठासीन अधिकारी ने हंगामे के बीच जरूरी कागजात पटल पर रखवाए गए और सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले भी प्रश्नकाल तथा शून्यकाल बाधित रहा और कार्यवाही शुरू होते ही सदस्यों के भारी हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित कर दी गई। पीठासीन अधिकारी मिधुन रेड्डी ने जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए प्रश्नकाल आरंभ किया तो विपक्ष के सदस्य सदन के बीचोबीच आकर हंगामा करने लगे। सत्ता पक्ष के सदस्य भी अपने सीटों पर खड़े होकर नारेबाजी करने लगे। दोनों तरफ से हुए हंगामे को देखते हुए पीठासीन अधिकारी ने एक मिनट के भीतर ही सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। इस दौरान ही आसन की तरफ कागजात भी फेंके गये, जिसे कैमरे ने रिकार्ड भी किया। सभापति ने सुबह सुबह

›› पेज 2 भी देखें



### सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित

अडानी समूह पर लगे आरोपों की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति के गठन की मांग कर रहे विपक्षी दलों के सदस्यों ने मंगलवार को राज्यसभा में जोरदार हंगामा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी और आज भी कोई कामकाज नहीं हो सका। सभापति जगदीप धनखड़ ने भोजनावकाश के बाद कार्यवाही शुरू करते हुये कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में लिए निर्णयों की जानकारी दी। इस दौरान भी विपक्षी सदस्यों ने अपनी सीट से उठकर नारेबाजी की जिसके कारण सभापति ने सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले सुबह श्री धनकड़ ने जरुरी दस्तावेज सदन के पटल पर रखे जाने के बाद जैसे ही कार्यवाही शुरू करनी चाही तो कांग्रेस के सदस्य अपनी सीट से उठकर आसन के निकट आकर नारेबाजी करने लगे।

### गतिरोध के चलते संसद की कार्यवाही लगातार बाधित रही है

सभापति ने हंगामा कर रहे सदस्यों से अपनी जगहों पर लौटने की अपील करते हुए कहा कि वह नियम 267 के तहत मिले नोटिस पर अपनी व्यवस्था देने वाले हैं लेकिन विपक्षी सदस्य आसन के निकट खड़े रहकर नारेबाजी करते रहे। सभापति ने उनकी अपील का असर ना होते देख सदन की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। उल्लेखनीय है कि संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के शुरू होते ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच शुरू हुए टकराव ने गतिरोध का रूप ले लिया जिसके कारण एक दिन भी कार्यवाही सुचारू रूप से नहीं चल सकी है। सत्ता पक्ष ने जहां विदेश में देश के बारे में आपत्तिजनक बयान देने के लिए कांग्रेस के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा वही विपक्षी दलों के सदस्य अदानी समूह से संबंधित मामले में जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति के गठन की मांग पर अड़े हैं। इस गतिरोध के चलते संसद की कार्यवाही लगातार बाधित रही है और एक दिन भी सुचारू रूप से नहीं चल सकी है।

विवादास्पद कानून को लेकर सत्तारूढ़ गठबंधन में मतभेद उभरे

# इजरायल में नागरिक प्रतिरोध और व्यापक हुआ



- सुरक्षा मंत्री ने खुलकर बयान दिया
- अमेरिकी राष्ट्रपति भी इससे चिंतित
- नागरिकों का विरोध देश भर में फैला

**राष्ट्रीय खबर**

**तेल अबीब:** बेंजामिन नेतन्याहू की विवादास्पद कानून को लेकर अब सत्तारूढ़ गठबंधन में ही मतभेद उभर आये हैं। ऐसा तब हुआ है जब अपने खिलाफ चल रहे सारे मामलों को खत्म करने तथा ऐसे मामलों की सुनवाई का अधिकार छीनने का उनका प्रयास नागरिकों के विरोध का सामना कर रहा है। इजरायल की इस स्थिति को लेकर अमेरिका भी चिंतित है और राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस चिंता को जाहिर भी किया है। नेतन्याहू के इस फैसले का विरोध करने वाले राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन ग्विर की पार्टी ने इसकी घोषणा की। यहूदी पावर पार्टी ने एक बयान में कहा, अप्रैल में फसह के अवकाश के बाद अगले विधायी कार्यकाल तक इस कानून को रोक दिया जाना चाहिए। सोमवार को एक राष्ट्रव्यापी हड़ताल में लगभग हर प्रमुख क्षेत्र के श्रमिकों को बाहर निकलते देखा गया, और पूरे इजराइल में बिल को समाप्त करने की मांग को लेकर सड़कों पर जाम लगा दिया गया और शहर के केंद्रों में विरोध प्रदर्शन किया गया। ग्विर ने सोमवार को जोर देकर कहा कि न्यायिक ओवरहाल कानून अभी भी संसद के ग्रीष्मकालीन कार्यकाल में मतदान के लिए आएगा। उन्होंने कहा कि उनके पास प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की प्रतिबद्धता है कि अगर अवकाश के दौरान कोई समझौता नहीं हुआ तो अगले सत्र में कानून को मंजूरी के लिए केसेट में लाया जाएगा। दूसरी तरफ इजराइल में विरोध तेज होने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन ने स्थिति पर

›› पेज 2 भी देखें

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंग बंगले के सामने जताया विरोध

## एनआरसी लागू करने को लेकर इंफाल में भारी विरोध प्रदर्शन

- आंदोलनकारियों की केंद्र सरकार को चेतावनी
- पूर्वोत्तर से बांग्लादेशियों को तुरंत निष्कासित करें
- अलग अलग संगठनों का अलग अलग प्रदर्शन

**भूपेन गोस्वामी**



**गुवाहाटीः** पूर्वोत्तर राज्य से बांग्लादेशियों को बाहर निकालने के लिए छात्र संगठनों ने आज बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया है। छात्र संगठनों की मांग है कि केंद्र सरकार असम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, अरुणाचल, त्रिपुरा और नागालैंड से अवैध रूप से प्रवेश करने वाले सभी बांग्लादेशियों को जल्द से जल्द निष्कासित करे। अन्यथा पूरे पूर्वोत्तर में केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ आंदोलन होगा।पूर्वोत्तर के सभी छात्र संगठनों ने केंद्र सरकार को चेतावनी दी कि वह पूर्वोत्तर राज्य से बांग्लादेशियों को तुरंत निष्कासित करे अन्यथा बड़ा आंदोलन किया जाएगा। दूसरी ओर, मणिपुर के छह छात्र संगठनों ने राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर सोमवार को इंफाल की सड़कों पर प्रदर्शन किया, जिसे मणिपुर विधानसभा ने सर्वसम्मति से पिछले साल अगस्त में लागू करने का फैसला किया था।राष्ट्रीय पंजीकृत नागरिक को लागू करने की मांग को लेकर मणिपुर के इंफाल में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन चल रहा है। रिपोर्टों के अनुसार, इंफाल में ईएमए बाजार में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है और छह छात्र निकायों और आईएमए बाजार की कई महिला विक्रेताओं ने विरोध में भाग लिया है। प्रदर्शनकारियों ने आईएमए कैथेल से सीएम बंगले की ओर रैली भी निकाली। हालांकि, पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोका, जिसके बाद उन्होंने यू-टर्न ले लिया। बाद में, वे फिर से

›› पेज 2 भी देखें

## कर्नाटक में तेजी से बदल रहा है चुनाव का राजनीतिक माहौल



**बेंगलुरु :** कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले में आज दोपहर भाजपा के दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के घर के बाहर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन और पथराव की सूचना मिली है। इस बारे में सोशल मीडिया पर जो तस्वीर और वीडियो अपलोड किये गये हैं, उनमें पुलिस को चार समुदायों बंजारा, कोरची, बोवी और कुर्मी के सैकड़ों प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई करते हुए दिखाया गया है। वे अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण पर कर्नाटक सरकार के हालिया फैसले का विरोध कर रहे थे। बसवराज बोम्मई के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने केंद्र को शिक्षा और नौकरियों में अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षण की एक नई सिफारिश की है। बंजारा समुदाय का कहना है कि सर्वेक्षण जल्दबाजी में किया गया था। बंजारा समुदाय के नेताओं ने आरोप लगाया है कि आरक्षण पर राज्य सरकार के फैसले से उन्हें नुकसान होगा और उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार तुरंत केंद्र को सिफारिश वापस ले। बंजारा समुदाय द्वारा शिकारीपुरा में प्रदर्शन आयोजित किया गया। वे भाजपा के संसदीय बोर्ड के सदस्य माउंट येदियुरप्पा के आवास के बाहर इकट्ठा हुए और मांग की कि नए आरक्षण प्रस्ताव को लागू नहीं किया जाए। बंजारा समुदाय राज्य में एक अनुसूचित जाति उपसमूह है। अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों को मिलाकर कर्नाटक की आबादी का 24 प्रतिशत हिस्सा है। मुस्लिम नेताओं ने भी मुस्लिमों को अन्य पिछड़ा वर्ग की 2बी श्रेणी से हटाने की सिफारिश के बाद भाजपा सरकार की आलोचना की है, जिसमें उन्हें चार प्रतिशत आरक्षण दिया गया था। राज्य मंत्रिमंडल ने वोक्कालिगा और वीरशैव-लिंगायत के बीच 4 प्रतिशत का बंटवारा करने का फैसला किया है।

अडाणी की कंपनी में इससे निवेश की चर्चा आम होते ही सरकार का फैसला

## ईपीएफ की ब्याज दर बढ़ाकर 8.15 प्रतिशत करने की सिफारिश

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्लीः** कर्मचारी भविष्य निधि- ईपीएफ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए सदस्यों की जमा राशि पर ब्याज दर बढ़ाकर 8.15 प्रतिशत वार्षिक करने की सिफारिश की है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को यहां केंद्रीय न्यास बोर्ड की 233वीं बैठक में यह फैसला किया गया।

बैठक में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री रामेश्वर तेली, मंत्रालय में सचिव आरती आहूजा और केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त नीलम शमी राव भी उपस्थित थे। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने कहा है कि वित्त मंत्रालय के अनुमोदन के बाद सरकारी राजपत्र में प्रस्तावित ब्याज दर को आधिकारिक तौर पर अधिसूचित किया जाएगा, जिसके बाद कर्मचारी





भविष्य निधि संगठन-ईपीएफओ अपने लगभग छह करोड़ अंशधारकों के खातों में ब्याज जमा करेगा। ईपीएफओ ने मार्च 2022 में ईपीएफओ ने अपने करीब अंशधारकों के लिए वित्त वर्ष 2021-22 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर घटाकर चार दशक के निचले स्तर 8.1 प्रतिशत कर दिया था।

यह वित्त वर्ष 2020-21 में 8.5 प्रतिशत थी। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन भविष्य निधि खातों में जमा होने वाले धन का कई जगह पर निवेश करता है। इस निवेश से होने वाले अर्जन का एक हिस्सा वह ब्याज के रूप में अंशधारकों को देता है। ईपीएफओ अपने कुल निवेश का 85 प्रतिशत हिस्सा ऋण में निवेश करता है। इसके तहत सरकारी सिक्योरिटीज और बॉन्ड्स आते हैं। इस मद में करीब 36,000 करोड़ रुपए का निवेश होता है। वही बचे हुए 15 प्रतिशत हिस्से को शेयर बाजार में निवेश किया जाता है।

इस फैसले के पहले यह चर्चा मीडिया मे आ चुकी है कि सरकार ने ईपीएफ के अंशधारकों को जानकारी दिये बिना ही शेयर बाजार के जरिए उनका पैसा अडाणी की कंपनियों में लगाया है। इस बात पर अभी राजनीतिक शोरगुल नहीं होने के बाद भी देश के गरीब और मध्यम तबके के मजदूरों का पैसा बिना उनकी जानकारी के अडाणी के कारोबार में लगाने पर सवाल अवश्य उठ गये हैं।

**अनुसंधान** › भारतीय समाज के लिए पथ प्रदर्शक है यह नया अनुसंधान

# चुनावी चर्चा भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक

- चुनावी चर्चा के माहौल में हुई थी जांच
- अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के दौरान हुआ
- समस्या समाधान कुछ लोग खुद कर पाते हैं

**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** भारतीय समाज में हर किसी के बीच चर्चा का एक सहज विषय राजनीति और चुनाव होता है। यह अलग बात है कि इनदिनों भारतीय राजनीति पर चर्चा की दिशा काफी बदल गयी है। इसके कारण भी स्पष्ट हो चुके हैं कि खास वर्ग को सोशल मीडिया के जरिए किसी खास तनाव के साथ रहने पर विवश किया गया है। लेकिन पहली बार यह जानकारी सामने आयी है कि चुनावी चर्चा भी तनाव का एक प्रमुख कारण है। साथ ही शोध दल ने यह भी पता लगा लिया है कि इस किस्म की चर्चा से किसी भी व्यक्ति के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसकी जानकारी नॉर्थ कैरोलिना स्टेट यूनिवर्सिटी के नए शोध से मिली है। शोध से पता चलता है कि केवल राजनीतिक चुनावों से संबंधित तनाव का अनुमान लगाने से शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। हालांकि, अध्ययन में यह भी पाया गया है कि लोग उन नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों को कम करने के लिए कुछ कर सकते हैं। इस शोध क बारे में कॉम्बैटिंग इलेक्शन स्ट्रेसः एंटीसिपेटरी कोपिंग एंड डेली सेल्फ-रिपोर्टेड फिजिकल हेल्थ शीर्षक से एक लेख जर्नल साइकोलॉजिकल रिपोर्ट्स में प्रकाशित हुआ है। यह पहला अध्ययन है जो दिखाता है कि चुनाव से संबंधित अग्रिम तनाव हमारे स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है। इस बारे में अध्ययन के संबंधित लेखक और एनसी राज्य में मनोविज्ञान के प्रोफेसर शेवौन न्यूपर्ट कहते हैं कि यह अच्छी तरह से स्थापित है कि तनाव हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। यह अध्ययन हमें बताता है कि निकट भविष्य में हम तनाव महसूस करने वाले हैं यह सोचना भी हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। अध्ययन संयुक्त

›› पेज 2 भी देखें



खेती के लिए जान की बाजी लगा रहे हैं यूक्रेन के किसान

## अपने तरीके से बारूदी सुरंग हटा रहे हैं

**राष्ट्रीय खबर**

**कियेबः** यूक्रेन के अनेक इलाकों के किसानों को अब खेती के लिए काम करना है। इसी वजह से उनकी जान दांव पर लगी हुई है। उनके खेतों में कहां बारूदी सुरंग लगाया गया है, इसकी कोई जानकारी नहीं है। अब दोबारा से खेती करने के लिए इन किसानों को अपने स्तर पर ही इन बारूदी सुरंगों का पता लगाना पड़ रहा है। ऐसे ही एक किसान ऑलेक्जेडर हैवरिलुक अपने खेत में लौटे जब उस पर धावा बोल दिया गया था और रूसी सैनिकों ने कब्जा कर लिया था, जब उन्होंने देखा कि वे पीछे क्या छोड़ गए थे, तो उनके चेहरे से आंसू छलक पड़े। उसके खेत की इमारतें लगभग पूरी तरह से नष्ट हो गई थीं, लाखों डॉलर की भारी मशीनरी बर्बाद हो गई थी, और पिछले साल की गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई थी। अब उनके



›› पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### सीबीआई कोर्ट से मांगा समय

**रांची:** सीबीआई कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में तारा शाहदेव से जुड़े केस की सुनवाई हुई। सुनवाई में नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के यौन उत्पीड़न केस में बचाव पक्ष ने गवाह प्रस्तुत करने के लिए कोर्ट से समय मांगा है। कोर्ट ने बचाव पक्ष यानी रंजित कोहली के आग्रह को स्वीकार करते हुए गवाह प्रस्तुत करने के लिए 11 अप्रैल का समय दिया है। इससे पहले सभी आरोपियों के 313 का बयान दर्ज किया जा चुका है। सीबीआई ने इस मामले में 26 गवाह अदालत के समक्ष पेश किए हैं।

**संकल्प** आजसू केंद्रीय कमेटी की बैठक में साधा गया हेमंत सरकार पर निशाना

# राज्य के मुखिया को गद्दी से हटाना है: सुदेश

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** रामगढ़ उपचुनाव जिसे सरकार के प्रदेश के मुखिया ने अपने घर का चुनाव कहा था वहां गठबंधन की पार्टी ने चुनाव जीतकर कांग्रेस को नहीं बल्कि राज्य के मुखिया को उनके घर में ही मात दी है। ये बातें आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने सरायकेला में आजसू केंद्रीय कमेटी की बैठक में कहीं।सरायकेला जिला के ईचागढ़ विधानसभा अंतर्गत एक निजी रिसोर्ट में आजसू केंद्रीय कमिटी की बैठक हुई। जिसमें शामिल होते हुए सुदेश महतो ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा। सुदेश महतो ने कहा कि प्रदेश की ये सरकार लूट और झूठ की बुनियाद पर चल रही है, जिसे आगामी चुनाव में पार्टी उखाड़ फेंकेगी। भाजपा के साथ गठबंधन के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए पार्टी पश्चिम बंगाल और ओड़िशा में भी चुनाव मैदान में अपने प्रत्याशी उतरेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी महाधिवेशन से पूर्व राज्य भर में पार्टी सभी ईकाइयों को मजबूत करेगी। इसके तहत 1 लाख पदेन पार्टी पदाधिकारी बनाये जाएंगे।इस अवसर पर प्रेस वार्ता का आयोजन कर पार्टी प्रमुख सुदेश महतो झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर जमकर बरसे। उन्होंने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आज सरकार के संरक्षण में प्रदेश की खनिज संपदाओं को लूटा जा रहा है, बिना रिश्वत दिये किसी भी सरकारी कार्यालय में काम करवाना आज के माहौल में संभव नहीं रह गया है। आगे उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार आरक्षण के नाम पर लोगों को ठगने में जुटी है और राज्य के बेरोजगार युवा दर-दर भटकने को मजबूर हैं। सुदेश महतो ने यह भी कहा कि आजसू पार्टी के द्वारा पहली बार रिसर्च टीम का गठन किया गया है, जो पार्टी के साथ पूरे राज्य की समस्याओं को आकलन करते हुए समय समय पर अपनी रिपोर्ट सौपेंगी, जिसके आधार पर आगे की रणनीति तय की जाएगी। आजसू केंद्रीय कमिटी की बैठक में सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, देव शरण भगत, केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो के अलावा पार्टी के आला नेता और पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

# बादल पत्रलेख से पशु चिकित्सा सेवा के पदों के पुनर्गठन की मांग की

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखण्ड पशुचिकित्सा सेवा संघ ने मंगलवार को कृषि मंत्री बादल पत्रलेख से मुलाकात कर 5बी, 6बी और 7बी वेतन आयोग की अनुशंसा एवं उच्च न्यायालय तथा सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के निर्देश के आलोक मे पशु चिकित्सकों को मानव चिकित्सकों के समान मानने सहित अन्य मांग को रखा। संघ के महामंत्री शिवानंद काशी ने बताया की बहुप्रतीक्षित मांग पशु चिकित्सा सेवा के पदों के पुनर्गठन के साथ पांच पद सोपान, प्रोन्नत पद 50 प्रतिशत के साथ अन्य सुविधा देने की मांग रखी गई।वर्तमान मे पशुचिकित्साको का मात्र दो पदसोपान एवं 9 प्रतिशत प्रोन्नत पद है जिसके कारण 91% पशुचिकित्सक मूल कोटि के पद से सेवानिवृत हो रहे है।जिससे उनमें घोर निराशा व्याप्त है जिसका सीधा असर उनकी कार्यक्षमता पर पड़ता है।नये पुनर्गठन प्रस्ताव के अधिसूचित हो जाने पर पशु चिकित्सकों की कार्यकुशलता में वृद्धि होगी और अपना सर्वस्व पशुओं की सेवा में देंगे। जिससे पशु उत्पाद में जैसे दूध, मांस, अंडा जैसे उत्पादन में झारखण्ड आने वाले दिनों में आत्मनिर्भर होगा। इससे कुपोषण से भी मुक्ति मिलेगी तथा लोगों को पशु उत्पाद आधारित व्यवसाय कर अतिरिक्त आय होगी साथ ही अवगत कराया गया की नेशनल कमीशन ऑन एग्रीकल्चर रिपोर्ट 1976 में अनुशंसित 5000 कैटल यूनिट पर एक पशुचिकित्सक की आवश्यकता है जिसके अनुसार झारखण्ड मे 2800 पशुचिकित्सक होना है जिसके विरुद्ध 798 पद ही स्वीकृत है। पुनर्गठन प्रस्ताव में प्रखंड में एनिमल हेल्थ सेंटर बनेगा जिसमें पशुचिकित्सालय को सुदृढ़ करना,मानव संसाधन युक्त बनाना ,अत्याधुनिक उपस्कर उपकरण के साथ सुसज्जीत किया जाना है जिससे पशुपालक को तुरंत प्रखंड स्तर पर ही उनके पशु के रोग का निदान हो जायेगा। संघ की मांग पर मंत्री ने आश्वस्त किया की पशुचिकित्सको की मांग उचित है, इस पर शीघ्र ही सचिव से विमर्श कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी जिससे झारखण्ड मे रोजगार सृजन के साथ साथ पशुपालक भी आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होंगे और उनका पलायन भी रुकेगा। शिष्टमण्डल में डॉ सेमसन संजय टोप्पो, डॉ शिवानंद कांशी, डॉ जमालुद्दीन मौजूद थे।

## संजय सेठ ने केंद्र से की रिम्स को एम्स के रूप में अपग्रेड कर स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोतरी करने की मांग

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** रिम्स को एम्स के रूप में अपग्रेड करने से संबंधित मामला सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में नियम 377 के तहत रखा। सरकार से आग्रह किया कि रांची सहित पूरे झारखंड की जरूरत और बढ़ती आबादी को देखते हुए रिम्स को अविलंब एम्स में अपग्रेड किये जाने की आवश्यकता है। रिम्स अस्पताल, रांची की लाइफ लाइन है। इस पर सिर्फ झारखंड की राजधानी रांची ही नहीं बल्कि पूरे राज्य की निर्भरता है। लोग सामान्य बीमारियों से लेकर आपात स्थिति तक इस अस्पताल में इलाज के लिए आते हैं। सिर्फ झारखंड ही नहीं, सीमावर्ती उड़ीसा, छत्तीसगढ़, बिहार और बंगाल राज्यों से भी मरीज यहां आते हैं।उन्होंने कहा कि झारखंड बने 22 साल हो गये, इस दौरान आबादी बढ़ी, इस अस्पताल पर दबाव बढ़ा परंतु उस अनुपात में अस्पताल में सुविधाएं नहीं बढ़ीं। आज राज्य सरकार की लापरवाही व अनदेखी और अस्पताल में संसाधनों की कमी के कारण कई बार लोग इलाज के अभाव में किसी और परिस्थिति का शिकार हो जाते हैं। राज्य की उम्मीदों के इस अस्पताल में अब लोगों की उम्मीदें दम तोड़ रही हैं। लोग बीमारियों के उपचार के लिए दूसरे राज्यों की ओर पलायन कर रहे हैं। निजी अस्पतालों पर उनकी निर्भरता बढ़ रही है। आर्थिक रूप से नागरिक और भी समस्या ग्रस्त हो रहे हैं।

2024 की तैयारियों पर होगा महामंथन

# आजसू के एक लाख पदेन पदाधिकारियों का होगा महाजुटान

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** आजसू पार्टी अक्टूबर में होने वाले महाधिवेशन के जरिये अगले वर्ष 2024 में होनेवाले चुनावों के लिए अपनी तैयारियों को परखेगी। इससे पहले पार्टी अपने संगठन को दुरूस्त करने के अलावे जनता के बीच राज्य सरकार के झूठ और लूट के विषय के साथ जाएगी। पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसे लेकर बताया कि यह वर्ष पार्टी के लिए संगठनात्मक तौर पर निर्माण का वर्ष है। पंचायत से भी निचले स्तर तक चूल्हा प्रमुख तैयार किए गये हैं। उम्मीद है कि 6-8 अक्टूबर को रांची में पार्टी के होनेवाले महाधिवेशन में एक लाख पदेन पदाधिकारी शामिल होंगे। इस दौरान राज्य के वर्तमान राजनीतिक परिप्रेक्ष्य को नए नजरिये से देखने के अलावे आगे चुनावी रणनीतियों पर भी चर्चा होगी। राज्य के जरूरी विषयों, उसके इतिहास, जनभावनाओं को जानने, समझने को पार्टी के स्तर से रिसर्च एंड एनालिसिस विंग की स्थापना की गयी है जो अहम है।देव शरण भगत ने कहा कि वर्तमान सरकार, राज्य के राजनीतिक हालात, चुनावी वादों और इसकी हकीकत किसी से छिपी नहीं है। सामाजिक न्याय के मुद्दों को लेकर आजसू पार्टी हमेशा मुखर रही है। स्थानीय और नियोजन नीति जैसे विषयों पर भी वह लगातार आवाज उठाती आयी है। वर्तमान सरकार ने स्थानीय नीति का जो हश्र किया है, वह सब देख रहे हैं। ऊपर से खतियानी जोहार यात्रा के जरिये वह सबों को गुमराह करने में लगी है।

झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष विजय शंकर नायक ने दी चेतावनी कहा

# शिक्षा अधिकार कानून से 2,588 बीपीएल वर्ग के दलित आदिवासी मूलवासी को जोड़े नहीं तो होगा आंदोलन

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** शिक्षा अधिकार कानून से 2,588 बीपीएल वर्ग के दलित आदिवासी मूलवासी एवं अन्य आर्थिक रूप से कमजोर स्वर्ण समाज के बच्चों को नामांकन से वंचित करने वाले सभी निजी स्कूलों की मान्यता समाप्त करें स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग नहीं तो आंदोलन किया जाएगा । उपरोक्त बातें आज झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष आदिवासी मूलवासी जन अधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष भाई विजय शंकर नायक ने कही । इन्होंने यह भी कहा कि वित्तीय वर्ष 2022- 2023 में राज्य के मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में कुल 9,974 सीटों पर बीपीएल वर्ग के दलित आदिवासी मूलवासी एवं आर्थिक रूप से कमजोर स्वर्ण समाज के बच्चों का नामांकन होना सुनिश्चित था मगर मात्र केवल 4,386 बच्चों का ही नामांकन निजी विद्यालयों में किया गया और 2,588 बच्चों का नामांकन नहीं किया गया जो जांच का विषय है किस परिस्थिति में इन वर्गों के बच्चों को नामांकन से वंचित किया गया।

श्री नायक ने आगे कहा कि सबसे खराब स्थिति राजधानी रांची का रहा जहां 1,213 बच्चों को नामांकन करना था जिसमें मात्र 636 बच्चों का ही नामांकन किया गया और 577 बच्चों का नामांकन नहीं किया गया दूसरे अस्थान में पूर्वी सिंबू सिंहभूम रहा जहां 1,540 बच्चों को नामांकन करना था जिसमें मात्र 983 बच्चों का ही नामांकन किया गया और 558 बच्चों को का नामांकन नहीं किया गया तीसरे स्थान में बोकारो जिला रहा जहां 528 बच्चों का नामांकन करना था जिसमें मात्र 308 बच्चों का नामांकन किया गया और 220 बच्चों का नामांकन नहीं किया गया चौथे स्थान में देवघर जिला रहा जहां 361 बच्चों का नामांकन करना था जिसमें मात्र 152 बच्चों का नामांकन किया गया और 209 बच्चों का नामांकन नहीं किया गया पांचवे स्थान में सरायकेला जिला जहां 354 बच्चों का नामांकन करना था मात्र 156 बच्चों का ही नामांकन किया गया और 198 बच्चों का नामांकन नहीं किया गया बांके अन्य जिलों की स्थिति खराब नहीं तो ठीक भी नहीं कहा जा सकता है ।

श्री नायक ने मुख्यमंत्री से मांग किया है कि बच्चों के फीस निर्धारण हेतु जो प्रस्ताव बनाकर दिया गया था पूर्व में वह आज तक लंबित है । उस प्रस्ताव पर अविलंब अपना स्वीकृति प्रदान करें ताकि बच्चों को स्कूल में फिश वृदि के साथ नामांकन हो सके।

**राजनीति** हेंमत सोरेन की तैयारी बीजेपी के कोर बोटरों को अपने पाले में लाने की कोशिश

# बोट बैंक के लेकर अभी से तेज हुआ झारखंड की राजनीति का पारा

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** राजनीति में वोट बैंक का अपना खेल होता है। सभी दल अपने लिए नए-नए वोट बैंक तैयार करने में लगे रहते हैं। नए वोट बैंक बनाने में पुराने वोटरों के शिफ्ट होने का भी खतरा रहता है, इसलिए राजनीतिक दल अपने परंपरागत वोटरों को इंटैक्ट रखने के साथ-साथ नए वोटरों को भी रिझाने की कोशिश करते हैं। कुछ इसी तरह की राजनीति इन दिनों झारखंड में दिख रही है।झारखंड में अगले साल विधानसभा चुनाव होना है। ऐसे में राजनीतिक दलों की ओर से तैयारिंयां शुरू हो गई है। बीजेपी के बड़े-बड़े रणनीतिकार यहां की चुनौतियों को देखते हुए यहां 2024 के लिए रोड मैप तैयार कर रहे हैं। अगल-अगल क्षेत्रों के लिए अगल-अलग रणनीति बनाई जा रही है। झारखंड में हेमंत सोरेन बीजेपी को बड़ी चुनौती दे रहे हैं। झारखंड में हेमंत सोरेन बीजेपी के विरूध उसी के हिंदू कार्ड के साथ मुकाबला करना चाहते हैं। पिछले एक महीने में हेमंत का हिंदू प्रेम कई मौकों पर दिखा है। हेमंत सोरेन ने पिछले दिनों रांची के तपोवन परिसर के जीर्णोद्धार का शिलान्यास किया है। यहां पर लगभग 15 करोड़ की लागत से रेनोवेशन का काम होगा। वहीं रविवार को ही रांची से सटे देवड़ी मंदिर परिसर के जीर्णोद्धार का भी उन्होंने शिलान्यास किया है। यहां पर 8 करोड़ की लागत से मंदिरा का कायाकल्प होगा। झारखंड विधानसभा बजट सत्र के अंतिम दिन अपने भाषण से भी हेमंत सोरेन ने हिंदू को लेकर बीजेपी पर निशाना साधा था। हेमंत सोरेन ने कहा कि बीजेपी हिंदू का हितैषी होने को ढ़ोंग करती है, असल में उनके लिए कुछ भी नहीं किया है। सिर्फ वोट लेने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाती रहती है। हेमंत सोरेन ने एक हफ्ते के अंदर विधानसभा में हिंदू को लेकर बीजेपी पर निशाना साधा और दो मंदिर परिसर के जीर्णोद्धार की शुरूआत करके यहां पर नई राजनीतिक समीकरण बनाने के संकेत दिए हैं। हिंदू बीजेपी का कोर वोटर माना जाते हैं और हेमंत उसी में सेंध लगाने की कोशिश कर रहे हैं। झारखंड में पिछले तीन सालों में कई जगहों पर जातीय हिंसा और धार्मिक हिंसा की घटनाएं घटी है। इन घटनाओं को लेकर बीजेपी हेमंत सोरेन पर लगातार तुष्टीकरण का आरोप लगाती रही है। हेमंत सोरेन की रणनीति में ताजा बदलाव इसके मद्देनजर भी महत्वपूर्ण है। हेमंत दिखाना चाहते हैं कि हम सिर्फ अल्संख्यकों, आदिवासियों या मूलवासियों के लिए ही नहीं सोचते या करते हैं बल्कि हिंदू के लिए काम करते हैं।झारखंड में इस बात की चर्चा है कि हेमंत सोरेन ने कांग्रेस के कोर वोटर को अपने पाले में कर लिया है। हेमंत सोरेन का अल्पसंख्यक प्रेम जग जाहिर है। हेमंत सरकार में कांग्रेस कोटे के मंत्री बन्ना गुप्ता मंच से इस को बात कह भी चुके हैं। वहीं कांग्रेस के कुछ विधायक भी हैं जिन्होंने इस तरह की बातें कही है कि हेमंत ने कांग्रेस पार्टी के वोट बैंक में सेंध लगाई है।: जब से झारखंड में ईडी की कार्रवाई शुरू हुई है। हेमंत सोरेन के बड़े-बड़े फैसले लेने का सिलसिला भी तेज हो गया है। हेमंत सोरेन ने ओल्ड पेंशन स्कीम, ओबीसी आरक्षण, मॉब लिंचिंग कानून, 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति पर फैसला लेकर बीजेपी के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। एक साल के अंदर हेमंत सोरेन ने कई बड़े फैसले लिए हैं, जिससे बीजेपी को अपनी रणनीति बदलने पर मजबूर होना पड़ा है। हेमंत के हिंदू कार्ड के इस नए प्रयोग का असर क्या होता है, इसके लिए 2024 तक का इंतजार करना होगा।

## पेज एक का शेष

### सभापति के बैठते ही .. ..

कार्यवाही शुरू करने से पहले महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में चार स्वर्ण पदक जीतने के लिए देश की महिला मुक्केबाजों की सराहना की और समूचे सदन तथा देशवासियों की तरफ से उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी । उन्होंने कहा कि निखत जरीन, लवलीना बोरगोहेन ,नीतू घनघास और स्वीटी बूरा ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को धूल चटा कर स्वर्ण पदक हासिल किया और खेलों के क्षेत्र में देश का नाम रोशन किया । उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरे देश के लिए गौरव का विषय है और इन मुक्केबाजों की यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत तो है ही बल्कि देश में नारी शक्ति के उदय का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि इस जीत से यह भी पता चलता है कि देश खेलों के क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि इन महिला मुक्केबाजों ने अपनी मेहनत और कौशल से देश का नाम रोशन किया है।

### इजरायल में नागरिक.. .. ..

अपनी बयानबाजी को लगातार बढ़ाया है, जिसमें रविवार को प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा प्रस्तावित सुधारों के विरोध में बोलने वाले अपने रक्षा मंत्री को बर्खास्त करने के बाद रविवार को चिंता के साथ देखना शामिल है। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के एक बयान में कहा गया है कि लोकतांत्रिक समाजों को नियंत्रण और संतुलन से मजबूत किया जाता है, और एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में मूलभूत परिवर्तन लोकप्रिय समर्थन के व्यापक संभव आधार के साथ किया जाना चाहिए। सोमवार की सुबह तक, बिडेन ने अभी तक इस मामले के बारे में सार्वजनिक रूप से बात नहीं की है, नेतन्याहू को सीधे न्यायिक प्रस्तावों के बारे में अपनी गहरी चिंता व्यक्त करना पसंद करते हैं, जिसमें पिछले सप्ताहांत उनके फोन कॉल के दौरान भी शामिल है। रविवार शाम व्हाइट हाउस लौटने पर उन्होंने इस्राइल के बारे में सवालों के जवाब देने से इनकार कर दिया। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति इस मुद्दे पर नेतन्याहू के साथ फोन पर बात भी कर सकते हैं। कुछ प्रगतिशील समूहों ने बिडेन प्रशासन से नेतन्याहू की योजनाओं के खिलाफ और अधिक मजबूती से बाहर आने का आह्वान किया है, यह तर्क देते हुए कि अमेरिकी राष्ट्रपति पद के वजन से घटनाओं को प्रभावित करने में मदद मिल सकती है। 90 से अधिक हाउस डेमोक्रेट्स ने भी इस महीने की शुरूआत में बाइडेन को पत्र लिखकर उनसे न्यायिक प्रस्तावों की कड़ी निंदा करने का आग्रह किया था। पत्र में कहा गया है, ह्लमौजूदा सरकार पर न्यायपालिका की जांच को खत्म करने के कगार पर केसेट के साथ, हम आपसे यह स्पष्ट करने का आग्रह करते हैं कि अमेरिका इस्राइली सरकार द्वारा लिये जाने वाले ऐसे किसी भी कदम का दृढ़ता से विरोध करेगा।

### एनआरसी लागू करने को.. ..

आईएमए कैथल में एकत्र हुए और एनआरसी लागू करने की मांग को लेकर नारेबाजी की।

छात्र संगठनों ने पहले इंफाल में सीएम बंगले के सामने विरोध प्रदर्शन किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें तितर-बितर कर दिया। फिर उन्होंने राजभवन और पास के भाजपा कार्यालय तक मार्च किया, एनआरसी की अपनी मांग को उठाते हुए पड़ोसी म्यांमार से आने वाली बाढ़ की जांच की। मणिपुर म्यांमार के साथ 398 किलोमीटर की सीमा साझा करता है। 'हमने एनआरसी के कार्यान्वयन और राज्य जनसंख्या आयोग की स्थापना के लिए तीन स्थलों पर अपना विरोध प्रदर्शन किया। कांगलीपाक स्टूडेंट्स एसोसिएशन (केएसए) के अध्यक्ष सुखम बिद्यानंद ने बताया, 'हम मुख्यमंत्री (एन. बीरेन सिंह) से नहीं मिल सके, क्योंकि वह स्टेशन से बाहर थे। राज्य विधानसभा ने पिछले साल अगस्त में सर्वसम्मति से एनआरसी के कार्यान्वयन और जनसंख्या आयोग की स्थापना के लिए दो प्रस्तावों को अपनाया था। बिद्यानंद ने कहा, हम जल्द ही अपने भविष्य के कदमों की घोषणा करेंगे। पूर्वोत्तर के सभी छात्र संगठनों की एक बैठक के बाद बिद्यानंद ने कहा कि छह छात्र संगठन अगले तीन-चार दिनों के भीतर दिल्ली के जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसमें केएसए के अलावा, रैली में भाग लेने वाले अन्य छात्र संगठनों में ऑल मणिपुर स्टूडेंट्स यूनियन , मणिपुरी स्टूडेंट्स फेडरेशन , डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स एलायंस ऑफ मणिपुर , स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ कांगलेपाक और अपुनबा इरेइपक्की महेरोई सिनपंगलुप शामिल थे।

### चुनावी चर्चा भी स्वास्थ्य .. ..

राज्य भर के 140 वयस्कों से एकत्र किए गए डेटा पर आधारित है। अध्ययन प्रतिभागियों को 30 दिनों के लिए हर दिन एक ऑनलाइन सर्वेक्षण भरने के लिए कहा गया था। 15 अक्टूबर से 13 नवंबर, 2018 तक – 2018 के मध्यावधि चुनाव से ठीक पहले और बाद के सप्ताह। शोध दल ने पाया कि अध्ययन प्रतिभागियों ने उन दिनों में खराब शारीरिक स्वास्थ्य की सूचना दी जब उन्होंने अग्रिम तनाव के उच्च स्तर की सूचना दी - जिसका अर्थ है कि उन्हें अगले 24 घंटों के भीतर चुनाव संबंधी तनाव का अनुभव होने की उम्मीद थी। इस बारे में न्यूपर्ट कहते हैं कि दूसरे शब्दों में, केवल संभावित तनाव की आशंका उन्हें और भी बुरा महसूस कराने के लिए पर्याप्त थी। यह अध्ययन अध्ययन प्रतिभागियों पर उनके स्वास्थ्य के बारे में आत्म-रिपोर्टिंग पर निर्भर करता है, लेकिन यह एक अच्छी तरह से स्थापित और व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाने वाला दृष्टिकोण है जो लगातार शारीरिक स्वास्थ्य और कल्याण का एक उद्देश्य संकेतक साबित हुआ है। अच्छी खबर यह है कि शोधकताओं ने पाया कि एक ऐसी रणनीति है जिसका उपयोग लोग तनाव की आशंका होने पर भी अपने स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद के लिए कर सकते हैं। इसे समस्या विश्लेषण कहते हैं। समस्या विश्लेषण, इस मामले में, जब लोग गंभीर रूप से सोचते हैं कि वे क्यों मानते हैं कि वे अगले 24 घंटों में चुनाव संबंधी तनाव का अनुभव करेंगे। न्यूपर्ट कहते हैं कि उदाहरण के लिए, अगर उन्हें लगता है कि वे अगले 24 घंटों में किसी परिचित के साथ चुनाव के बारे में बहस करने जा रहे हैं, तो वे सोच सकते हैं कि उनके पास वह तर्क क्यों होगा या वह तर्क क्या होगा। मूल रूप से, समस्या विश्लेषण मानसिक रूप से किसी भी समस्या का अनुमान लगाने के बारे में है। यहां बताया गया है कि समस्या विश्लेषण कितना प्रभावी था: उन दिनों में जब अध्ययन प्रतिभागियों ने तनाव का अनुमान लगाया था, लेकिन समस्या विश्लेषण में भी सक्रिय रूप से शामिल थे, प्रतिभागियों ने शारीरिक स्वास्थ्य में कोई गिरावट दर्ज नहीं की। अध्ययन के पहले लेखक और एनसी राज्य में पूर्व स्नातक ब्रिटनी जॉनसन कहते हैं कि हमने राजनीतिक अभिविन्यास और अध्ययन प्रतिभागियों की उम्र के लिए नियंत्रित किया। हमने यह नियंत्रित किया कि क्या वे वास्तव में उन दिनों में चुनाव संबंधी तनाव का अनुभव करते थे जब उन्होंने इसका अनुमान लगाया था। हमने अन्य प्रकार के तनाव की उपस्थिति के लिए नियंत्रित किया। कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप इसे कैसे काटते हैं, चुनाव से संबंधित तनाव की आशंका से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है पर इसका अपवाद दिखा कि जब लोग समस्या विश्लेषण में लगे हुए थे तो यह कम हुआ।

### अपने तरीके से .. ..

लिए सबसे बड़ी समस्या बारूदी सुरंगें थीं जो उसके 12 वर्ग मील के आसपास के खेतों में दब गई थीं। अब, अप्रैल की शुरूआत में बुवाई का मौसम शुरू होने से पहले अपने कुछ खेतों को साफ करने के लिए 69 वर्षीय उन्हें हाथ से खोद रहे हैं। वह मानते हैं कि वह डरे हुए हैं लेकिन उनकी मजबूरी है कि खेती करनी है। उन्होंने कई बारूदी सुरंग हटाये हैं। वह भी केवल एक मेटल डिटेक्टर का उपयोग करके जिसे उन्होंने खुद खरीदा था। वह खुद कहते हैं कि काम खतरनाक है, लेकिन उनके पास कोई अन्य विकल्प नहीं है। यह एक कठोर विकल्प है जिसका यूक्रेन भर के किसान सामना कर रहे हैं। फसल रोपने के लिए खेतों को तैयार करने के लिए इन किसानों का यह खतरा उठाना पड़ रहा है। हाल के महीनों में, दक्षिणी यूक्रेन के चेरवोन गांव के पास विस्फोटकों पर पैर रखने से एक 65 वर्षीय व्यक्ति सहित, कई कृषि श्रमिकों को उनके खेतों में काम करते हुए घायल या मारे गये हैं।

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र शिक्षा/धर्म

web : www.rashtriyakhabar.net
epaper.rashtriyakhabar.com

**शहर >> अपडेट**

## सदभावना समिति की बैठक सम्पन्न

**रांची:** सर्वधर्म सदभावना समिति के तत्वावधान में थड़पखना स्थित भोलू भाई के निवास पर मोईज अख्तर भोलू की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लालपुर थाना प्रभारी राजीव कुमार सहित चैती दुर्गा पूजा समिति, सर्वधर्म सदभावना समिति, सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी, सदभावना मंच के प्रमुख पदाधिकारी मुख्य रूप से भाग लिए कबैठक में आगामी रामनवमी, चैती दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित चैती जुलूस के साथ साथ पवित्र रमजान को आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ एक साथ मिल जुलकर ऐतिहासिक रूप से मनाए जाने का संकल्प लिया गया कलालपुर थाना प्रभारी राजीव कुमार ने प्रशासनिक स्तर पर हर सम्भव अपने पूर्ण सहयोग देने की बात कही ।

**राहत** ईसीजी की सुविधा 24 घंटे, इमरजेंसी 24 घंटे संचालित

# सदर हॉस्पिटल सुपरस्पेशियलिटी के नए ब्लाक का उद्घाटन

**राष्ट्रीय खबर**




**रांची:** मंगलवार को सदर हॉस्पिटल सुपरस्पेशियलिटी के नए ब्लाक का उद्घाटन किया जाना था। इसके लिए सभी तैयारियां भी पूरी कर ली गई थी। लेकिन वक्त पर न तो स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पहुंचे और न ही सांसद। इतना ही नहीं हर जगह उपलब्ध रहने वाले विधायक सीपी सिंह ने भी इस समारोह से दूरी बनाए रखी। इस बीच सिविल सर्जन रांची डॉ विनोद कुमार ने स्वास्थ्य मंत्री से अनुमति लेते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया और हॉस्पिटल के नये भवन को आम लोगों के लिए हैंडओवर कर दिया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर सुविधा देने की शुरूआत की गई है। आने वाले समय में इसे और अपग्रेड किया जाएगा। बताते चलें कि 15 साल बाद हॉस्पिटल का पूरा ब्लाक शुरू हो पाया है।सदर में एक अप्रैल से कार्डियोलॉजी, हेमैटोलॉजी, और जेनेटिक्स विभाग के डॉक्टर मरीजों को एडवाइज देंगे। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ राजेश कुमार झा हार्ट के मरीजों के इलाज के लिए उपलब्ध रहेंगे। हेमैटोलॉजी में डॉ अभिषेक रंजन मरीजों को देखेंगे। हेमैटोलॉजी में थैलेसिमिया, ब्लड कैंसर, सिकल सेल एनीमिया से ग्रसित मरीजों को बेहतर इलाज मिलेगा। वहीं जेनेटिक्स विभाग में डॉ अजय मलकानी जन्म से पहले नवजात बच्चों में होने वाली परेशानी को भांप कर उनका इलाज और जांच करेंगे।

सरकारी दर पर टीएमटी, ईसीजी और इको के लिए अब सिर्फ रिम्स पर आश्रित रहने की जरूरत नहीं होगी। सरकारी दर ही ये सभी इलाज व जांच की सुविधा मिलेगी। ईसीजी की सुविधा 24 घंटे मरीजों को दी जाएगी। सभी सुविधा 24 घंटे मिल सकेगी।सिविल सर्जन ने बताया कि हॉस्पिटल के ग्राउंड फ्लोर में ओपीडी और इमरजेंसी की सुविधा दी गई है। इमरजेंसी 24 घंटे संचालित रहेगा। इमरजेंसी में सभी सुविधाओं से लैस 16 बेड पर मरीजों का इलाज होगा। साथ ही बताया कि एनसीडी विभाग की शुरूआत की जाएगी।

जिसमें पेलेटिव केयर का ध्यान रखा जाएगा। इसमें डायबिटीज, बीपी, कैंसर के एंड स्टेज मरीजों को इलाज की सुविधा मिलेगी। इस केंद्र में मरीजों को अधिक तकलीफ न हो इसको लेकर विशेष ध्यान रखा जाएगा और उनके जीवन की अवधि को बढ़ाने की कोशिश की जाएगी। वहीं कई तरह के कैंसर जो दवा से ठीक हो सकेंगे। ऐसे मरीजों के लिए भी वार्ड बनाया गया है।

पिछड़ा वर्ग के छात्रों को मिलेगी प्री-मैट्रिक छात्रवृति

# नियमावली संशोधित, खर्च होंगे 100 करोड़

**राष्ट्रीय खबर**




**रांची:** झारखंड में अवस्थित सरकारी सहायता, अनुदान प्राप्त विद्यालयों गैर सरकारी अल्पसंख्यक, सामान्य सहायता प्राप्त सहित प्रारंभिक विद्यालयों, गैर सरकारी अल्पसंख्यक माध्यमिक विद्यालयों, अराजकीय प्रस्वीकृत मदरसों एवं संस्कृत विद्यालयों के कक्षा-1 से 10 में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को प्री मैट्रिक छात्रवृति योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए राज्य सरकर ने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की झारखंड राज्य प्री मैट्रिक छात्रवृति नियमावली 2022 में संशोघन की स्वीकृति दी है। 2022 के नियमावली में ये सारे स्कूल छूट गये थे जिसे अब संशोधित कर शामिल कर लिया गया है। प्री-मैट्रिक छात्रवृति भुगतान में इस वित्तीय वर्ष में 100 करोड़ रुपये व्यय होगा। जल्द ही सारी प्रक्रिया कर छात्र-छात्राओं को छात्रवृति दी जायेगी।

## झारखंड में अगले दो साल में एक लाख कुंओं का होगा निर्माण, सचिव की चेतावनी- कोई शिकायत नहीं मिले

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** ग्रामीण विकास विभाग के सचिव प्रशांत कुमार ने सभी उपविकास आयुक्तों को निर्देश देते हुए कहा है कि वे सुनिश्चित करें कि मनरेगा से संचालित सारी योजनाएं धरातल पर दिखाई दें। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार का बड़ा साधन मानते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि इस योजना के क्रियान्वयन में अब देरी की गयी तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सचिव ने सभी डीडीसी के साथ वीडियो कांफ्रेसिंग में समीक्षा करते हुए ये बातें कही गयी।सचिव ने मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं में काम करने वाल श्रमिकों को रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन के कारण हो रही परेशानी को एक सप्ताह में सुधारने का निर्देश दिया। प्रशांत कुमार ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा एक लाख कुओं का निर्माण किया जाएगा। जिलावार इसका लक्ष्य तय किया जायेगा। इसके लिए कूप निर्माण के लिए लाभुकों को सहायता राशि भी दी जायेगी। सिंचाई कूप निर्माण में सामग्री मद में पचास हजार रुपए प्रति कूप सहायता राशि लाभुकों को दी जायेगी। मुख्यमी हेमंत सोरेन के निर्देश पर बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धण योजना जिसका मनरेगा के साथ अभिसरण कर निर्माण कार्य किया जायेगा।

**न्यूज फटाफट**

## सुदेश महतो ने नीलाम्बर पीताम्बर के प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**रांची :** खरवार भोगता समाज विकास संघ रांची जिला समिति के तत्वावधान में मंगलवार को रांची मोरहाबादी के नीलांबर पीताम्बर पार्क में वीर नीलांबर पीताम्बर शाही भोगता का 165 वां शहादत दिवस मनाया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमृत भोगता एव संचालन अमृत खरवार ने किया।सर्वप्रथम अपने समाज की परंपरा के तहत प्रतिमा के सामने अपने कूल देवता का स्मरण करते हुए पाहन के द्वारा विधि विधान के साथ पूजा पाठ किया गया साथ ही अपना समाज के महिलाओं और पुरुषों द्वारा परंपरागत रूप से नृत्यगान कर महापुरुषो का श्रृद्धांजलि अर्पित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में झारखण्ड के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो एव विशिष्ट अतिथि आजसू के केंद्रीय प्रवक्ता डा. देवशरण भगत के द्वारा शहीदों के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रृद्धांजलि अर्पित किया गया साथ ही अन्य अतिथियों ने शहीदों के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।उसके बाद सभी अतिथियों के द्वारा बारी बारी कर श्रृद्धांजलि अर्पित किया गया।सुदेश महतो ने कहा कि देश की आजादी में नीलाम्बर पीताम्बर के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है।

## दीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चैती छठ महापर्व सम्पन्न

**रांची:** रातू प्रखण्ड के सिमलिया पंचायत में धूमधाम से चैती छठ महापर्व मनाया गया। मंगलवार को छठ व्रतियों ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इसके साथ ही चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व चैती छठ सम्पन्न हो गया। छठ महापर्व के अवसर पर भगवान भुवन भाष्कर को अर्घ्य अर्पित करते हुये राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि छठ महापर्व भारतीय संस्कृति का एक अनूठा उदाहरण है। उन्होने कहा कि चार दिनों तक चलनेवाला लोक आस्था का महापर्व छठ प्रकृति और मानव के बीच कड़ी का काम करता है। घर से छठ घाट तक की दूरी मेल मिलाप का होता है। वहीं पूजन कार्य में उपयोग की जाने वाली सामग्री प्रकृति के अनुकूल व समाज को जोडनेवाली होती है। इस पर्व में अमीरी गरीबी को भूल कर पूरे श्रद्धा सहित एक साथ मिलकर मनाते हैं। यह अपने आप में भारतीय संस्कृति का एक अनूठा उदाहरण है। उन्होने कहा कि छठ व्रत के सम्बन्ध में अनेक कथाएँ प्रचलित हैं। उनमें से एक कथा के अनुसार जब पांडव अपना सारा राजपाट जुए में हार गये, तब श्री कृष्ण द्वारा बताये जाने पर द्रौपदी ने छठ व्रत रखा। तब उनकी मनोकामनाएँ पूरी हुई तथा पांडवों को उनका राजपाट वापस मिला। उन्होने आगे कहा कि लोक परम्परा के अनुसार सूर्यदेव और छठी मइया का सम्बन्ध भाई-बहन का है। छठ घाट पर समाजसेवी रूबी सिंह, अरबिंद बर्नवाल, छठव्रती नीतू बर्नवाल, श्यामा रानी, पूजा कुमारी, सतीश बर्नवाल, महेंद्र बर्नवाल, सोनू कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## शिक्षा जरूरी है तो सही उम्र में शादी भी जरूरी, नहीं तो आगे चलकर पछताओगे : मनुश्री महाराज

**रांची :** हेहल में रूपा शाहदेव के पैतृक भूखंड पर चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ सह श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन मंगलवार को मां कालरात्रि का पूजन पूरे विधि-विधान से किया गया। यज्ञ मंडप में यज्ञाचार्य नागेंद्र नाथ ओझा व सह यज्ञाचार्य निरंजन दास मिश्र ने सभी यजमानों की उपस्थिति में मां भगवती के इस स्वरूप की पूजा की और वैदिक मंत्रों से उनका आवाहन किया। महायज्ञ में वृंदावन से पधारे संत मनुश्री सिंह महाराज ने मां भगवती के भजन से अपने सत्संग कार्यक्रम की शुरूआत की।



# शहर >> अपडेट

## स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

**मरकच्चो**: गांवों तक स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो परिसर में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला का उद्घघाटन प्रखण्ड प्रमुख बिजय कुमार सिंह, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पप्पु रज्जक, मुखिया रणजीत कुमार सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्रदीप बैठा ने संयुक्त से फीता काटकर किया।

# क्राइम शॉर्ट अपडेट्स >>

## मोबाईल चोरी का आरोपी युवक गया जेल

**शिकारीपाड़ा**: मोबाईल चोरी के आरोप में शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र पुलिस एक आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दी है। गिरफ्तार आरोपी साहिबगंज के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के लक्ष्मण कुमार राय है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के साप्ताहिक हाट कुशपहाड़ी गांव के जोसफ हेम्ब्रम नामक एक ग्रामीण का मोबाइल चोरी कर रहे एक युवक को लोगों ने पकड़ लिया। जोसेफ भालकी गांव का रहने वाला है । जैसे ही उसका मोबाइल गायब हुआ। लोगों ने चोर को पकड़ लिया।

## हाईवा ट्रक में लगी आग

**झुमरीतिलैया**: थाना क्षेत्र अंतर्गत महतोआहर गझण्डी रोड स्थित तुलषयान फैक्ट्री के नजदीक मंगलवार की सुबह पत्थर लदे हाइवा ट्रक में आग लगने के कारण चालक गंभीर रूप से झुलस गया। जानकारी के अनुसार लालमनदिग्थु, थाना चंदवारा निवासी विनोद यादव, पिता अनिल यादव पत्थर लोड कर हाईवा से गझण्डी रोड की ओर जा रहा था। इसी दौरान 11 हजार वोल्ट के तार की चपेट में आने से हाईवा में आग लग गई, जिससे चालक गंभीर रूप से झुलस गया। वही घटना के बाद हाइवा धू-धु कर जल गया।

# संक्षिप्त >> अपडेट्स

## एसडीओ, एसडीपीओ ने किया निरीक्षण

**कोडरमा**: कोडरमा एसडीओ संदीप कुमार मीणा एवं एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर ने रामनवमी जुलूस को लेकर कई स्थल का निरीक्षण किया। मौके पर बीडीओ रेशमा डुंगडुंग, सीओ अनिल कुमार, कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम समेत अन्य ने कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा बाजार, जलवाबाद, नगरखारा आदि क्षेत्रों का जायजा लिया। रामनवमी जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो इसके लिए एसडीओ ने शांति समिति सदस्यों और सामाजिक लोगों के साथ बात चीत के साथ रामनवमी जुलूस रूट के बाबत अन्य कई प्रकार की जानकारी भी ली। वहीं जलवाबाद जामा मस्जिद व अन्य चौक चिराहे पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे की जांच की। इस दौरान एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर ने कहा कि रामनवमी का त्योहार शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं और सभी लोग एक दूसरे के धार्मिक भावनाओं का ख्याल रखें।

## निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**मरकच्चो**: रामनवमी पूजा को लेकर मंगलवार को मरकच्चो में प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर परिसर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बजरंग दल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारतीय जनता युवा मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में भव्य मंगला शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर मोटरसाइकिल पर सवार होकर हजारों की संख्या में लोग शामिल थे। शोभायात्रा के दौरान एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम जय श्रीराम, धर्म की जय हो अधर्म का नाश हो जैसे नारे लगाए जा रहे थे। शोभायात्रा दुर्गा मंदिर परिसर से निकलकर पूरे गांव में रामनवमी मंगला शोभा यात्रा भ्रमण किया। शोभा यात्रा का नेतृत्व समाजसेवी रविशंकर तिवारी मंटू कर रहे थे।

# अवैध बालू लदे ट्रैक्टर व बोलेरो में सीधी भिड़ंत, बाल-बाल बचे चालक

राष्ट्रीय खबर



**कसमार**: कसमार थाना क्षेत्र अंतर्गत मेन रोड मोचरो में सोमवार देर रात्रि एक बोलेरो एवं अवैध बालू लदे ट्रैक्टर में सीधी भिड़ंत हो गई जिससे दोनों ही वाहनों का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये। वही दोनों वाहनों के चालक घटना में बाल-बाल बच गए हैं हालांकि बोलोरो वाहन चालक सागर कपरदार मामूली रूप से घायल है। उसे 108 एंबुलेंस से सदर अस्पताल बोकारो भेजा गया है। बताया जाता है कि घटना रात्रि करीब 9 बजे की है। बोलेरो वाहन चालक कसमार की ओर से सवारी छोड़कर अपना घर पोंडा लौट रहा था। वहीं ट्रैक्टर अवैध बालू लिये बहादुरपुर की ओर से जा रहा थी। इस बीच मोचरो सामुदायिक भवन के निकट मोंड में दोनों आमने-सामने जोरदार भीड़ंत हो गया। जिससे दोनों वाहनों का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया वही बोलरो वाहन चालक को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रैक्टर पेटरवार थाना क्षेत्र का खेतको गांव का बताया जा रहा है। जहां दामोदर नदी से अवैध बालू लिए कसमार की ओर आ रहा था। कसमार थाना पुलिस घटनास्थल पर जाकर स्थानीय लोगों से घटना की जानकारी ली और दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

# हेमंत सरकार की लूट और झूठ की पोथी का पदार्फाश करेंगे: सुदेश

**पूरे राज्य में जन पंचायत लगायेगी आजसू**

राष्ट्रीय खबर




**चांडिल** : आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि झूठ की पोथी पेश कर जनादेश हासिल करने वाली हेमंत सोरेन सरकार में लूट किस कदर हावी है, इसका पदार्फाश जनता के बीच में जाकर करेंगे। सरकार की नीति, निर्णय और मंशा का कच्चा चिट्ठा भी खोलेंगे। आजसू पार्टी ने कार्यक्रमों की व्यापक रूपरेखा तय की है। इसी सिलसिले में राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में जन पंचायत लगायी जायेगी।

आज जमशेदपुर में पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने तीन साल में जनादेश के साथ बड़ा छल किया है। नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। मुख्यमंत्री ने नियोजन नीति के नाम पर अपना पॉलिटिकल एजेंडा सेट करने की कोशिश में सब कुछ उलझा कर रख दिया है । विशेष सत्र बुलाकर किसी भी दल का विचार नहीं सुना गया। विकास के तमाम मानकों पर झारखंड लगातार पिछड़ रहा है। सरकारी संरक्षण में लूट का बोलबाला है अराजकता का नेतृत्व खुद मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कर रहे हैं। शासन-प्रशासन का वातावरण इतना बिगड़ चुका है कि इन बीस महीनों में राज्य का भारी नुकसान ही होगा। इसलिए राज्य हित में पार्टी के हर स्तर के कार्यकर्ता और पदाधिकारी सरकार के खिलाफ मोचार्बंदी करें।

आजसू पार्टी 13 अप्रैल को राज्य के सभी जिलों में आक्रोश मार्च निकालेगी। नियोजन नीति उलझाये रखने और वेकैंसी, परीक्षाओं, रिजल्ट के इंतजार में लाखों युवाओं के सपने से खिलवाड़ के खिलाफ यह आक्रोश मार्च असरदार होगा।

आजसू पार्टी ने केंद्रीय कार्य समिति की बैठक में दो टूक कहा कि जातीय जनगणना से सरकार नहीं भागे ओबीसी आरक्षण का यही सही मापदंड हो सकता है। बिना ट्रिपल टेस्ट सरकार ने पंचायत चुनाव कराया और अब नगर निकाय चुनाव में भी वह ट्रिपल टेस्ट से बचना चाह रही है। जबकि आजसू पार्टी सड़क से लेकर सदन में इस विषय पर अपनी आवाज मुखर करती रहेगी।

# आजसू ने मनाया निलांबर पितांबर की शहादत दिवस



राष्ट्रीय खबर

**चास**: भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक निलाम्बर पिताम्बर शहादत दिवस पर आजसू पार्टी ने जरीडीह प्रखंड के जैनामोड स्थित अपना मार्केट स्थित कार्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित की व माल्यार्पण किया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अरुण महतो ने की। मौके आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष सचिन महतो ने कहा कि 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के बीरभूमी मे अपने प्राणों की आहुति देने वाले झारखंड की धरती पर जन्मे वीर योद्धाओं को सत सत नमन करते हैं। कम संशाधन में गुरिल्ला युद्ध लड कर अंग्रेजी हुकूमत को धुल चटाने वाले योद्धा पलामू जिले के चेमो शन्या गांव में जन्म लेकर झारखंड की भूमि को धन्य किया। और छल से पकड़े गए योद्धाओं ने लेस्लीगंज वर्तमान में निलांबर पितांबर पुर में मुस्कराते हुए फांसी के फंदे पर झुल गये। इनकी शहादत भारतीय आजादी में स्वर्ण अक्षरों से इतिहास के पन्नों पर चमक रहे हैं। आज ही के दिन 28 मार्च 1859 को अंग्रेजों ने दोनो को फांसी में चढ़ा दिया था, उसी दिन से पूरे भारतवर्ष नीलांबर पीतांबर का शहादत दिवस मनाया जाता है। कहा कि हमें गर्व है अपने वीर सपूतों पर कि आपके बदौलत भारतवर्ष आज स्वतंत्र है और हम अपना आजादी का अमृत वर्ष मना रहे हैं।

# 195 दिव्यांगों को बांटे गए कृत्रिम उपकरण



राष्ट्रीय खबर

**चास**: मारवाड़ी पंचायत भवन चास में श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, मारवाड़ी पंचायत चास तथा मारवाड़ी विकास ट्रस्ट धनबाद के सौजन्य से चल रहे विकलांग सेवा शिविर के तीसरे दिन भी बड़ी संख्या में विकलांग भाई बंधु पंहुचे। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य शारीरिक रूप से अक्षम लोगों का शारीरिक, सामाजिक और आर्थिक पुनर्वास है, विशेष रूप से संसाधनहीन विकलांग भाई बंधु, सम्मान का जीवन जी सकें और राष्ट्र व समाज के निर्माण में सहायक बन सकें। 30 मार्च तक चलने वाले इस सेवा शिविर के तीसरे दिन डॉक्टरों द्वारा जांच के उपरांत कृत्रिम पैर 25, कृत्रिम हाथ 6, कैलिपर 15, ट्राई साइकिल 11, व्हीलचेयर 25, कान की मशीन 93, छड़ी 5, और बैसाखी 15 विकलांग बंधुओं को दिया गया है। इस कार्यक्रम में कार्यकर्ता के रूप में श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता शिविर के अध्यक्ष ललित केडिया एवं राजेंद्र अग्रवाल, अशोक अग्रवाल , मुकेश भगेरिया, विकास अग्रवाल, गोपाल टमकोरिया, प्रिया केजरीवाल, वर्षा पी पुरिया आदि मौजूद थे।

# किशोरी के अपहरण व हत्याकांड का फरार आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**सीएम से मिली दु:खयारी मां, लेकिन पुलिस नहीं कर सकी फरार आरोपी की गिरफ्तारी**

**विधायक बसंत के फोन घुमाने के दूसरे दिन फरार आरोपी की हुई गिरफ्तारी**



राष्ट्रीय खबर

**दुमका**: चर्चित किशोरी अपहरण व हत्याकांड के मामले में जरमुंडी पुलिस एक फरार आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दी। गिरफ्तार आरोपी देवघर जिला के मोहनपुर थानपा क्षेत्र के अतवारी गांव निवासी नितेश यादव है। पुलिस किशोरी की मां गायत्री देवी के लिखित शिकायत पर आरोपी के खिलाफ बीते 8 जनवरी को अपहरण के मामले में कांड संख्या 4/23 के तहत अपहरण का मामला दर्ज की थी। मामले में पुलिस एक आरोपी सुनील यादव को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी। गौरतलब हो कि थाना क्षेत्र के बासुकीनाथ धाम मंदिर में रह अपनी एकलौती संतान के साथ महिला रहती थी। महिला किसी प्रकार 14 वर्षीय बेटी के साथ रहती थी। पति के छोड़ने के बाद से बिहार की रहने वाली गायत्री देवी और उसकी बेटी किसी प्रकार गुजर वसर करती थी। एक दिन अचानक बेटी घर से गायब हो गई थी। मामले को लेकर पीड़िता 28 दिसंबर को लेकर थाना पहुंची थी। पीड़िता की माने तो आरोपियों के दबंग होने के कारण पुलिस प्राथमिकी दर्ज नहीं कर रही थी। इसको लेकर पीड़िता एसडीपीओ से लेकर एसपी मुख्यालय तक इंसाफ की गुहार लगाते हुए बेटी की बरामदगी का गुहार लगाती रही। बाद में एसपी के निर्देश पर 8 जनवरी को मामला दर्ज हुआ। जिसके बाद पुलिस हरकत में आते हुए किशोरी की तलाश में जुट गई थी। बाद में किशोरी का शव पुलिस बिहार के जयपुर थाना क्षेत्र से बरामद करते हुए दो आरोपियों सुनील और नितेश यादव को गिरफ्तार करने में सफल रही।

# छात्रा के लिए मददगार बनी खाकी

**थाना प्रभारी सुगना मुंडा ने छात्रा को भेंट किया साईकिल व किताबें**

राष्ट्रीय खबर



**हंसडीहा**: एक बार फिर खाकी की संवेदशील चेहरा सामने देखने को मिला है। अमूमन खाकी के प्रति लोगों का डर और खौफ की कहानियां आये दिन समाने आती रहती है। लेकिन समय-समय पर पुलिस-पब्लिक मिटिंग समेत विभिन्न आयोजन कर पुलिस लोगों से दोस्ताना रिस्ता कायम करने का बखूबी प्रयास करती रही है। कुछ हद तक लोगों के मन से पुलिस के प्रति भय दूर भी हुआ है। इससे एक कदम आगे बढ़कर दुमका पुलिस बेसहारा और गरीब-गुरूबो के लिए मसीहा के रूप में मददगार भी साबित हो रहा है। इस बार ऐसी ही संवेदनशीता की कहानी हंसडीहा पुलिस की सामने आयी है। जहां खाकी एक छात्रा के पढ़ाई के रास्ते में आने वाले रोड़ा को दूर कर मददगार बनी। थानाध्यक्ष ने आदिवासी गरीब छात्रा को स्कूल आने-जाने में हो रही परेशानियां और किताबों की कमी के कारण पढ़ाई पूरी करने में हो रही कठिनाईयों से अवगत होकर दूर करते हुए न्यू साईकिल और किताब उपहार स्वरूप भेंट किया। जिसे पाकर छात्रा और उसके परिजन के चेहरे पर एक नई खुशी लौट आई। दरअसल हंसडीहा थाना प्रभारी सुगना मुंडा बीते सोमवार को गश्ती के दौरान थाना क्षेत्र से करीब 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित आदिवासी बहुल गांव गरडी पहुंचे थे। इसी बीच 9 वी कक्षा की छात्रा बिटिया मरांडी पुलिस वेन के करीब पहुंची। थाना प्रभारी के समक्ष बोली की सर में पढ़ना चाहती हूं। गांव से मेरा विद्यालय करीब चार किलोमीटर दूर है। पैदल जाने में बहुत समय लग जाता है और कभी कभी तो देर से पहुंचने पर क्लास भी छूट जाता है और गरीबी के कारण समुचित किताबें भी नहीं है। बच्ची की बातों को सुन थाना प्रभारी भावुक हो गए। छात्रा को मदद का आश्वासन देकर लौट आये। फिर हंसडीहा बाजार से न्यू साईकिल और कुछ किताबें खरीद कर छात्रा को भेंट स्वरूप दिया। यहां बता दें कि छात्रा के घर के हालात दयनीय है। घर में बुजुर्ग पिता मजदूरी कर और मां दूसरों के घरों में काम कर किसी तरह दो वक्त की रोटी जुगाड़ कर घर चलाते हैं।

# न्यूज फटाफट

## मध्यस्थता से सुलझा भूमि विवाद

**रांची** : मध्यस्थता के माध्यम से वाद संख्या ओ.एस. 341/2021 को सफलतापूर्वक सुलझा लिया गया। यह वाद माननीय न्यायालय श्रीमति अंजु कुमारी मिंज के न्यायालय से मध्यस्थता के लिए आया था, जिसे मध्यस्थ नीलम शेखर को मध्यस्थता के लिए सौंपा गया। यह वाद टाईटल सूट था। वादी द्वारा अपने जमीन के लिए प्रतिवादीगण के विरूद्ध न्यायालय में दायर किया गया था। उक्त वाद उपरोक्त जमीन प्रतिवादी द्वारा 1964 में गलत तरीके से अपने नाम से रजिस्ट्री करा लिया गया था। यह समझौता उस रजिस्ट्री को रद्द कराकर वापस वादी को मालिकाना हक सौंपने पर हेतु सम्पन्न हुआ। उक्त वाद को सुलझाने में मध्यस्थ नीलम शेखर एवं दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं का महत्वपूर्ण भूमिका रहा।

## 30 मार्च को निकालेगी शोभा यात्रा सह बाइक रैली

**चांडिल** : श्रीराम सनातन समिति द्वारा चांडिल बाजार में 30 मार्च को विशाल शोभायात्रा सह बाइक रैली निकाली जाएगी। उक्त बात की जानकारी मंगलवार को चांडिल स्थित होटल राहुल पैलेस में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में श्रीराम सनातन समिति के अध्यक्ष आकाश महतो ने दी। उन्होंने कहा इस कार्यक्रम में अंतराष्ट्रीय जूना अखाड़ा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत विद्यानंद सरस्वती मुख्य रूप में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि नीमडीह प्रखंड के पितकी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर से कॉलेज मोड़ बजरंग बली मंदिर तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में भारत माता, छौ नृत्य, अयोध्या राम मंदिर, शिव पार्वती, बजरंग बली की झांकी रहेगी। वहीं, शोभायात्रा की अगुवाई महिलाओं द्वारा किया जाएगा। आकाश महतो ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के हजारों रामभक्त शामिल होंगे। श्रद्धालुओं के लिए चना, गुड़, शर्बत की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई हैं। समिति की ओर से चांडिल बाजार से स्टेशन तक जगह जगह भगवा ध्वज लगाया जा रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में समिति के महासचिव विमलेश मंडल, कोषाध्यक्ष सजल कर्मकार, मीडिया प्रभारी अजय गुप्ता, सह सचिव विद्याधर गोप, सूरज मिश्रा, शांति मोदक, मिथुन रूही दास आदि उपस्थित थे।

## रामनवमी को लेकर निकाला फ्लैग मार्च

**नामकुम** : प्रखंड के टाटीसिलवे में रामनवमी त्योहार को लेकर मंगलवार को फ्लैग मार्च निकालकर पुलिस ने लोगों को सुरक्षा व्यवस्था का एहसास कराया। फ्लैग मार्च पुलिस निरीक्षक सह टाटीसिलवे थाना प्रभारी महेन्द्र करमाली की अगुवाई में निकाली गई। वहीं फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू होकर विभिन्न मार्ग चौक चौराहों का भ्रमण करते हुए वापस थाना लौटी। फ्लैग मार्च का नेतृत्व कर रहे पुलिस निरीक्षक ने आमजनों से मिलकर आपसी सौहार्द के साथ रामनवमी त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिस रामनवमी को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है। फ्लैग मार्च के माध्यम से इलाके में शांति व्यवस्था बरकरार रखते हुए पर्व को आपसी सौहार्द वातावरण में मनाने का संदेश दिया । उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर है। अफवाहों पर ध्यान नहीं देना है। वहीं शांति व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही।

## 501 महिलाएं ने निकाली कलश यात्रा

**चांडिल** : श्रीश्री 108 खेलाई चंडी बासंती पूजा समिति के द्वारा मंगलवार को महासप्तमी के अवसर पर बामनी नदी से कालेज स्थित मंदिर तक विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा मे 501 महिलाएं पारम्परिक परिधान मे शामिल हूई। कलश यात्रा में श्री श्याम कला भवन चांडिल के अध्यक्ष संजय चौधरी, कदमड़ीह दुर्गा पूजा के अध्यक्ष गणेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि विशाल चौधरी समाजसेवी दुर्गा चौधरी, पिन्टू वर्मा शामिल हुए। पुजारी उज्ज्वल बनर्जी के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के बाद बामनी नदी से गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा डैम रोड होते हुए कालेज स्थित मंदिर पहुचने पर विधिपूर्वक पूजा अर्चना किया गया। साथ ही सभी कलश यात्रियो के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। माहा सप्तमी के अवसर पर माता की पालकी के साथ निकली कलश यात्रा का कई जगहों पर धुप दीप से अगवानी की गई।

## कृषि विभाग की समीक्षात्मक बैठक डीसी ने किया

**दुमका**: कृषि विभाग की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय परिसर में डीसी रविशंकर शुक्ला के अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में डीसी ने कहा कि कृषि ऋण माफी योजना का लाभ सभी सुयोग्य लाभुकों को मिले इसे सुनिश्चित करें। लाभुक द्वारा कृषि ऋण माफी योजना का लाभ लेने हेतु दिए गए आवेदनों की आवश्यक जांच की जाये एवं त्रुटियों को ठीक करते हुए उक्त योजना का लाभ दिया जाये। निदेश दिया कि वैसे सभी आवेदन जिनके जांच में उक्त नाम के किसी व्यक्ति के नहीं होने से संबंधित शिकायत प्राप्त हो रही है, उन्हें अविलंब रद्द कर दिया जाये। डीसी ने कहा कि वैसे सभी बैंक जिनके पास उक्त योजना से संबंधित आवेदन अधिक संख्या में लंबित हैं। उनके साथ बैठक करें ताकि आवेदनों का निष्पादन जल्द से जल्द किया जा सके। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग की वैसी सभी योजनाएं जिनमें सरकार लाभुक को सब्सिडी पर उपकरण आदि उपलब्ध कराती है,का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाय ताकि अधिक से अधिक लाभुकों को योजना का लाभ मिल सके।

## जन कल्याण कार्यक्रम का आयोजन

**तमाड**: रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र में 26 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल र्सीर्समवाय बासुकोचा के द्वारा मंगलवार को जन कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमान्डेंट एस डी शेर खानी के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें कार्यक्रम के तहत सामग्री का वितरण किया गया, जिसमें स्कूल के बच्चों को,नोट बुक, डिक्शनरी, आदि वितरण किया गया।कार्यक्रम में कानडेबुरू स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। और साथ ही साथ गांव के ग्रामीण के बिच भी सी समवाय बासुकोचा कैम्प के अंतर्गत आने बाले गांव लवोदा, रायदा, जारगो,गांगो, बासुकोचा, के बिच भी समाग्री का वितरण किया गया।सामग्री वितरण में सोलर लाईट, स्प्रे मशीन,जूता, होंकी, पौधे और भी इत्यादि समाग्री का वितरण किया गया। जिसमें निरीक्षक जगन्नाथ उरांव, उप निरीक्षक कश्मीर सिंह, सहायक उपनिरीक्षक विनोद लाल, मुख्य आरक्षी दयानंद,अमीत तिवारी, रंजीत घोष,संजय उरांव,रौशन वाड़ा, और अन्य बल कर्मी, मौजूद थे साथ ही साथ आस पास के क्षेत्र के आने बाले ग्रामीण और मुखिया सरपंच इस वितरण समारोह में उपस्थित थे।

# 113 इस्पात कर्मियों को दीर्घकालीन सेवा पुरस्कार समारोह में किया सम्मानित

राष्ट्रीय खबर



**बोकारो**: बोकारो स्टील प्लांट में 25 सालों की सेवा दे चुके 113 इस्पात कर्मियों को मंगलवार को आयोजित दीर्घकालीन सेवा पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया गया। मानव संसाधन विकास के प्रेक्षागृह में आयोजित इस समारोह में बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेंदु प्रकाश, अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) सीआर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) अमिताभ श्रीवास्तव, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद, मुख्य महाप्रबंधक तथा अन्य वरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। समारोह के आरंभ में मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) हरी मोहन झा ने सभी का स्वागत किया। निदेशक प्रभारी श्री प्रकाश ने अपने संबोधन में 25 वर्षों की सेवा पूरी कर चुके कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई दी और कहा कि बोकारो इस्पात संयंत्र एक संगठन मात्र नहीं, परंतु एक परिवार है। उन्होंने दीर्घकालीन सेवा सम्मान प्राप्त कर रहे कर्मियों को अपने अनुभव संयंत्र से जुड़ रहे नए कर्मियों से साझा करने का आह्वान भी किया।

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र झारखंड

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### माता मंगला के जयकारों से भक्तिमय हुआ अरगड्डा

**गिद्दी** : रोलर चौक अरगड्डा स्थित मां मंगला मंदिर के दूसरी वर्षगांठ पर मंगलवार संध्या 51 महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। जबकि इससे पूर्व पुजारी कुणाल बाबा, रितेश करमाली आदि के द्वारा विधिवत पूजा पाठ किया गया। गाजे-बाजे के साथ धर्म की ध्वजा थामें भक्तों ने मां मंगला की जमकर जयकारे लगाए।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### सीसीएल ढोरी ने गुजरडीह में लगाया मेगा हेल्थ कैंप

**बेरमो** : सीसीएल ढोरी क्षेत्र अंतर्गत केंद्रीय अस्पताल ढोरी की ओर से एनसीआरएपी के तहत बुधवार 28 मार्च को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन गुजरडीह में किया गया। शिविर मे डॉ.अभिमन्यु साकेतने कुल 122 लोगों की स्वास्थ्य जांच की और जरूरतमंदों को मुफ्त दवाएं भी दी। मौके पर ढोरी एरिया के सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार ने कहा कि सीसीएल सिर्फ कोयला उत्पादन ही नहीं करती, बल्कि सामाजिक दायित्व का भी निर्वहन करती है। कोलियरी के आसपास गांवो में सीएसआर के तहत शिक्षा, चिकित्सा सहित मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराती है। सीसीएल का निरंतर प्रयास रहा है कि जिस क्षेत्र में कोयला का खनन किया गया है, उससे प्रभावित परिवारों के बीच पानी, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई जाए। इसी उद्देश्य के साथ पपलो में मेगा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। अन्य गांवों में भी यह सिलसिला लगातार जारी है। मौके पर फार्मासिस्ट चंद्रकांत प्रसाद, रीता देवी, मो.अफरोज आलम,हरि महतो सहित कई अस्पताल कर्मी शामिल? हुए।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत सात लाभूको के बीच बांटे गए सुकर

**बेरमो /पेटरवार** : पेटरवार मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के सात लाभुको के बीच सुकर का वितरण मुख्य अतिथि प्रखंड उप प्रमुख सीमा देवी, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष मुकेश कुमार महतो व जिप सदस्य अशोक मुर्मू ने सोमवार को पशु चिकित्सालय परिसर में किया। लाभुको को जो सुकर दिया गया उसमें चार मादा ओर एक नर शामिल है। सुकर के साथ-साथ एक- एक लाभुक को आठ बोरा खाद्दय सामग्री, टोकरी, गमला ओर बाल्टी भी उपलब्ध कराया गया। जिन लाभुको के बीच अनुदान पर सुकर दिया गया उसमें चलकरी के राजेश रविदास, ओरदाना की बबीता देवी, सदमा कला पंचायत के बंधु घांसी, अजीत कुमार घांसी, अरुण कुमार कमार एवं पिछरी के धुन्नू हांसदा के नाम शामिल है। मुख्य अतिथि ने कहा कि झारखंड सरकार की यह कल्याण कारी योजना है। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना को लागू करने के पीछे सरकार की मंशा है कि सुकर पालन कर लोग रोजी रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़े और आत्मनिर्भर बन सके। इस अवसर पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनंत सागर, भ्रमणशील पशु चिकित्सक डॉ ललिता कुमारी सहित लाभुक मौजूद रहे।

### पीसीसी पथ निर्माण के लिए मुखिया ने नारियल फोड़कर किया शिलान्यास

**गिद्दी** :डाड़ी प्रखंड के गिद्दी पंचायत क में 15वीं वित्त योजना के तहत पीसीसी सड़क निर्माण के लिए मुखिया कविता सिंह के द्वारा वार्ड न.01 में सूरजदेव मिश्रा का घर से लेकर मध्य विद्यालय बालक के गेट तक तकरीबन 350फीट पीसीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया गया। मुखिया कविता सिंह ने बताया कि उक्त पीसीसी पथ के निर्माण के अध्यक्ष जब्बार अंसारी तथा सचिव विजय कुमार मिश्रा हैं।

**तैयारी** > उपायुक्त ने रामनवमी को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर विधि व्यवस्था की जानकारी ली

# थाना प्रभारी एवं पुलिस निरीक्षक को सख्त निर्देश

▶▶ **रामनवमी पर्व हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाएं**

**राष्ट्रीय खबर**



**तेनुघाट** : तेनुघाट ओपी क्षेत्र सहित बेरमो अनुमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में रामनवमी को लेकर बोकारो जिला उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार झा के द्वारा भ्रमण कर विधि व्यवस्था की जानकारी ली साथ मे अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतीस चंद्र झा निरीक्षण कर जानकारी ली। उन्होंने बताया कि रामनवमी पर्व हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाएं तथा इसमें किसी भी प्रकार का अनहोनी ना हो इसके लिए पहले से सावधानियां बरती जा रही है। इसको लेकर सभी थाना प्रभारी एवं पुलिस निरीक्षक को सख्त निर्देश दिया गया है। तथा ग्राम वासियों से अपील किया है।

कि अगर कोई आपराधिक तत्वों के व्यक्ति सामने या नजर आएं तो उन्हें जिला प्रशासन को तुरंत सूचना दें तथा किसी भी प्रकार का अफवाह में ना पड़े, व्हाट्सएप ग्रुप से दूर रहें व्हाट्सएप ग्रुप में यदि किसी प्रकार की अफवाह आती है तो सबसे पहले प्रशासन को सूचना एवं संपर्क करें।

## श्री श्री रुद्र नारायण महायज्ञ में शामिल हुए : योगेंद्र



**राष्ट्रीय खबर**

**तेनुघाट** : मंत्री(दर्जा प्राप्त) योगेंद्र प्रसाद महतो पेटरवार प्रखंड अंतर्गत चांपी पंचायत पहुंचे। जँहा आयोजित श्री श्री रुद्र नारायण महायज्ञ में शामिल हुए। उन्होंने यज्ञ मंडप में मत्था टेका और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इस दौरान पुरोहितो ने उनके ललाट पर टीका लगाकर आशीर्वाद दिया। इस दौरान यज्ञ समिति ने योगेंद्र प्रसाद महतो का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

मौके पर योगेंद्र प्रसाद महतो ने कहा कि अनुष्ठानों से वातावरण सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। ईश्वर के प्रति आस्था और प्रगाढ़ होती है एवं मानव कल्याण की भावना भी जागृत होती हैं

## दुर्गा मंदिर से दिव्य कलश यात्रा निकली



**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो /गोमिया** : गोमिया पंचायत के मध्य दुर्गा मंदिर (गंधुनिया अहरा) में चैत्र नवरात्र में माता के नौ स्वरूपों की पूजा विधिवत धूमधाम से की जा रही है। सप्तमी तिथि को मां कालरात्रि की विधिवत पूजन हुआ।

इस दिन सुबह में दिव्य कलश यात्रा निकाली गई। ध्वजारोहण कर गाजे-बाजे के साथ इस कलश यात्रा में काफी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। भगत अहरा तालाब में विधिवत कलश में जल भरने के उपरांत पुनः कलश यात्रा मंदिर प्रांगण पहुंची। जहां माता का प्राण प्रतिष्ठा, दिव्य श्रृंगार द्वारा पूजन, मंत्र पुष्पांजलि, आरती व प्रसाद वितरण किया गया।

इससे पूर्व षष्ठी तिथि को मां कात्यायनी की विधिवत पूजन संपन्न हुई। इस दिन संध्या बेला में पूजा पंडाल में पट खुलने के बाद माता के दर्शन के लिए काफी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस दौरान माता का दिव्य श्रृंगार, मंत्र पुष्पांजलि,आरती व प्रसाद वितरण हुआ। इस कलश यात्रा में पुजारी अभिषेक शास्त्री सहित पूजा कमेटी के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य व निगरानी समिति के सदस्य एवं काफी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए।

## स्वामी विवेकानंद स्कूल में किया गया नई कमीटी का गठन



**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो /जारंगडीह** : स्थानीय स्वामी विवेकानंद स्कूल में नई प्रबंध समिति का गठन किया गया है। विदित होकि कुछ माह पूर्व विद्यालय समिति के अध्यक्ष एवं सचिव किंचित कारणों से अपने पद से इस्तीफा देचुके थे।

और तब से विद्यालय यों ही येन केन प्रकारेण चलता आरहा था। अध्यक्ष ने अपने त्याग पत्र में विद्यालय को विधि संगत संचालन करने की जिम्मेदारी उपाध्यक्ष को देरखी थी। तब से विद्यालय उन्ही के देख रेख मे चलता आरहा था। परंतु दिनांक 28 मार्च 2023, दिन मंगलवार को उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पांजलि नंदी के मार्गदर्शन में विद्यालय में विद्यालय प्रभारी श्रीमती मुक्ता कुमारी की उपस्थिति में एक आवश्यक बैठक बुलाकर नई विद्यालय प्रबंध समिति का विधिवत गठन किया गया।

नई समिति में पदेन जिन व्यक्तियों का नाम आया है जो निम्न प्रकार हैं :-(1) अध्यक्ष पद के लिए बेरमो विधायक (कुमार जयमंगल सिंह), (2) उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पांजलि नंदी, (3)सचिव :- श्याम बिहारी सिंह दिनकर, (4)विद्यालय के प्रधानाध्यापक, (5) अभिभावक प्रतिनिधि शैलेन्द्र मुखी, (6) शिक्षक प्रतिनिधि साजेश कुमार जबकि कोषाध्यक्ष का सुरक्षित रखा गया है।

मौके पर उपरोक्त के अलावे निम्नलिखित लोग उपस्थित रहे भागीरथ शर्मा, शिक्षक युगल किशोर झा, अनिता सिंह, रीता कुमारी, वीरमणि पांडेय, श्रीमती राजेश्वरी वहीं प्रधानाध्यापक किंचित कारणों से मौके पर उपस्थित नही रहे। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने विद्यालय प्रबंध समिति का गठन करने पर बल दिया। मौके पर सभा संचालन का कार्य बैठक की अध्यक्षता कर रही श्रीमती पुष्पांजलि नंदी ने की जबकि धन्यावाद ज्ञापन का कार्य संयुक्त रूप से विद्यालय प्रभारी श्रीमती मुक्ता कुमारी एवं भागीरथ शर्मा ने किया।

## माता वैष्णों देवी मंदिर में माता की चौकी आज, सजेगा दरबार



**राष्ट्रीय खबर**

**रामगढ़** : शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में पूजा करने को लेकर श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। सुबह और संध्या आरती में भी भक्त शामिल हो रहे हैं। यहां प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से पूजा हो रही है।

मंदिर के पुजारी पंडित लीलाधर शर्मा द्वारा मुख्य यजमान संजीव चड्डा व उनकी पत्नी अंजू चड्डा को पूजा कराई जा रही है। इस दौरान मंगलवार को माता की चौकी का आयोजन किया गया है। जिसमें महिला मंडली द्वारा एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किया जाएगा।

शहर के प्रसिद्ध व्यवसायी व भजन गायक कमल बगड़िया भी भजनों से माता के भक्तों को रिझाएंगे। वहीं 29 मार्च को हवन, कंजक पूजन व 30 मार्च को सुबह 8 बजे से भंडारा का प्रसाद वितरण किया जाएगा।

**बैठक** > 63 सेवानिवृतों को सीएमपीएफ द्वारा जारी पीपीओ पत्र दिया गया

# ऑफिसर क्लब में बैठक सह पेंशन अदालत का आयोजन

▶▶ **पेंशन और सीएमपीएफ का यथाशीघ्र निपटारा करना उनकी पहली प्राथमिकता है**

**राष्ट्रीय खबर**



**बेरमो/कथारा:** सीसीएल द्वारा सोमवार को ऑफिसर क्लब कथारा में समन्वय बैठक सह पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। बैठक में कोल माइंस प्रोविडेंट फंड रांची रीजन दो के आयुक्त मुख्य रूप से उपस्थित थे। यहां लगभग दर्जनभरौ सेवानिवृत्त तथा उनके आश्रितों द्वारा अपनी समस्याओं को रखा गया। वहीं 63 सेवानिवृतो को सीएमपीएफ द्वारा जारी पीपीओ पत्र दिया गया। समन्वय बैठक सह पेंशन अदालत के अवसर पर सीएमपीएफ रीजन टू रांची के कमिश्नर आशीष कुमार ने कहा कि वह हाल ही में यहां पदस्थापित किए गए हैं। उनके लिए यह पहला अनुभव है। उन्होंने कहा कि जो कामगार सेवा निवृत हो गए हैं, उनका पेंशन और सीएमपीएफ का यथाशीघ्र निपटारा करना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कम्युनिकेशन गैप होने के कारण ही कामगारों तथा उनके आश्रितों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस गैप को कमतर करना समस्या समाधान के लिए जरूरी है। इसके लिए समयबद्ध तरीके सें पत्राचार होना चाहिए। जारंगडीह के एक कामगार की धर्मपत्नी रफू देवी द्वारा पेंशन मामले को उन्होंने गंभीरता पूर्वक लिया तथा कहा कि पीड़िता रफू देवी जैसी कोई वरीय नागरिक द्वारा आत्मदाह के लिए विवश होना कहीं से न्यायोचित नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले में संबंधित परियोजना द्वारा डीए फार्म मे रफू देवी के जगह पर रुपु देवी अंकित है। वे आश्वस्त करते हैं कि आज ही इस समस्या का समाधान कर लिया जाएगा।इस अवसर पर सीएमपीएफ विभाग के लेखा अधिकारी सुमन कुमार, सीसीएल मुख्यालय रांची के मुख्य प्रबंधक (कार्मिक) सामाजिक सुरक्षा विभाग अमरेंद्र प्रताप, उप प्रबंधक (कार्मिक) सामाजिक सुरक्षा विभाग मुख्यालय रांची सफीक, क्षेत्र के महाप्रबंधक हर्षद दातार, क्षेत्रीय प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन जयंत कुमार के अलावा यूनियन प्रतिनिधि राजकुमार मंडल, शमशुल हक, लालधन मांझी, महाप्रबंधक कार्यालय कर्मी सोमेन नियोगी ने कामगारों की समस्या को रखा। जबकि महाप्रबंधक दातार ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि इस प्रकार की बैठक वर्ष में एक बार के बजाय दो बार किए जाने की जरूरत है। जिससे कामगारों की समस्याओं का निदान समयबद्ध तरीके से संभव हो सकेगा।बैठक में उपरोक्त के अलावा कार्मिक प्रबंधक सुभाष चंद्र पासवान, एस डी रत्नाकर, सहायक प्रबंधक कार्मिक सुप्रिया भारती, आलोक कुमार के अलावा कार्यालय कर्मी एन एन मिश्रा, विशेश्वर महतो, वीरेंद्र साव आदि ने अपनी समस्याओं को रखा तथा पेंशन चालू करने की गुहार लगाई। इस अवसर पर त्रिलोकी नायक, लखपत घासी, महेंद्र सिंह, अब्दुल रऊफ सहित 63 सेवानिवृत्त कामगारों को पीपीओ पत्र दिया गया। संचालन सहायक कार्मिक प्रबंधक आलोक कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्रीय प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन जयंत कुमार ने किया।

### सीसीएल ढोरी क्षेत्र के एसीएसडीओसीएम के एमपीएस साईडिंग मे किया गया छापेमारी



**बेरमो** : सीसीएल ढोरी क्षेत्र के एसडीओसीएम, के एमपीएस साईडिंग आर एस भ?ा के समीप सीआईएसएफ और सीसीएल सुरक्षाबल के संयुक्त छापेमारी किया गया। छापेमारी मे लगभग 5 टन अवैध कच्चा कोयला जब्त कर ट्रेक्टर द्वारा कांटा कर कर बाटम क्वारी कोल डीपू मे अनलोड कराया गया। इस छापेमारी में मुख्य रूप से नेतृत्व कर रहे क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सीताराम युईके एरिया सुरक्षा इनचार्ज उमाशंकर महतो, कल्याणी सुरक्षा इनचार्ज उमेशवर प्रसाद, अनाम वारिस, मानिक दिगार जितेंद्र रजक उकऋक्राइम से राजीव रंजन कुमार अन्य शामिल थे। ओसीएम के एमपीएस साईडिंग आर एस भ?ा के समीप सीआईएसएफ और सीसीएल सुरक्षाबल के संयुक्त छापेमारी किया गया। छापेमारी मे लगभग 5 टन अवैध कच्चा कोयला जब्त कर ट्रेक्टर द्वारा कांटा कर कर बाटम क्वारी कोल डीपू मे अनलोड कराया गया। इस छापेमारी में मुख्य रूप से नेतृत्व कर रहे क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सीताराम युईके एरिया सुरक्षा इनचार्ज उमाशंकर महतो, कल्याणी सुरक्षा इनचार्ज उमेशवर प्रसाद, अनाम वारिस, मानिक दिगार जितेंद्र रजक उकऋक्राइम से राजीव रंजन कुमार अन्य शामिल थे।

### तीन दिवसीय राधा-कृष्ण प्रतिमा स्थापित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप शामिल हुई समाजसेवी उषा



**बेरमो** : गोमिया विधानसभा अंतर्गत कसमार प्रखंड के चटी ग्राम गांव में तीन दिवसीय राधाकृष्ण प्रतिमा स्थापित एवं बजरंगबली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ में मुख्य अतिथि डॉ रविंद्र उषा सिंह चैरिटेबल फाउंडेशन के चेयरमैन सह समाजसेवी डॉ उषा सिंह रात्रि प्रवचन के कार्यक्रम में दीप ज्योत जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। चित्रकूट धाम से आऐ प्रवचन कर्ता स्वामी सीताराम शरण जी को अंग वस्त्र देकर कार्यक्रम में संबोधन किया। कही कि इस पवित्र महीना नवरात्रि के दिन ऐसा महायज्ञ होने से पूरे प्रखंड शुद्ध हो जाता है और यहां के लोग पूरे भक्ति मय है। ऐसा देखना बहुत अच्छा लगता है। मौके पर उपस्थित कसमार प्रखंड प्रमुख नियोति दे, महंत रामलखन दास जी महाराज पंडित गौतम कुमार शुक्ला एवं अनिल कुमार के साथ पंसस मंजू देवी शांति पदों पाल प्रताप सिंह सुरेश कुमार विकास चंद्रपाल आदि मुख्य रूप से उपस्थित है।

### छठ व्रतियों ने उदयीमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ ही चैती छठ पर्व का समापन हो गया



**बेरमो** : बेरमो कोयलांचल में छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं ने चौथे दिन उदयीमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के बाद चैती छठ पर्व का समापन हो गया। बताते चलें कि छठ एक मात्र पर्व है, जिसमें डूबते सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा है। आज सर्वार्थ सिद्धि और रवि नामक शुभ योग भी था, जिससे इस दिन का महत्व बढ़ गया। चार दिन तक चलने वाले छठ की शुरूआत नहाय-खाय के साथ होती है, दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया जाता है और चौथे दिन उदयीमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के बाद चैती छठ पर्व का समापन हो गया।

### धार्मिक अनुष्ठानों के लिए शिव मंदिर जनता नगर समिति हर संभव मदद करेगी : बैजनाथ

**पतरातू**: शिव मंदिर जनता नगर समिति के सदस्यों सहित अध्यक्ष बैजनाथ राय ने मां पंच बहिनी मंदिर लबगा के प्रांगण में होने वाले 11 दिवसीय महायज्ञ तथा हनुमत प्राण प्रतिष्ठा के लिए 51000 नगद आर्थिक सहयोग की घोषणा करते हुए कहा कि जहां भी इस तरह के धार्मिक अनुष्ठान या मंदिर निर्माण के कार्य होंगे जनता नगर शिव मंदिर समिति का अध्यक्ष होने के नाते मैं इन धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेते हुए अपनी ओर से बढ़-चढ़कर आर्थिक सहयोग भी करूंगा। उन्होंने आगे कहा कि शिव मंदिर प्रबंधन समिति सदैव धार्मिक कार्यों को करने में विश्वास रखती है। सोमवार को ध्वजारोहण एवं नगर भ्रमण कार्यक्रम में शिव मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ अध्यक्ष बैजनाथ राय ने संरक्षक अनिल राय, पूर्व मुखिया बीरेंद्र झा, राकेश कुमार रिंकू,अरविंद सिंह सहित शिव मंदिर प्रबंधन समिति के दर्जनों सदस्यों के साथ नगर भ्रमण करते हुए लबगा रसदा,अंबाटोला महुआ मोड़ में यज्ञ समिति के साथ मिलकर ध्वजारोहण कार्यक्रम में भाग लिए। बताते चलें कि बैजनाथ राय ने सभी हिंदू धर्मावलंबियों से आग्रह किया है कि सभी सनातनी भाई ऐसे धार्मिक अनुष्ठानों में बढ़-चढ़कर भाग ले एवं धर्म के भागी बने।

### कुपोषण को खत्म करने के उद्देश्य से पोषण ट्रैकर मोबाइल एप्लीकेशन पर हुआ प्रशिक्षण का आयोजन




**रामगढ़** : कुपोषण को दूर करने के उद्देश्य से पोषण ट्रैकर मोबाइल एप्लीकेशन के सफल संचालन के मद्देनजर मंगलवार को समाहरणालय के ब्लॉक बी स्थित सभा कक्ष में बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों एवं महिला सुपरवाइजर्स के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान एनईजीडी की टीम एवं सीनियर न्यूट्रीशनल कंसलटेंट यूनिसेफ अनामिका के द्वारा पोषण ट्रैकर को और भी प्रभावी बनाने एवं वर्तमान में पोषण ट्रैक्टर में जानकारियां अपलोड करने के दौरान आ रही समस्याओं को दूर करने के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी दी गई वहीं सुदूरवर्ती क्षेत्रों में पोषण ट्रैकर मोबाइल एप्लीकेशन का इस्तेमाल कर किस प्रकार से कुपोषित बच्चों की पहचान की जा सकती है व उनकी रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा सकती है के संबंध में भी सभी को जानकारी दी गयी।

संपादकीय

# जेपीसी की मांग के बीच सीएजी की रिपोर्ट

संसद का काम काज ठप है। दरअसल राहुल गांधी की सदस्यता आनन फानन में रद्द किये जाने और अब उन्हें घर खाली करने का नोटिस दिये जाने के बाद तनातनी और अधिक है। विपक्ष पहली बार एकस्वर से अडाणी मुद्दे पर जेपीसी के गठन की मांग कर रहा है। इस विवाद के बीच ही सीएजी की एक रिपोर्ट सरकार की परेशानी बढ़ाने जा रही है। सीएजी की इस रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय स्टेट बैंक को पुनर्पूंजीकरण अभ्यास के हिस्से के रूप में वित्त वर्ष 2018 में देश के सबसे बड़े ऋणदाता द्वारा इस तरह के फंड के बिना 8,800 करोड़ रुपये दिये गये थे। सोमवार को संसद में पेश की गई एक कैग रिपोर्ट में कहा गया है। केंद्र सरकार (आर्थिक और सेवा मंत्रालय) पर भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की 2023 की अनुपालन लेखापरीक्षा रिपोर्ट संख्या 1 के अनुसार, वित्त मंत्रालय के अधीन विभाग ने पुनर्पूंजीकरण से पहले अपने स्वयं के मानक अभ्यास के अनुसार पूंजी की आवश्यकता का आकलन नहीं किया। साथ में



यह भी कहा गया है कि भारतीय स्टेट बैंक ने अपनी तरफ से इस रुपये की मांग भी नहीं की थी। यह पैसा क्यों और किसके फायदे के लिए दिया गया था, यह मामला उलझने जा रहा है। यह तब हो रहा है जब आम चुनाव में अब एक साल से थोड़ा अधिक समय ही बचा है। गुजरात की एक अदालत द्वारा राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता के अयोग्य ठहराए जाने से विपक्ष और सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के बीच विभाजन की लकीरें और गहराया जाना अब लगभग तय है। माहौल इतनी तेजी से बदला है कि अब भारतीय जनता पार्टी द्वारा दिए गए अधिकांश प्रस्तावों का स्पष्ट विरोध होने की संभावना है जिससे संसद में कानून बनाने के साथ ही शीर्ष पदाधिकारियों की नियुक्ति को भी सबसे पहले नुकसान होगा। कांग्रेस सदस्य मनीष तिवारी ने चीन के साथ सीमा पर झड़पों के मामले को सरकार को संसद के समक्ष तथ्य रखने के लिए लोकसभा में बार-बार स्थगन प्रस्ताव पेश करने की कोशिश की है। उन्हें इसके लिए रोका भी गया। उन्होंने कहा, यह देखना होगा कि (सरकार और विपक्ष के बीच) कोई सहयोग होगा या नहीं या यहां तक कि सहयोग की संभावना भी है या नहीं। अब आज होने वाले लोक लेखा समिति (पीएसी) के सदस्यों के चुनाव के बाद यह साफ होगा कि वे भारत सरकार के खर्च के लिए संसद द्वारा आवंटित की गई राशि के खातों की जांच का काम कैसे करते हैं। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट अक्सर पीएसी जांच का प्रारंभिक बिंदु होती है। 1960 के दशक से पीएसी के अध्यक्ष हमेशा विपक्ष के नेता रहे हैं। इसका चुनाव आनुपातिक प्रतिनिधित्व के माध्यम से होता है। इसके लिए 22 सदस्य चुने जाते हैं, जिसमें 15 लोकसभा से और सात राज्यसभा से होते हैं। इस साल चुनाव राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के बाद होगा। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि विपक्ष और सत्तारूढ़ पार्टी अपने वोट का उपयोग कैसे करती है, विशेष रूप से दूसरी वरीयता के वोट के मामले में। बहुत कम लोगों को इस बात की जानकारी है कि निष्क्रिय संसद में भी विपक्ष नीति-निर्माण में कितना प्रभाव डालता है। यह प्रभाव विभाग की स्थायी समितियों के माध्यम से डाला जाता है जहां विपक्ष और सत्ता पक्ष के सांसद कानून बनने से पहले नीति और कानूनों की जांच करते हैं। एक और चुनाव है जिसको लेकर फिलहाल सरकार में कोई चर्चा नहीं हो रही है और वह लोकसभा के उपाध्यक्ष पद का जो लगभग चार वर्षों से खाली पड़ा है। सत्ता पक्ष का कहना है कि तत्काल इस चुनाव की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि विधेयक पारित भी किए जा रहे हैं और सदन में चर्चा भी हो रही है। एक मंत्री ने तर्क दिया कि नौ सदस्यों का एक पैनल है जो लोकसभा अध्यक्ष की सहायता के लिए सभापति के रूप में कार्य कर सकता है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश कहते हैं, पिछले चार सालों से लोकसभा में कोई उपाध्यक्ष नहीं है। यह असंवैधानिक है। मार्च 1956 का ही एक उदाहरण देखिए जब नेहरू ने इस पद के लिए विपक्षी अकाली दल के सांसद और अपने आलोचक, सरदार हुकम सिंह का नाम प्रस्तावित किया था और उन्हें सर्वसम्मति से चुना गया था। उच्चतम न्यायालय में एक जनहित याचिका लंबित है। जिन संवैधानिक पदों पर विपक्ष के साथ संयुक्त रूप से विचार-विमर्श की आवश्यकता होती है उनमें से एक को छोड़कर सभी को भर दिया गया है जो लोकपाल का पद है जिसके पास प्रधानमंत्री सहित किसी के भी खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने की शक्ति है। इसलिए हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद अब अडाणी से मोडानी बने मामले की दिशा और दशा भी तय होगी, जिसपर नरेंद्र मोदी चुप है।

# बीजेपी के लिए संजीवनी साबित होगा योगी का जादू?

भारतीय राजनीति के लिहाज से अगामी साल बहुत महत्वपूर्ण होगा। साल 2024 में लोकसभा के चुनाव होने हैं। यह लगभग तय है कि अगले वर्ष इस समय तक लोकसभा चुनाव का बुखार लोगों के सिर चढकर बोल रहा होगा जबकि राजनीतिक पार्टियां घोषणापत्र के साथ उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप देने में लगी होंगी। राजनीतिक दलों ने अभी से चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। दिल्ली के सियासी गलियारे में राजनीतिक पंडितों के बीच इस बात पर बहस हो रही है कि क्या नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे? एक सवाल और चर्चा के केंद्रबिंदू में है, जिस पर मंत्रणाओं का लंबा दौर चल रहा है। यदि भाजपा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सत्ता में वापसी होती है तो कौन सा राज्य अहम भूमिका निभाएगा? राजनीति के जानकार इस सवाल के जवाब में उत्तर प्रदेश का नाम लेते हैं।



**विवेक शुक्ला**
पत्रकार

विशेषज्ञों का मानना है कि भाजपा यूपी पर भरोसा कर सकती है, जहां से संसद के निचले सदन में 80 जनप्रतिनिधि चुनकर आते हैं। यह भरोसा यूं ही नहीं हुआ है। चौबीसों घंटे सक्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सक्षम नेतृत्व की वजह से ऐसा संभव हो पाया है। योगी आदित्यनाथ ने चुनावी बिगुल बजा दिया है। हाल ही में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनावों की तैयारी शुरू करने और राज्य की 80 में से 75 सीटें जीतने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने को कहा है। 2019 में, भाजपा ने उत्तर प्रदेश में 62 जबकि उसकी सहयोगी अपना दल (एस) ने दो लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की थी। क्या एनडीए विपक्ष को पटखनी देकर 80 में से 75 सीटें जीत सकेगा? यह सवाल इसलिए भी प्रासंगिक है क्योंकि योगी आदित्यनाथ के बयानों के निहितार्थ हैं? मतदाताओं का मिजाज भांप चुके योगी आदित्यनाथ काफी सोच विचारकर राजनीतिक टिप्पणी करते हैं। योगी ने लखनऊ में भाजपा की एक दिवसीय राज्य कार्यकारिणी की बैठक में कहा, 'हमें अभी से 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए जमीन तैयार करनी है। हमें 75 सीटें जीतने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ना चाहिए।'

भगवान राम और कृष्ण की जन्मस्थली यूपी के सियासी गुणा गणित को समझने वाले इस बात को इंगित करते हैं कि बीजेपी ने दो कारणों से जनता में गहरी पैठ बनाई हैं। पहला, योगी सरकार ने यूपी की छवि बदली। यूपी अब जाति आधारित तनाव और दंगों के चलते नहीं जाना जाता है। राज्य की पहचान अब प्रत्येक विदेशी निवेश (एफडीआई) और सर्वांगीण विकास के लिए निवेशकों को आकर्षित करने की है। भारतीय (घरेलू) निवेशक भी यूपी में बड़े पैमाने पर निवेश कर रहे हैं। इससे हजारों की संख्या में नए रोजगार सृजित हो रहे हैं। दूसरा, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी भी वाराणसी सीट से लोकसभा चुनाव लड़ते हैं। मोदी और योगी की कांबो जोडी राज्य में विकास के नए आयाम रच रही है। जैसा बीजेपी के एक नेता ने कहा भी कि ₹2024 के आम चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमें उत्तर प्रदेश में 75 सीटें जीतने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ना है।₹

लोकसभा चुनाव में बीजेपी के जीत की संभावना इसलिए भी प्रबल दिख रही है क्योंकि यूपी में विपक्ष ने गंभीरता से लडना छोड दिया है। अपने बेहद गैरजिम्मेदाराना बयानों से विपक्ष खुद का ही मजाक बना लेता है। कल्पना कीजिए कि समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने हाल ही में भविष्यवाणी की कि 2024 में भाजपा उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटें हार जाएगी। उन्होंने कहा कि ह्लबीजेपी हो सकता है सभी 80 सीटें हार जाएं। इस तरह के हास्यास्पद बयान देने के उनके दुस्साहस की कल्पना कीजिए।

यह कहा जा सकता है कि बीजेपी के लिए यूपी केवल इस वजह से महत्वपूर्ण नहीं है कि उसे तीसरी बार दिल्ली की सत्ता पर काबिज होना है। बल्कि राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव भी महत्वपूर्ण है,क्योंकि महाराष्ट्र, बिहार सरीखे राज्यों में बीजेपी के पुराने गठबंधन बदल चुके हैं। इस वजह से भी पार्टी के रणनीतिकारों की निगाह यूपी पर केंद्रित है। भाजपा ने राज्य की सभी 80 लोकसभा सीटों को जीतने की अपनी रणनीति के तहत यादवों, जाटवों और पसमांदा मुसलमानों में अपना जनाधार बढ़ाने की योजना बनाई है। यूपी की कुल आबादी में यादवों की संख्या 11 फीसद, दलित लगभग 21 प्रतिशत और मुसलमानों की आबादी 18 प्रतिशत के आसपास है। संख्यात्मक रूप से दलित और जाटव अधिक मजबूत है। यूपी में 17 लोकसभा सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। यादव और मुस्लिम मतदाता 10-10 लोकसभा सीटों पर जीत हार का फैसला करते हैं।


2019 के लोकसभा चुनावों में, भाजपा ने 78 लोकसभा सीटों पर चुनाव लडा था, जिसमें से 62 सीटों पर जीत दर्ज की थी। राजनीतिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण यूपी में कांग्रेस केवल एक सीट पर सिमट गई थी। अमेठी से तो राहुल गांधी को हार का सामना करना पडा था। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के नेताओं को पार्टी में शामिल करने के लिए गंभीर प्रयास कर रहा है। इसका उद्देश्य 2024 के आम चुनावों से पहले पार्टी को संगठनात्मक रूप से मजबूती प्रदान करना है। भाजपा सूत्रों की मानें तो भाजपा के साथ गठबंधन कर चुकी पार्टियों के कई कद्दावर नेताओं से बातचीत भी की गई थी, जो विशिष्ठ जाति समूहों का प्रतिनिधित्व करते थे।

राजनीतिक विशेषज्ञ निस्तुला हेब्बार कहते हैं कि, ह्लसमाजवादी पार्टी को यह एहसास हो गया था कि 2014, 2017 और 2019 के चुनावों में गैर-यादव ओबीसी वोटों पर बीजेपी ने अपनी पकड़ मजबूत बना ली है। अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली पार्टी को केवल यादवों और मुसलमानों का ही समर्थन प्राप्त था। इस तरह बीजेपी ने सपा की ताकत में सेंध लगा दी थी। खैर, 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी चाहती है कि 2019 में जिन समुदायों से उसे समर्थन मिला, वे वापस उसके पाले में आ जाएं। ओबीसी का 40 प्रतिशत मत बीजेपी को मिला था, बीजेपी के ऐतिहासिक प्रदर्शन में इसका अमूल्य योगदान था। बीजेपी राज्य में गैर-यादव ओबीसी और गैर-जाटव दलितों के बीच अपनी पैठ बनाने में भी सफल रही थी। अपना दल (केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में) और पहले एसबीएसपी के साथ गठबंधन के साथ, 2019 के चुनावों में एनडीए को 51.19% वोट मिले और सपा और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के बीच गठबंधन के बावजूद बड़ी जीत दर्ज की। संक्षेप में, यह कहा जा सकता है कि बीजेपी नेतृत्व वाला एनडीए आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर फिलहाल विपक्ष पर भारी पड रही है।

नज़रिया

# नौ दिन कन्या पूजकर सब जाते है भूल

क्या हमारा समाज देवी की लिंग-संवेदनशील समझ के लिए तैयार है? नवरात्रों में भारत में कन्याओं को देवी तुल्य मानकर पूजा जाता है। पर कुछ लोग नवरात्रि के बाद यह सब भूल जाते हैं। बहुत जगह कन्याओं का शोषण होता है और उनका अपमान किया जाता है। आज भी भारत में बहूत सारे गांवों में कन्या के जन्म पर दुःख मनाया जाता है। ऐसा क्यों? क्या आप ऐसा करके देवी मां के इन रूपों का अपमान नहीं कर रहे हैं। कन्याओं और महिलाओं के प्रति हमें अपनी सोच बदलनी पड़ेगी। देवी तुल्य कन्याओं का सम्मान करें। इनका आदर करना ईश्वर की पूजा करने जितना पुण्य देता है। शास्त्रों में भी लिखा है कि जिस घर में औरत का सम्मान किया जाता है वहां भगवान खुद वास करते हैं। दुनिया में और यौन भेदभाव और उत्पीड़न के खिलाफ आंदोलनों के साथ देवी की अवधारणा में विविधता लाने का समय आ गया है।



**प्रियंका सौरभ**
स्तंभकार

**इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान, शक्ति देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि के नौ रातों में तीन देवियों - महालक्ष्मी, महासरस्वती या सरस्वती और दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा होती है जिन्हें नवदुर्गा कहते हैं।**

नवरात्रि एक हिंदू पर्व है। नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ होता है 'नौ रातें'। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान, शक्ति देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि के नौ रातों में तीन देवियों - महालक्ष्मी, महासरस्वती या सरस्वती और दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा होती है जिन्हें नवदुर्गा कहते हैं। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान, शक्ति देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। भारतीय नारीवादियों और आधुनिक भारतीय महिलाओं ने इस परित्यक्त देवी प्रतीकवाद पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है क्योंकि इसे पितृसत्तात्मक उत्पीड़न के एक सक्रिय उपकरण के रूप में भी इस्तेमाल किया गया है। अन्य संस्कृतियों और पौराणिक कथाओं में भी कुछ सबसे प्रमुख देवी माताएँ रही हैं और आदर्श मातृत्व के जीवन के प्रतीक हैं - उदाहरण के लिए, मिस्र के आइसिस, ग्रीक डेमेटर या कैथोलिक धर्म में, मैरी?यीशु की माँ के रूप में। लेकिन किसी अन्य संस्कृति में छोटी लड़कियों को देवी के रूप में नहीं पूजा जाता जैसा कि भारत में किया जाता है।

आधुनिक देवी आंदोलन महिलाओं की एक नई पीढ़ी के लिए कई प्रारंभिक परंपराओं के पुनर्निर्माण की ओर मुड़ गया, जो लगातार अपने पितृसत्तात्मक समाजों के साथ संघर्ष में थे, जो देवी की पूजा करते थे, लेकिन उनके वास्तविक हाड़-मांस वाली महिलाओं के साथ भेदभाव और शोषण करते थे। कई पश्चिमी नारीवादी और विश्व स्तर पर बहुत सारी महिलाएं हिंदू देवी-देवताओं को प्रेरणादायक और आंतरिक शक्ति प्रदान करने वाली मानती हैं। नवरात्रि के आठवें और/या नौवें दिन जिन छोटी-छोटी पूर्व-यौवन लड़कियों की पूजा की जाती है, उनके साथ अक्सर दुर्व्यवहार और भेदभाव किया जाता है। ऐसे कई देवी मंदिर हैं जहां रजस्वला महिलाओं या कथित निचली जाति की महिलाओं को प्रवेश करने की भी मनाही है, देवी के बहुत सारे पूजा स्थल हैं जहां केवल पुरुषों को आंतरिक गर्भगृह में जाने की अनुमति है और महिलाओं को नहीं। नवरात्रि के आठवें और/या नौवें दिन कंजक या कन्या के रूप में पूजी जाने वाली छोटी पूर्व-यौवन लड़कियों को अक्सर बाकी दिनों के लिए लड़कियों के रूप में जन्म लेने के लिए गाली दी जाती है, उनके साथ भेदभाव किया जाता है और उन्हें 'अपवित्र' माना जाता है। मासिक धर्म शुरू होने के बाद उनकी पूजा की जानी चाहिए।

# बचत का महत्व

प्रेरक-प्रसंग



एक बार प्रसिद्ध लेखक जान मुरे अपने लिखने के कार्य में व्यस्त थे। तभी दो महिलाएं जन-कल्याण से संस्था के लिए उनसे चंदा मांगने आई। अपना लेखन कार्य बीच में छोड़ने के बाद जान मुरे ने वहाँ जल रही दो मोमबत्तियों में से एक को बुझा दिया। यह देखकर उनमें से एक महिला बुदबुदाई, 'यहाँ कुछ मिलने वाला नहीं है। जान मुरे को जब उन महिलाओं के आने के उद्देश्य का पता चला, तो उन्होंने खुशी-खुशी से 100 डॉलर उन्हें दे दिये। महिलाओं के आश्चर्य का ठिकाना न रहा, उनमें से एक बोली-'हमें तो आपसे एक सेंट भी पाने की उम्मीद नहीं थी, क्योंकि आपने हमारे आते ही एक मोमबत्ती बुझा दी थी।

जान मुरे ने उत्तर दिया, 'अपनी इसी बचत की आदत के कारण ही मैं आपको 100 डॉलर देने में समर्थ हुआ हूँ। मेरे विचार से आपसे बातचीत करने के लिए एक मोमबत्ती का प्रकाश ही काफी है। महिलाएं बचत के महत्व को समझ चुकी थीं। महिलाएं तो बचत के महत्व को समझ गयीं, लेकिन आप कब समझेंगे? जल्दी समझिए वरना देर हो जाएगी और फिर पछताने से कुछ नहीं होता जब चिड़िया खेत चुग जाती है।

जानकारी

# झिलमिल गुफा



नीलकंठ मंदिर से 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गुरु गोरखनाथ जी का रहस्यमयी जगह है इसके बारे में पौराणिक मान्यता है की यह जगह उत्तराखंड की तपोस्थली भूमि है जहाँ देशी और विदेशी शैलानी योग की शिक्षा लेने यहाँ आते है ।

इसी तर्ज पर झिलमिल गुफा में हजारो साधु संत और विदेशी महिलाये भी तपस्या करने के लिए यहाँ आते है प्रकृति के सानिध्य में बसा यह स्थान अपने आप में ही ऊर्जा का स्त्रोत है। ऋषिकेश के इस तप स्थली में ऋषिमुनियों के तपस्या और योग साधना से यहाँ माँ गंगा का जल प्रकट हुआ जिसे गुप्त गंगा के नाम से जाना जाता है जो झिलमिल जलधारा के रूप में बहती रहती है ।

## गणेश गुफा

झिलमिल गुफा से आगे की ओर बढ़ने पर पड़ता है गणेश गुफा दोस्तों माउन्ट ट्रैकिंग में थोड़ी थकबाट जरूर होगी लेकिन ये रास्ते , ये मौसम , और इस खूबसूरत प्रकृति की वादियां आपको हमेशा याद रहेंगी मडिकूट की सबसे ऊँची श्रृंखला में स्थित गणेश गुफा देखने के लिए आपको थोड़ा चढ़ाई रास्ता तय करना होगा तभी भगवान गणेश के दर्शन प्राप्त होंगे ।

# Xiaomi TV S65 और S75 की सेल शुरू



नई दिल्ली : Xiaomi ने कुछ दिनों पहले चीन में अपनी र-सीरीज लाइनअप में स्मार्ट टीवी के दो नए मॉडल Xiaomi TV S65 और X Xiaomi TV S75 लॉन्च किए थे। आज से इन दोनों मॉडल की बिक्री चीनी बाजार में शुरू हो गई है। यहां हम आपको शाओमी के इन दोनों स्मार्ट के फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस के साथ कीमत के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

**Xiaomi TV S65 और S75 की कीमत**

कीमत की बात की जाए तो Xiaomi TV S65 की कीमत 3,499 युआन (लगभग 41,792 रुपये) है, लेकिन यह डिस्काउंट के बाद 2,999 (लगभग 35,820 रुपये) में उपलब्ध है। वहीं Xiaomi TV S75 की कीमत 4,499 युआन (लगभग 53,709 रुपये) है, लेकिन वर्तमान में यह डिस्काउंट के बाद 3,999 युआन (लगभग 47,740 रुपये) पर उपलब्ध है।

**Xiaomi TV S75 और S65 के स्पेसिफिकेशंस**

स्पेसिफिकेशंस की बात करें तो Xiaomi TV S75 में 75 इंच की डिस्प्ले और S65 में 65 इंच की 4K डिस्प्ले दी गई है, जिसका रेजोल्यूशन 3840 X 2160 पिक्सल और रिफ्रेश रेट 144Hz है। यह डिस्प्ले HDR10 सपोर्ट, 94 प्रतिशत DCI-P3 कलर गैमट और MEMC से लैस है। डिस्प्ले के चारों ओर थिन बेजल दिए गए हैं। डिस्प्ले वेरिएबल रिफ्रेश रेट, ऑटो लो-लेटेंसी मोड और AMD Freesync का सपोर्ट करती है।

साइबर दुनिया

प्रोसेसर की बात करें तो स्मार्ट टीवी में क्वाड-कोर Cortex-A73 प्रोसेसर दिया गया है। स्मार्ट टीवी एंड्रॉयड ऑपरेटिंग सिस्टम पर बेस्ड कंपनी के अपने MIUI टीवी कस्टम इंटरफेस पर चलता है। टीवी में स्मार्ट होम डिवाइस कंट्रोल को सपोर्ट करने के लिए बिल्ट-इन एप्लिकेशन है। कनेक्टिविटी की बात की जाए तो टीवी में ब्लूटूथ 5.2, वाई-फाई 6, 3 एचडीएमआई 2.1 पोर्ट, 2 यूएसबी 3.0 पोर्ट, एक ईथरनेट पोर्ट, आईआर ब्लास्टर और एनएफसी शामिल दिया गया है।

टॉप ट्वीट

"सावरकर के पढ़ाये हिंदुत्व के यही संस्कार हैं यजमान ऊंचे आसन पर, यज्ञाचार्य और हवन कुंड यजमान से नीच"

दिग्विजय सिंह
कांग्रेस के वरिष्ठ नेता





"बॉलीवुड में एक किनारे कर दिया गया था। लोग मुझे कास्ट नहीं कर रहे थे, लोगों के साथ मेरी अनबन हो रही थी, मैं इस तरह का खेल खेलना नहीं जानती हूं इसलिए मैं उनकी राजनीति से थक गई थी और मैंने फैसला किया कि मुझे एक ब्रेक की जरूरत है।"

प्रियंका चोपड़ा
बॉलीवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

## आरक्षण के विरोध में हिंसक प्रदर्शन

कर्नाटक में आरक्षण को लेकर हिंसक प्रदर्शन किया।कर्नाटक में पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा के घर पर प्रदर्शनकारियों ने पत्थरबाजी की गई।कर्नाटक में इस वर्ष विधानसभा चुनाव होने है। चुनाव प्रचार में भाजपा और कांग्रेस पूरी ताकत लगा रही है।कर्नाटक में भाजपा सत्ता में है।इस बार कांग्रेस और भाजपा जीत के द दावे कर रही है।राज्य सरकार ने 4 प्रतिशत आरक्षण कोटे को मुस्लिम समाज से खत्म कर वोकालिगा और लिंगायत समाज को बांटने से बिफरे भोवी और बंजारा समाज के लोगो ने हिंसक प्रदर्शन किया।इस बीच पुलिस ने लोगो पर लाठियां भांजी गई।लिंगायत और वोक्कालिगा समाज की आबादी कर्नाटक में ज्यादा है।वोक्कालिगा की आबादी करीब 17 प्रतिशत से ज्यादा है।जबकि कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा लिंगायत समाज से आते है।लिंगायत समाज कर्नाटक में बड़ी आबादी के तौर पर देखा जाता है।कर्नाटक में लिंगायत सबसे बड़ा समुदाय है।कर्नाटक में 17 फीसदी वोक्कालिगा समाज की आबादी है।इन दोनों जातियों पर भाजपा की नजर है।जिसका फायदा परोक्ष रीति से भाजपा को मिलने वाला है।कर्नाटक में राज्य सरकार ने फैसला किया है कि शेड्यूल कास्ट को मिलने वाले 4 प्रतिशत आरक्षण को बांट दिया जाएगा।इस पर भोवी और बंजारा जाति के लोगो को नागवार साबित हुआ।इस पर कर्नाटक में हिंसक प्रदर्शन किया गया।कर्नाटक में एक महीने के भीतर आरक्षण देने की घोषणा के बाद सड़क पर प्रदर्शन शुरू हो गया।राज्य सरकार ने आरक्षण के बंटवारे को लेकर रिकमंडेशन केंद्र सरकार को भेजा है।इसको वापस लेने के लिए दोनों समुदायों के लोगो ने विरोध किया।मुस्लिम समाज को इडब्यूएस के तहत आरक्षण देने के सरकार के फैसले का कांग्रेस ने विरोध किया है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### अमित बागे की पुण्यतिथि मनाई गई

**बड़कागांव :** बड़कागांव 1श्मशान घाट सेवा समिति के तत्वाधान में हहारों नदी स्थित अमर शहीद टिंकू कुमार श्मशान घाट के प्रांगण में मनोज कुमार अमित बागे की पुण्यतिथि मनाई गई। इसकी अध्यक्षता श्मशान घाट सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि बड़कागांव मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता ने कहा कि मनोज कुमार अमित बागे मिलनसार एवं मृदुभाषी थे।

## सिटी अपडेट्स >>

### हजारीबाग में सांसद प्रतिनिधियों के मंडल ने किया प्रेसवार्ता को संबोधित

**हजारीबाग:** भाजपा, हजारीबाग कार्यालय अटल भवन के सभागार में सांसद प्रतिनिधि मंडल की एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस प्रेस वार्ता में हजारीबाग के लोकप्रिय सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति श्री जयंत सिन्हा जी व उनकी अध्यक्षता वाली वित्त समिति को ह्यसंसद रत्न पुरुस्कारह्ल से सम्मानित किए जाने की विस्तृत जानकारी प्रेसबन्धुओं को दी गयी। इस प्रेसवार्ता को भाजपा, हजारीबाग के जिला अध्यक्ष श्री अशोक यादव जी, सांसद प्रतिनिधि व मंडल के संयोजक प्रोफेसर सुरेंद्र सिन्हा जी, सांसद प्रतिनिधि मंडल के सदस्य श्री टुन्नू गोप जी, श्री आनंद देव जी एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री शिव शंकर प्रसाद गुप्ता जी ने संयुक्त रूप से संबोधित किया। इसके साथ ही बरही, विष्णुगढ़ व बड़कागांव में भी इस विषय पर प्रेसवार्ता की गई। बरही में श्री संजीव कटियार जी, श्री गणेश यादव जी, श्री अर्जुन साव जी व श्री राजेश सहाय जी ने एवं विष्णुगढ़ में श्री मिथिलेश पाठक जी, श्री कैलाशपति सिंह जी व श्री सुशील मंडल जी ने और बड़कागांव में श्री बालेश्वर कुमार जी, श्री जुगनू सिंह जी व श्री बद्रीनारायण सिंह जी ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### आलोक को हरियाणा राज्यपाल ने किया सम्मानित

**हजारीबाग:** खिरगांव पाण्डेय मोहल्ला निवासी आलोक नाथ पाण्डेय ने लहराया हरियाणा में परचम। आलोक को 28 मार्च को हरियाणा के राज्यपाल महामहिम बंडारू दत्तात्रेय ने नगद इनाम , प्रमाण पत्र, एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दिये। इस अवसर पे उच्चतर शिक्षा मंत्री श्री मूलचंद शर्मा, एनएसएस दिल्ली निदेशालय के निदेशक श्री जंगजिलोंग ने भी बधाई एवं शुभकामनाएं दिये। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के एमसीए के छात्र आलोक जिन्हे 2019- 20 के राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार से सम्मानित किया गया था वे अपने विश्वविद्यालय के साथ साथ राज्य को भी देशभर मे गौरवान्वित किया है। स्वयंसेवक आलोक अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता , हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ) टंकेश्व कुमार, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो आनंद शर्मा एवं कार्यक्रम समन्वयक प्रो दिनेश चहल को देते हुए बताया की उनसे मिले प्रेरणा के कारण ही यह सब संभव हो पाया है। साथ साथ वो अपने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीप एवं डॉ. रेणु को भी सफलता का श्रेय देते हुए उनका धन्यवाद किया। उनके माता पिता का कहना है की वो इस अवसर पर गौरवान्वित महसूस कर रहे है व इस सम्मान समारोह में चडीगढ़ स्थित हरियाणा राजभवन में जाकर इस अनमोल गढ़ी के गवाह के रूप में भाग्यशाली महसूस कर रहे है। आलोक ने विश्वविद्यालय में ढेर सारे जागरूकता रैली, पौधा रोपण, रक्तदान शिविर, पुराने वस्त्र वितरण, चुनाव के दौरान वृद्धजनों व दिव्यांगो की मदद करने में, राष्ट्रीय एकता शिविर में भाग लेना, पर्यावरण संबंधित जागरूकता कार्यक्रम में, साफ सफाई अभियानों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

**आयोजन** सर्व भारतीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

# कुलपति ने छात्र-छात्राओं की उज्ज्वल भविष्य की कामना की

▶▶ वहीं बिनोद बिहारी कोयलांचल यूनिवर्सिटी कुलपति प्रो0 डॉ0 भुई उपस्थित थे

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग :** हजारीबाग विनोवा भावे विश्वविद्यालय स्थित लॉ कॉलेज के छात्र छात्रा ने चौबीस एवं पच्चीस मार्च को राँची स्थित एनयूएसआर एल लॉ यूनिवर्सिटी में सर्व भारतीय प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करके विनोवा भावे यूनिवर्सिटी का एवं लॉ कॉलेज का सर्व भारतीय परिचय तैयार किया।

जिसमे सर्वश्रेष्ठ वक्ता के रूप में लॉ कॉलेज के बीएएल एल बी सेमेस्टर नौ के छात्र हर्षित प्रधान को सर्टिफिकेट, ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। जिसमें विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ0 मुकुल नारायण देव ने सम्मानित किए गए छात्रों को उज्वल भविष्य की कामना की एवं लॉ कॉलेज के विकाश करने के लिए बहुत ही हमेशा तत्पर रहेंगे। वहीं बिनोद बिहारी कोयलांचल यूनिवर्सिटी कुलपति प्रो0 डॉ0 भुई उपस्थित थे। और लॉ कॉलेज के छात्र-छात्रा को देखकर काफी उत्साहित और छात्र छात्रों को आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। वही लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ जयदीप सन्याल ने विगत एक माह पूर्व से ही छात्र छात्रों को ट्रेनिंग देने के लिए लॉ कॉलेज के शिक्षक डॉ सिद्धांत चंद्रा, सुबोजीत चक्रवर्ती, रश्मि प्रधान, डॉ उर्मिला कुमारी, चितरंजन किस्पोट्टा, अभिषेक राज, डॉ लक्ष्मी सिंह को लगाया गया था। लॉ कॉलेज पहुचने पर टीम मेम्बर में हर्षित प्रधान, शाक्षी कुमारी, उत्कर्ष कुमार को सेमीफाइनलिस्ट के रूप में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया वहीं लॉ कॉलेज की दूसरी टीम को सेकंड राउंड तक पहुंचने पर धीरज कुमार, स्नेहता प्रकाश, साक्षी कुमारी को संतावना पुरुस्कार दिया गया।

वहीं कॉलेज पहुँचने पर लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ जयदीप सन्याल ने काफी हर्ष के साथ सभी छात्रों के बीच में सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।मुख्य भूमिका डॉ सिद्धांत चंद्रा की रही जो छात्रों को प्रोत्साहित किया।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत हजारीबराग जिले से

## 33 हिन्दू धर्मावलंबी द्वारिका एवं सोमनाथ का दर्शन कर लौटे



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना 2023 में जिले भर के विभिन्न प्रखंडों से 11 महिला और 22 वृद्ध पुरुष तीर्थयात्री सोमनाथ और द्वारकाधीश दर्शन कर सोमवार शाम को वापस आ गए। इस योजना अंतर्गत राज्य के 24 जिलों से 60 वर्ष से अधिक उम्र के लगभग एक हजार बीपीएल हिन्दू धर्मावलंबियो का जत्था 20 मार्च को द्वारिका एवं सोमनाथ तीर्थयात्रा को गए थे। झारखंड सरकार के द्वारा आयोजित इस तीर्थ दर्शन योजना पर गए सभी तीर्थयात्रियों के सकुशल वापसी पर उपायुक्त हजारीबाग नैंसी सहाय,जिला खेल पदाधिकारी , जिला योजना पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी को शुभकामनाएं दिया। यात्रा पर गए नोडल अधिकारीयो ने बताया कि सभी तीर्थ यात्रियों को दर्शन के क्रम में गुजरात द्वारिका के प्रसिद्ध द्वारिका धीश मन्दिर, द्वादश नागेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर, रुकमणी मंदिर, भड़केश्वर शिव मंदिर, सुदामा झूला, गोमती नदी ,समुद्र दर्शन वहीं सोमनाथ में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर ,श्री राम मंदिर, त्रिवेणी संगम का दर्शन कराया गया ।

# बच्चों को शिक्षा देना विद्या भारती का लक्ष्य: तिवारी



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग में चल रहे तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला में आज बतौर मुख्य अतिथि विद्या विकास समिति झारखंड के प्रदेश सचिव, अजय कुमार तिवारी ने आचार्यों को संबोधित करते हुए पंचपदी अभिनव शिक्षण पद्धति पर आधारित बच्चों को शिक्षा देने की बात कही। मौके पर उन्होंने कहा पंचपदी शिक्षण पर आधारित शिक्षा देने से उनका ज्ञानात्मक विकास एवं भावनात्मक विकास होता है। उन्होंने कहा आप सभी विभिन्न शिक्षण विधियों का प्रयोग कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों को दें। आप उनका मूल्यांकन अवश्य करें। बच्चों का स्किल डेवलपमेंट करें। बच्चों के ज्ञान विकास हेतु कक्षा प्रबंधन, टी एल एम, पी एल एम, शिक्षण विधियां, राइटिंग-रीडिंग स्किल, अधिगम सामग्री आदि पर उन्होंने कार्यशाला में आचार्यों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा सरस्वती के इस मंदिर में शिशु भगवान के समान हैं। आप अपने अध्यापन से उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर बच्चों का सर्वांगीण विकास कराएं। गौरतलब है कि यह कार्यशाला का समापन दिनांक 29 मार्च 2023 को होगा। आज कार्यशाला में अध्यक्षीय आशीर्वचन देते हुए विद्यालय के अध्यक्ष श्रद्धानंद सिंह ने कहा- आप सभी आचार्यों के सतत प्रयास से भैया -बहनों का सर्वांगीण विकास होगा। आप अपने दायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ करें। कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय आशुतोष जी, विभाग प्रचारक, हजारीबाग ने राष्ट्र निर्माण में संघ की भूमिका एवं अमित कुमार सिंह, सह प्रमुख, प्रांत पर्यावरण शिक्षा, विद्या विकास समिति, झारखंड ने संकुल योजना में विद्यालय की भूमिका विषय पर आचार्यों को संबोधित किया।

चौपारण से प्रथम श्रेणी में मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली

## दिव्यांग छात्रा रेखा कुमारी को उपायुक्त ने बैटरी ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल दिया




राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग उपायुक्त नैंन्सी सहाय के द्वारा बाल विकास परियोजना,चौपारण अन्तर्गत दैहर ग्राम की दिव्यांग छात्रा रेखा कुमारी, माता/पिता- लीला देवी/ दशरथ दांगी को वर्ष 2022 में उत्क्रमित विद्यालय दैहर, चौपारण से प्रथम श्रेणी में मैट्रिक उत्तीर्ण होने के उपरांत समाज कल्याण विभाग के ओर से निःशुल्क बैटरी ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल उपलब्ध कराया गया है। जिलान्तर्गत समाज कल्याण विभाग की ओर से बैटरी ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल प्राप्त करने वाली ये पहली लाभुक हैं। वितरण के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इन्दु प्रभा खलखो भी उपस्थित थे।

## सदर विधायक सहित कई गणमान्य शोभायात्रा में हुए शामिल



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी की पुरानी परंपरा एक बार फिर हजारीबाग में जीवंत होता प्रतीत हो रहा है। पुराने समय के अनुसार हजारीबाग में आधुनिक तरीके से पूरी तरह सौहार्दपूर्ण वातावरण में अनुशासित होकर झंडा यात्रा की अनोखी शुरूआत सनराइज ग्रुप में की तो उनका यह पहल अन्य क्लबों के लिए भी प्रेरक साबित हो रहा है। सनराइज ग्रुप के शोभायात्रा के तर्ज पर मंगलवार को सार्वजनिक रामनवमी महासमिति, कोर्रा द्वारा रामनवमी महापर्व को लेकर सप्तमी के अवसर पर शहर के विभिन्न मार्गों में आकर्षक झंडा शोभायात्रा निकाला गया। जिसमें देश के मशहूर महाराष्ट्र के रणबाध ढोल ताशा पथक के साथ मराठा कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति कर समाँ बांध दिया। शोभा यात्रा में परंपरागत कला कौशल का शानदार प्रदर्शन किया । बाल- गोपालों द्वारा भी झंडों का परचम लहराया गया। शोभायात्रा का उद्घाटन सदर विधायक मनीष जायसवाल, बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव, समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह, भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, अनिल गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोगों ने झंडा दिखाकर किया ।

**आयोजन** शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर के नेतृत्व में सारे ग्रामीण अंग्रेजों के खिलाफ हो गए थे

# पराक्रमी और गुरिल्ला युद्ध में माहिर थे: विकास

▶▶ भोक्ता समाज ने आज के दिन झारखण्ड सरकार से कई माँग रखी

▶▶ उनकी सभी माँग जायज है इसको झारखण्ड सरकार अविलम्ब पूरा करे

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग :** आजसू पार्टी की हजारीबाग जिला कमिटी द्वारा जिला अध्यक्ष विकास राणा के नेतृत्व में 1857 के सिपाही विद्रोह के नायक शहीद नीलाम्बर - पीताम्बर का शहादत दिवस मनाया गया और सभी आजसू पार्टी कार्यकताओं ने उनकी प्रतिमा पर फूलमाला पहनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आजसू पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन में 1857 की क्रांति के नायक शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर पराक्रमी और गुरिल्ला युद्ध के माहिर थे। पलामू क्षेत्र के रहने वाले शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर के नेतृत्व में सारे ग्रामीण अंग्रेजों के खिलाफ हो गए थे। भोक्ता समाज से आनेवाले शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर की याद में उनके नाम से ही पलामू क्षेत्र में नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। भोक्ता समाज ने आज के दिन झारखण्ड सरकार से कई माँग रखी। उनकी सभी माँग जायज है इसको झारखण्ड सरकार अविलम्ब पूरा करे। आजसू पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा के नेतृत्व में आयोजित शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर के श्रद्धांजलि के इस कार्यक्रम में आजसू पार्टी के केन्द्रीय सदस्य आनन्द सिंह, केन्द्रीय सदस्य विजय वर्मा, केन्द्रीय सदस्य सुरेन्द्र महतो, जिला प्रधान सचिव कपिलदेव महतो, महिला मोर्चा की केन्द्रीय सचिव संगीता बरला, महिला जिला अध्यक्ष सुहानी एक्का, जिला कोषाध्यक्ष अजय कुमार, जिला सचिव विवेक कुमार राणा, ओबीसी के कटकमदाग प्रखण्ड अध्यक्ष अवध किशोर साव, उपेंद्र कुमार, भोक्ता गंजू, रमेश कुमार गंजू, विजय गंजू, मदन गंजू, प्रदीप कुमार गंजू, तेजो गंजू, अमृत गंजू सहित सैकड़ो लोग शामिल थे ।

## न्यूज फटाफट

### भारतीय संस्कृति को अपनाकर ही हम प्राचीन गौरव को प्राप्त कर सकते हैं

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मालवीय मार्ग, हजारीबाग में विद्या विकास समिति, झारखंड के योजनानुसार तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला के दूसरे दिन वंदना सभा में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हजारीबाग के विभाग प्रचारक माननीय आशुतोष भारती, इंटर साइंस कॉलेज हजारीबाग के प्राचार्य डॉक्टर बसंत कुमार झा, विनोबा भावे विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य सह संस्कार भारती के प्रांत महामंत्री संजय कुमार श्रीवास्तव एवं विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के माननीय कोषाध्यक्ष पंकज जायसवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन, मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर द्वितीय दिवस की कार्यशाला का शुभारंभ किया। अतिथि वृंद का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान संजीव कुमार झा ने कराया। आगत अतिथियों को अंग वस्त्र एवं श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। द्वितीय दिवस की कार्यशाला की प्रस्तावना को प्रधानाचार्य श्रीमान संजीव कुमार झा ने रखते हुए इसके उद्देश्य पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में डॉक्टर बसंत कुमार झा ने कहा कि हम वर्तमान समय में प?िमी सभ्यता के प्रभाव में आकर अपनी गौरवशाली परंपरा एवं संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं जिसका दुष्प्रभाव वर्तमान समाज में देखने को मिल रहा है। उन्होंने प्राचीन शिक्षा पद्धति एवं अपनी भारतीय संस्कृति के गौरवशाली अतीत के बारे में चर्चा करते हुए कहां कि हम सही मायने में संस्कृत एवं अपनी संस्कृति को जीवन में व्यवहारिक रुप से उतार कर ही अपनी शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ कर सकते हैं। आगे उन्होंने कहा की हम अपने ज्ञान के कौशल में नि?ित रूप से आगे बढ़ाएं लेकिन अपनी सभ्यता एवं संस्कृति को नहीं भूले। उन्होंने उपस्थित आचार्य बंधु भगिनी को स्वाध्याय करने के लिए प्रेरित करते हुए अपने अनुभव की चर्चा की एवं इससे होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, हजारीबाग विभाग के विभाग प्रचारक माननीय आशुतोष भारती ने अपने आशीर्वचन में कहा कि शिक्षा प्राप्त करने का मतलब यह नहीं है कि हम अपनी सभ्यता एवं संस्कृति को भूल कर स्वयं में सिमटकर रह जाए बल्कि अपनी संस्कृति एवं गौरवशाली इतिहास को हमेशा स्मरण करते हुए तथा अपने प्राचीन महापुरुषों के जीवन से सीख लेते हुए देश को सतत विकास के पथ पर ले जाने के लिए अग्रसर रहना चाहिए और अपना लक्ष्य होना चाहिए की अपना देश फिर से विश्व गुरु बन सके। द्वितीय दिवस के कार्यशाला में भैया/बहनों के पठन-पाठन के विकास, आचार्य बंधु भगिनी विकास, अभिभावक विकास, अध्यापन कौशल विकास, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षण, विद्यालय की समय सारणी, अपना विद्यालय आदर्श कैसे बने इत्यादि बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए वर्ष भर की कार्य योजना बनाई गई। संघ प्रार्थना के प?ात द्वितीय दिवस के कार्यशाला का समापन हुआ ।

### एनटीपीसी लिमिटेड ने जिला प्रशासन को इक्कीस सौ टी-शर्ट एवं पांच सौ लाठी सौंपा महाप्रबंधक सह परियोजना : प्रमुख फैज



**हजारीबाग :** हजारीबाग केरेडारी कोयला खनन परियोजना,एनटीपीसी लिमिटेड के महाप्रबंधक सह परियोजना प्रमुख फैज तैयब ने अनुमंडल पदाधिकारी,सदर विधा भूषण कुमार के अनुरोध पर जिला प्रशासन को रामनवमी 2023 के अवसर पर सहयोग स्वरुप 2100 सौ टी शर्ट तथा पांच सौ लाठी का योगदान दिया। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी लिमिटेड आगे भी जिला प्रशासन का हरसंभव सहयोग करता रहेगा।

### प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय मेरू कैंप हजारीबाग में आज बुधवार समय 11 बजे महानिरीक्षक : इन्द्रजीत



**हजारीबाग :** हजारीबाग बल मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल नई दिल्ली के आदेशानुसार प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय मेरू कैंप हजारीबाग में आज बुधवार समय 11 बजे महानिरीक्षक, इन्द्रजीत सिंह राणा प्रशिक्षण केन्द्र एंव विद्यालय के तत्वावधान में परिसर स्थित सीमा प्रिया हॉल में वर्ब मीटिंग का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें केन्द्रीय सशस्त्र बलों यानि (उअढऋ) के सेवानिवृत कार्मिकों, की समस्याओं, कल्याण व स्वरोजगार के बारे में विस्तार से चर्चा की जाएगी। समस्याओं का निवारण राज्य सरकार भारत सरकार द्वारा यथोचित व्यवस्थित कराया जाएगा। हजारीबाग जिला क्षेत्र में रहने वाले सीमा सुरक्षा बल व अन्य केन्द्रीय सशस्त्र बलों के सेवा निवृत कार्मिकों को आहवान किया जाता है कि वें समय प्रात: 10 बजे प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय मेरू हजारीबाग में पहुंच कर अपनी समस्याओं का निवारण कर सकते है। आप अपने आने की सुचना निरीक्षक सुबेदार संतोष सिन्हा मोबाईल नम्बर 9065923872 पर पहले ही प्रदान करे ताकि उचित व्यवस्था की जा सके।

### साकची धालभूम क्लब मैदान में 30 मार्च को मनेगा राजस्थान दिवस

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा आगामी 30 मार्च गुरूवार की शाम को साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन के सामने धालभूम क्लब मैदान में राजस्थान दिवस (आपणो राजस्थान कार्यक्रम) धूमधाम से मनाया जायेगा। इस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की सभी तैयारियां पुरी कर ली गयी हैं, जिसमें राजस्थानी संस्कृति की झलक दिखेगी। इस आयोजन में प्रवेश पूरी तरह नि:शुल्क है। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए राजस्थान से कलाकार आ रहे है। इस संबंध में मंगलवार को मारवाड़ी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष मुकेश मित्तल ने साकची श्री अग्रसेन भवन में मीडिया से बातचीत करते हुए आगे बताया कि आपणो राजस्थान कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण कठपुतली नाच, मेहंदी, बच्चों के लिए झूला, लाख की चूड़ी, मिट्टी के बर्तन, ऊँट की सवारी, चोकी ढाणी, राजस्थानी व्यंजन, चूर्ण, तोता पंडित, शूटिंग, सेल्फी कार्नर, बच्चों के लिए बांसुरी, टॉफी कैंडी, कॉटन कैंडी, झालमुरी, चटपटी, आइस क्रीम, पुचका, कचोरी चाट, बाबा चाट, मंगोड़ी-पापड़-अचार-खजला के काउंटर, राजस्थानी स्टोर इत्यादि होगा। चौधरी ओर कोषाध्यक्ष मोहित शाह ने संयुक्त रूप से बताया कि इस आयोजन में पूर्वी सिंहभूम जिला के हर क्षेत्र सहित पड़ोसी जिला से भी हजारों की संख्या में समाज के बुजुर्ग, युवा एवं नारी शक्ति शामिल होंगें। उन्होंने समाज के सभी लोगों से पारम्परिक राजस्थानी परिधान में आने का अनुरोध किया हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बच्चे, महिलाएं, पुरूष और युगल जोड़ी को सर्वश्रेष्ठ राजस्थानी ड्रेस पुरूस्कार से सम्मानित किया।

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र प्रदेश
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

**जानकारी** एडीजी हेड क्वार्टर के पद के लिए एक बड़ी लॉबी हो रही है तैयार

# पुलिस मुख्यालय के एक अधिकारी अपने चहेते को बनाना चाहते हैं एडीजी हेड क्वार्टर

▶▶ नए डीजीपी आर एस भट्टी के योगदान देने के बाद होने लगी थी चर्चाएं

**दीपक नौरंगी**





**पटनाः** बिहार में दिसंबर महीने में डीजीपी आर एस भट्टी ने अपना पदभार संभाला था उसके बाद आईपीएस अधिकारी का दिसंबर महीने के अंतिम में प्रमोशन का समय था दिसंबर महीने में कई आईपीएस अधिकारी का प्रमोशन हुआ एक आई जी को एडीजी के प्रमोशन मिला तो राज्य सरकार के भरोसेमंद आईएएस और आईपीएस अधिकारी में यह चर्चा होने लगी थी अब एडीजी हेड क्वार्टर जितेंद्र सिंह गंगवार का तबादला होगा और उनके स्थान पर नए एडीजी की पोस्टिंग होगी इस पोस्टिंग को लेकर सरदार पटेल भवन में आईपीएस महकमे के आला अधिकारियों में कई तरह की चर्चाएं देखी गई राज्य सरकार के एक रिटायर आईएएस अधिकारी की भूमिका भी बड़ी मानी जा रही है।? क्योंकि पुलिस मुख्यालय के एक बड़े आला अधिकारी अपने चहेते को एडीजी हेड क्वार्टर बनाना चाहते हैं। डीजीपी आर एस भट्टी ने 19 दिसंबर को रात के 7:45 बजे अपना पदभार संभाला था के बाद पुलिस हेडक्वार्टर में एडीजी स्तर के अधिकारियों के तबादले को लेकर चर्चाएं शुरू होने लगी आईपीएस अधिकारी के प्रमोशन के समय एडीजी स्तर के अधिकारियों के तबादले की फाइल बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास पहुंचती है तो बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने करीब रहे आईएएस और आईपीएस अधिकारी को अपनी आंखों से निहारते हैं और एडीजी स्तर के बड़े पुलिस पदाधिकारी के तबादले को लेकर राजी नहीं होते हैं इसको लेकर एक रिटायर आईएएस अधिकारी और पुलिस मुख्यालय के एक बड़े सीनियर आईपीएस अधिकारी की गोलबंदी की जानकारी मुख्यमंत्री महोदय तक पहुंची होगी यह चर्चा है कि एडीजी स्तर के अधिकारियों के तबादले को लेकर जो लिस्ट तैयार की गई थी इससे पहले भी एडीजी हेड क्वार्टर जितेंद्र कुमार हुआ करते थे पूर्व डीजीपी एसके सिंघल से किन कारणों से एडीजी हेड क्वार्टर का विवाद हुआ यह बता पाना कठिन है लेकिन यह बातें काफी चर्चा में रही कि डीजीपी एसके सिंघल और एडीजी हेड क्वार्टर जितेंद्र कुमार के बीच कई कारणों से मतभेद की बात चर्चा का विषय बनी रही। एडीजी हेडक्वार्टर जितेंद्र कुमार किस तरह से लंबी छुट्टी पर चले गए एडीजी जितेंद्र कुमार इतनी लंबी छुट्टी जाने पर पर्दे के पीछे कई तरह की चर्चाएं होती रही। अंततः सरकार ने एडीजी हेडक्वार्टर जितेंद्र कुमार का तबादला एडीजी सीआईडी में किया। हाल फिलहाल कई महीनों से एडीजी स्तर के अधिकारियों के मामले को लेकर जोर शोर से चर्चाएं हैं इससे पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एडीजी स्तर के लिस्ट में अपने किसी प्रकार की सहमति नहीं जताई है जिनके तबादले की चर्चा कई महीनों से सुर्खियां बटोर रहे है। किन-किन एडीजी स्तर के अधिकारियों का होना था तबादला एक नंबर में एडीजी हेड क्वार्टर दूसरे नंबर में एडीजी एटीएस और तीसरे नंबर में स्पेशल ब्रांच की एडीजी चौथे नंबर में एडीजी एसटीएफ स्तर के एडीजी रैंक के अधिकारियों चर्चा सरगर्मी बनी हुई थी हाल फिलहाल एडीजी स्तर के अधिकारियों के तबादले पर फिर से क्यों चर्चा होने लगी इसको लेकर रिटायर आईएएस अधिकारी की बात माने तो एडीजी हेड क्वार्टर बनाने के लिए फिर से उक्त एडीजी के लिए एक मजबूत लॉबी भी तैयार होने लगी है। अब देखना यह है कि उन चर्चाओं में कुछ सच्चाई है भी या नहीं या सच में जूनियर एडीजी रैंक के आईपीएस को क्या सच में एडीजी हेड क्वार्टर बनाया जा सकता है इन सब चर्चा पर कितना भरोसा किया जा सकता है यह कहना मुश्किल है।

सरहूल उत्सव के बाद ही अपराधियों ने रात के अंधेर में की गड़बड़ी

# भगवान बिरसा की मूर्ति तोड़े जाने के बाद इलाके में तनाव

**राष्ट्रीय खबर**



**मालदाः** अज्ञात अपराधियों ने स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा को तोड़ा है। इसके चलते डुआर्स के आदिवासी समुदाय ने विरोध में आवाज उठाई। सैकड़ों लोगों ने सड़क जाम कर विरोध जताया। घटना डुआर्स के मटेली प्रखंड के इंडोंग चबगान मोड़ की है। पता चला है कि कुछ साल पहले इंडोंग मोड़ में स्वतंत्रता सेनानी बिरशा मुंडा की पूरी लंबाई की मूर्ति स्थापित की गई थी। साल के अलग-अलग समय में आदिवासी समुदाय के लोग इस मूर्ति की पूजा किया करते थे। कई लोग आते-जाते समय विनम्र सम्मान में अपना सिर झुकाते थे। ऐसे ही एक आदरणीय शख्स की प्रतिमा पर रविवार की रात कुछ कहर टूट पड़ा।

इस घटना की जानकारी स्थानीय लोगों को सुबह हुई। खबर पाकर पास के चाय बागानों से सैकड़ों की संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। उन्होंने राज्य सरकार को जाम कर विरोध जताया। उन्होंने दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करने और कड़ी सजा देने की मांग की। सूचना मिलने पर मेटेली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। करीब 4 घंटे तक सड़क जाम करने के बाद प्रशासन के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए। घटनास्थल पर खड़े आदिवासी समाज के नेता ईसाई खरिया, एनी कुजूर ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा स्वतंत्रता सेनानी हैं। हम उन्हें भगवान के रूप में सम्मान देते हैं। उनका न केवल आदिवासी समुदाय बल्कि देश के लोग भी सम्मान करते हैं। ऐसे व्यक्ति की मूर्ति को तोड़ना एक निंदनीय अपराध है। हमने प्रशासन से कुछ मांगें रखी हैं। सबसे पहले दोषियों को तुरंत गिरफ्तार कर सजा दी जाए। दूसरा सरकार की पहल के तहत अगले 7 दिनों में नई प्रतिमा स्थापित की जाए और तीसरा यहां सीसी कैमरे लगाकर नियमित पुलिस पेट्रोलिंग की व्यवस्था की जाए। प्रशासन से आश्वासन मिला तो लोगों ने सड़क अवरोध खत्म कर दिया है। इसके बाद अगर वादे के मुताबिक काम नहीं हुआ तो होगा बड़ा आंदोलन। मेटेली थाना पुलिस के मुताबिक घटना की जांच शुरू कर दी गई है। बदमाशों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा, हालांकि इस घटना की डुआर्स के सभी स्तरों के लोगों ने कड़ी निंदा की है।

# जनता दरबार का हुआ आयोजन

**राष्ट्रीय खबर**



**मेदिनीनगर (पलामू):** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्तिथ अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया.जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया. जनता दरबार में चैनपुर से आयी नेहा कुमारी ने उपायुक्त के समक्ष अपने ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित किये जाने को लेकर शिकायत किया।

उन्होंने डीसी से कहा कि दहेज की मांग को लेकर उनके ससुराल वाले उससे मारपीट करते हैं इसकी शिकायत उसने चैनपुर थाने व महिला थाने में की लेकिन अबतक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गयी है इसपर उपायुक्त ने महिला थाना प्रभारी को कॉल कर एफआईआर दर्ज करने की बात कही.इसी तरह लघु सिंचाई मेदनीनगर प्रमंडल के रिटायर्ड जंजीरवाहक दिनेश प्रसाद सिंह ने उपायुक्त को बताया कि महालेखाकार रांची द्वारा उनको सेवानिवृत्ति के उपरांत उपादान की स्वीकृति प्रदान किया गया है परंतु कोषागार पदाधिकारी पलामू द्वारा स्वीकृति आदेश की कोषागार प्रती गुम हो जाने के कारण उनका भुगतान लंबित है.अतः उन्होंने उपायुक्त से अपने उपादान भुगतान करवाने हेतु अनुरोध किया इसपर उपायुक्त ने कोषागार पदाधिकारी को अपने कार्यालय में बुलाकर रिटायर्ड कर्मी के उपादान भुगतान सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया.इसी तरह छतरपुर से आयी मालती देवी ने कहा कि उनका एकमात्र मकान एनएच 98 के नवनिर्माण सड़क के क्षेत्र में आ गया है जिसका पुनः मूल्यांकन की आवश्यकता है उन्होंने डीसी से इस विषय पर पुनः मूल्यांकन हेतु अनुरोध किया इसपर उपायुक्त ने त्वरित कार्रवाई करते हुए भू-अर्जन विभाग के अमीन को बुलाकर उचित कार्रवाई करने की बात कही।

इसी तरह सेवानिवृत्ति शिक्षक उमेश प्रसाद चौधरी ने भी उपायुक्त से रिटायरमेंट के पश्चात पेंशन व अन्य पावना नहीं मिलने की शिकायत की जिसके बाद उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधीक्षक को उचित कार्रवाई करने की बात कही।

### उपायुक्त ने विभिन्न मामलों को लेकर कई बीडीओ-सीओ को किया फोन

जनता दरबार में आये विभिन्न फरियादियों के मामलों के निष्पादन हेतु उपायुक्त ने सदर सीओ,जिला शिक्षा अधीक्षक,मनातू सीओ, हुसैनाबाद एसडीओ विभिन्न अंचलाधिकारी समेत कई पदाधिकारियों को ऑन स्पॉट फोन कर मामलों का तेज गति से निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया।इसी तरह आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी,वृद्धा पेंशन,प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज से जुड़े आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।

# विश्व रंगमंच दिवस पर संवाद कार्यक्रम



**राष्ट्रीय खबर**

**पलामूः**इप्टा पलामू इकाई के द्वारा विश्व रंगमंच दिवस के मौके पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संवाद का विषय था कैसा हो जनता का रंगमंच। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ रंगकर्मी प्रसिद्ध राम की अध्यक्षता में प्रारंभ हुई।

विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर मिस्र की लोकप्रिय अभिनेत्री समीहा अयूब द्वारा जारी संदेश के पाठ से कार्यक्रम की शुरूआत की गई। समीहा अयूब ने अपने जारी संदेश में स्तनिस्लावस्की के संवाद को याद करते हुए कहा है कि ₹कीचड़ सने पैरों से कभी रंगमंच में प्रवेश मत करो। कीचड़, गंदगी,अपनी दुश्चिंताओं और छोटी छोटी दिक्कतों को वाह्य आवरण के साथ बाहर छोड़ दो। जीवन को नष्ट करने वाली और तुम्हारी एकाग्रता को भंग करने वाली चीजों को कला से दूर बाहरी दरवाजे पर रखो। समीहा अयूब द्वारा जारी संदेश को तमाम रंग कर्मियों और बुद्धिजीवियों ने सुना। उसके बाद कैसा हो जनता का रंगमंच विषय पर लोगों ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किए। इस क्रम में प्रोफेसर कृष्ण कुमार मिश्र ने नाटक की परंपरा को बहुत पुरानी परंपरा बताया। साथ ही उन्होंने पारंपरिक रंगमंच के स्वरूपों को विस्तार से रखा। अखिल भारतीय किसान सभा के प्रांतीय अध्यक्ष केडी सिंह ने रंगमंच की पुरानी परंपराओं के इतिहास को याद करते हुए कहा कि जनता का रंगमंच जनता की भाषा में हो। साथ ही वर्तमान में तकनीकी विकास को ध्यान में रखते हुए जनता के विषयों को केंद्र में रखा जाए। झारखंड के महासचिव उपेंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि पहले के दौर में नुक्कड़ नाटक करने वाले को रंगमंच के कलाकार अपने बराबर नहीं समझ सकते थे।

## न्यूज फटाफट

### वर्षो से चल रहे हैं अवैध शराब की कई दुकानें

**हरिहरगंज /पलामू :** एनएच 98 से सटे अररुआखुर्द स्थित कॉलेज मोड़ रोड , पाठक विगहा , वैद्य विगहा और मेन रोड एनएच 98 किनारे वर्षों से दर्जनाधिक अवैध शराब की दुकानें बेरोकटोक चल रही है। कई लोगों ने बताया कि इस कॉलेज रोड में देवी मंदिर , मोती राज महिला इंटर कॉलेज , समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अलावा सरकारी और गैर सरकारी शैक्षणिक संस्थान भी हैं। जिस रास्ते से होकर बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं पठन पाठन के लिए स्कूल कॉलेज जाया करते हैं। जबकि शहर में संचालित सीएचसी अब अररुआ कला – अंबा गांव के समीप नव निर्मित अस्पताल में शिप्ट हो जाने के कारण इस रास्ते से काफी संख्या में मरीजों को इलाज के लिए आना जाना लगा रहता है। वहीं इस रोड से स्कूल वाहन और एम्बुलेंस व निजी स्कूल वैन भी गुजरते हैं। परन्तु कॉलेज मोड़ से अंबा होते हुए अररुआ कला गांव के समीप सहकारिता विभाग के पुराना पैक्स भवन तथा कॉलेज के समीप पोखरा स्थित न्यू पैक्स भवन स्थित फुटपाथी गुमटी में लिटी चोखा , सामोसा ,नमकीन व अंडा दुकानों की आड़ में अवैध तरीके से महुआ निर्मित शराब की धड़ल्ले से बेरोकटोक बिक्री हो रही है। जहां नशेड़ियों की अश्लील हरकत से आस पास का माहौल बिगड़ा हुआ रहता है। यहां कभी भी किसी के साथ बेवजह झगड़ा और अपमान जनक बातें मन को तकलीफ पहुंचाती है। सबसे ज्यादा परेशानी तो स्कूली विद्यार्थियों को झेलना पड़ता है। बावजूद इसके उत्पाद विभाग के अधिकारियों का ध्यान इस ओर कभी नहीं गया। आस पास के कई लोगों ने नाम न जाहिर करने के शर्त पर कहा कि धंधेबाजों के साथ आबकारी विभाग के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से ही अवैध शराब का धंधा फल फूल रहा है। उनका कहना है कि अगर इसमें किसी तरह का संरक्षण प्राप्त नही है तो फिर धंधेबाजों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जाती है ? यह आबकारी विभाग के नियत पर जरूर सवाल खड़ा करता है।

### छठ घाट के सौंदर्यीकरण का विधायक ने किया शिलान्यास

**छतरपुर (पलामू):** छतरपुर क्षेत्र के बहुचर्चित राम जानकी मंदिर ठाकुरबाड़ी में स्थित विवाह मंडप व मन्देया नदी छठ घाट का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण का शिलान्यास छतरपुर पाटन विधायक पुष्पा देवी,व भाजपा नेता पूर्व सांसद मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से किया मौके पर भाजपा नेता मनोज कुमार ने कहा छतरपुर पाटन के विकास के लिए हम सदैव तत्पर हैं ठाकुरबाड़ी मन्दिर की भव्यता से छत्तरपुर की पहचान है विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि विवाह मण्डप के साथ छठ घाट का सौंदर्यीकरण होगा क्योंकि छत्तरपुर में मन्देया नदी छठ घाट पर बहुत भीड़ होती है मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष मोहन जायसवाल नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा विधायक प्रतिनिधि शम्भु यादव,मन्दिर समिति के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, मनोज गुप्ता, सुबोध सोनी,जितेंद्र गुप्ता, पोखराज राम,समाजसेवी मोहन गुप्ता, अजय गुप्ता,जगदीश रजक, मुखिया पूरन यादव व अन्य उपस्थित थे।

### छठ घाट पर अजय गुप्ता ने किया भिक्षाटन

**हुसैनाबाद (पलामू) :** सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा हुसैनाबाद में पूरे भक्ति भाव के साथ श्रद्धापूर्ण माहौल में मनाई गई। स्थानी जेपी चौक स्थित छठ पोखरा, दिनेश चौक के समीप उत्तर कोयल नहर स्थित जमुहारी माई छठ घाट, दंगवार के सोन तट स्थित ऐतिहासिक सूर्य मंदिर छठ घाट, देवरी सोन नदी आदि अन्य जगहों पर छठी मईया की पूजा की गई। व्रतियों ने मंगलवार को उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया इसके साथ ही चैती छठ पर्व श्रद्धापूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। इधर जमुहरि मई छठ घाट परिसर में सूर्य मंदिर निर्माण को लेकर श्री चारधाम मन्दिर समिति व भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने घाट पर भिक्षाटन किया।

# रामनवमी पर्व के मद्देनजर किया गया मॉक ड्रिल अभ्यास

▶▶ महिला व पुलिस जवानों को समझाया गया एवं बताया गया की विषम परिस्थिति में जवानों को शरारती तत्वों से किस प्रकार से निपटना

**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़:** आगामी रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में निपटाने के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। इसे लेकर प्रशासन द्वारा कई दिशा निर्देश जारी किया गया है। इस क्रम में एसपी पी जनार्दन के निर्देश पर पुलिस केंद्र पाकुड़ में एसडीपीओ अजीत कुमार विमल के नेतृत्व में मॉक ड्रिल का अभ्यास कराया गया। महिला व पुलिस जवानों को समझाया गया एवं बताया गया की विषम परिस्थिति में जवानों को शरारती तत्वों से किस प्रकार से निपटना है। उनके बातचीत करने के तरीके, स्थिति पर किस प्रकार से नियंत्रण करना है। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि रामनवमी पर्व शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। विषम परिस्थिति में किसी भी हालत से निपटने के लिए जवानों को प्रशिक्षित किया गया है।

# पिकअप के धक्के से बाप और बेटी की मौत

▶▶ सड़क जाम में घंटो फसे छठ व्रती व परीक्षार्थी

**राष्ट्रीय खबर**



**नावाबाजार (पलामू):** एनएच 98 पर नावा बाजार तथा छतरपुर थाना क्षेत्र के सिवाना पर आज सुबह 5:30 बजे मेदिनीनगर की ओर से आ रही पिकअप वाहन व नावा बाजार से चेगौना धाम चना बेचने जा रहे बाप बेटी को धक्का मार दिया जिसमें नावा बाजार निवासी फिरोज खान की 15 वर्षीय पुत्री शम्मा परवीन की घटनास्थल पर मौत हो गयी और उनके पिता फिरोज खान गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल फिरोज खान को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से एमएमसीएच मेदिनीनगर भेजा गया जहां इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गयी।पुलिस ने पिकअप वाहन तथा चालक को अपने कब्जे में ले लिया इस घटना के बाद मृतक और घायल के परिजनों द्वारा एनएच 98 मुख्य पथ को जाम कर दिया गया जिससे लंबी दूरी के वाहन, परीक्षार्थी और छठ व्रतधारी जाम टूटने का इंतजार करते रहे। बाद में पुलिस आयी और जाम हटवाया घटना के बाद छतरपुर एवं नावा बाजार की पुलिस पहुंची । मृतक के परिजनों ने इस अत्यंत गरीब परिवार को मुआवजा देने की मांग की है और सड़क पर असंतुलित गति से दौड़ रहे वाहनों को नियंत्रित करने को कहा है ।

# नीलाम्बर-पीताम्बर का समाधिस्थल पलामू प्रमण्डल का ऐतिहासिक धरोहर बनेगा : शत्रुघ्न कुमार शत्रु

**राष्ट्रीय खबर**



**पलामू :** महान स्वतंत्रता सेनानी व पलामू प्रमण्डल के महान बलिदानी सपुत लड़ाके पुरखे नीलाम्बर-पीताम्बर के 164 वें शहादत दिवस के अवसर पर उनके समाधिस्थल पर निर्मित शहीद बेदी पर झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु, राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रामप्रसाद बौद्ध, एससी, एसटी,ओबीसी एण्ड माइनोरिटी एकता मंच के अध्यक्ष रवि पाल,पलामू जिला पेंशनर समाज के जिला उपाध्यक्ष जंगाली महतो, समाजिक न्याय परिषद के पलामू संयोजक टाइगर रौशन मेहता, झारखण्ड क्रांति मंच के प्रदेश महासचिव विश्वनाथ राम व झारखण्ड क्रांति मंच के केन्द्रीय सचिव सह लेस्लीगंज के पूर्व जिला पार्षद सुश्री निर्मला कुमारी ने महान बलिदानी दोनों भाईयों नीलाम्बर-पीताम्बर के समाधिस्थल पर निर्मित शहीद बेदी पर पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने कहा कि इस धरती के सपुत महान स्वाधीनता सेनानी अमर शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर ने इस देश से गोरे अंग्रेजों को भगाने के लिए फांसी के फंदे को चूम लिया।

# पेयजल समस्या के समाधान एवं खराब चापाकल मरम्मती हेतु प्रखंड वाइज हेल्पलाइन नंबर जारी

▶▶ उपायुक्त के निर्देश पर गर्मी में पेयजल समस्या के समाधान एवं खराब चापाकल मरम्मती को लेकर

▶▶ सभी प्रखंडों के लिए अलग-अलग हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया

**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़:** गर्मी का मौसम शुरू है ऐसे में जिलेवासियों को पेयजल की समस्या नहीं हो इसके मद्देनजर उपायुक्त श्री वरुण रंजन के निदेर्शानुसार पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पाकुड़ द्वारा खराब चापाकलों की मरम्मत से संबंधित शिकायत के निष्पादन हेतु कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। जो 9:00 बजे पूर्वाहन से अपराहन 6:00 बजे तक कार्यरत रहेगा। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में उमेश किस्कू, निम्नवर्गीय लिपिक, मोबाइल संख्या- 9798796348 एवं संदीप कुमार निम्नवर्गीय लिपिक, मोबाइल संख्या- 6207206524 पर संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। साथ ही प्रखंडवार कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता का मोबाइल नंबर भी प्रकाशित की जा रही है। जिसपर आमजनों द्वारा शिकायत दर्ज करना नलकूप मरम्मती कराई जा सकती है।

पाकुड़ प्रखंड, अमड़ापाड़ा प्रखंड एवं हिरणपुर प्रखंड के लिए कनीय अभियंता दिनेश मंडल, मोबाईल नम्बर- 9155863727 एवं सहायक अभियंता अभिजीत किशोर, मोबाईल नम्बर- 9773807198 पर संबंधित प्रखंड के आमजनों से अपील है कि इस नम्बर पर कॉल कर खराब चापाकलों की मरम्मती से संबंधित शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

लिट्टीपाड़ा प्रखंड के लिए कनीय अभियंता जेम्स मुर्मू, मोबाईल नम्बर- 8340763109 पर संबंधित प्रखंड के आमजनों से अपील है कि इस नम्बर पर कॉल करके खराब चापाकलों की मरम्मती से संबंधित शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## न्यूज फटाफट

### हैदराबाद एफसी का दामन छोड़ेंगे कोच मार्केज



**हैदराबाद :** हैदराबाद फुटबॉल क्लब के मुख्य कोच मनोलो मार्केज 2022-23 सत्र के अंत में अपना पद छोड़ देंगे। हैदराबाद को 2021-22 सीज़न में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) खिताब जिताने वाले स्पैनिश कोच ने अग्रिम रूप से क्लब छोड़ने के अपने फैसले की जानकारी दी। मार्केज अपना कार्यकाल समाप्त होने से पहले आगामी सुपर कप में हैदराबाद एफसी के साथ रहेंगे। हैदराबाद एफसी के मालिक वरुण त्रिपुरानेनी ने कहा, मनोलो के तहत क्लब के पिछले तीन सीजन अविश्वसनीय रहे हैं। एचएफसी के सभी सदस्यों की ओर से मैं मनोलो को उनके अपार योगदान के लिये धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने क्लब को लीग में सर्वश्रेष्ठ में से एक बना दिया। उन्होंने कहा, मनोलो ने हमें उपयुक्त प्रतिस्थापन खोजने के लिये पर्याप्त समय देते हुए फरवरी की शुरुआत में ही क्लब छोड़ने के अपने फैसले की सूचना दी। यह क्लब के प्रति उनका सम्मान दिखाता है।'' मार्केज ने अपने फैसले के बारे में कहा, हैदराबाद के साथ पिछले तीन सीजन शानदार और असाधारण रहे हैं। इसके लिये मैं क्लब के सभी सदस्यों को धन्यवाद देता हूं। सीजन अभी खत्म नहीं हुआ है। सुपर कप एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रतियोगिता है जहां हम प्रतिस्पर्धा करना और जीतना चाहते हैं। अगस्त 2020 में मार्केज के आने के बाद से एचएफसी ने पिछले तीन सत्रों में लगातार सुधार किया है। यह क्लब आईएसएल के 2020-21 सीजन में 29 अंक के साथ पांचवें स्थान पर, 2021-22 में 38 अंक के साथ दूसरे स्थान पर 2022-23 में 42 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जो हैदराबाद एफसी का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

**क्रिकेट** चेन्नई सुपर किंग्स के हरफनमौला बेन स्टोक्स बाएं घुटने की चोट के कारण

# आईपीएल की शुरुआत में स्टोक्स का गेंदबाजी करना मुश्किल



एजेंसियां

**चेन्नई :** चेन्नई सुपर किंग्स के हरफनमौला बेन स्टोक्स बाएं घुटने की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुरुआती हिस्से में सिर्फ बतौर बल्लेबाज खेल सकते हैं। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने इंग्लैंड के न्यूजीलैंड दौरे पर स्टोक्स के घुटने की पुरानी चोट उभर आयी, जिसके कारण उन्होंने दो टेस्ट मैचों में सिर्फ नौ ओवर गेंदबाजी की। स्टोक्स ने टेस्ट शृंखला समाप्त होने के बाद यह स्वीकार भी किया कि उन्हें घुटने की चोट के कारण परेशानी हो रही है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार, स्टोक्स की घुटने की रिपोर्ट सामान्य आयी है लेकिन उन्होंने इस समस्या के लिये कोर्टिसोन इंजेक्शन लिया है जो सूजन कम करने के काम आता है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी के हवाले से कहा, मेरा खयाल है कि वह बतौर बल्लेबाज खेलने के लिये तैयार हैं। गेंदबाजी के लिये हमें इंतजार करना होगा। इंजेक्शन लगने के बाद उन्होंने कल (रविवार को) हल्की गेंदबाजी की थी। उन्होंने कहा, चेन्नई और ईसीबी (इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड) के डॉक्टर साथ मिलकर काम कर रहे हैं। वह शुरुआती मैचों में ज्यादा गेंदबाजी नहीं करेंगे।

उम्मीद है कि हम टूर्नामेंट के किसी हिस्से में उनसे गेंदबाजी करवा सकेंगे। गौरतलब है कि सुपर किंग्स ने दिसंबर 2022 में हुई नीलामी में 16.25 करोड़ रुपये की कीमत पर स्टोक्स को टीम में शामिल किया था। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान स्टोक्स पिछले हफ्ते भारत पहुंचने के बाद अपनी नयी टीम के साथ अभ्यास कर रहे हैं। स्टोक्स बता चुके हैं कि वह आयरलैंड के खिलाफ एक जून से होने वाले टेस्ट और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 16 जून से शुरू होने वाली एशेज टेस्ट सीरीज के लिये आईपीएल फाइनल से पहले ही स्वदेश रवाना हो जायेंगे।

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज हसी ने एशेज में स्टोक्स की भागीदारी पर कहा, मैं चाहता हूं कि बेन स्टोक्स पूरी तरह फिट होकर एशेज में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। यह फ्रेंचाइजी बेहद पेशेवर है और सभी राष्ट्रीय बोर्डों के साथ मिलकर काम करती है। मैं जानता हूं कि हमारा फिजियो ईसीबी के फिजियो केााथ मिलकर काम कर रहा है। मैं चाहता हूं कि दोनों टीमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें और एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दें। आईपीएल की शुरुआत 31 मार्च को सुपर किंग्स और गुजरात जायंट्स के बीच मुकाबले से होगी।

## खेल जगत अपडेट्स »

### सत्यन, श्रीजा बने राष्ट्रीय चैंपियन



**जम्मू :** शीर्ष वरीयता प्राप्त सत्यन ज्ञानशेखरन और युवा पैडलर श्रीजा अकुला ने यूटीटी 84वीं सीनियर राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में क्रमशः पुरुष और महिला एकल के खिताब जीत लिये हैं। सत्यन ने जम्मू विश्वविद्यालय में सोमवार को खेले गये पुरुष एकल फाइनल में हरमीत देसाई को 4-0 (11-9, 11-7, 11-8, 11-5) से मात देकर अपना दूसरा खिताब जीता। अपना छठा फाइनल खेल रहे सत्यन ने इससे पहले 2021 में दिग्गज पैडलर अचंता शरत कमल को हराकर राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती थी। दूसरी ओर, श्रीजा खिताबी मुकाबले में सुतीर्था मुखर्जी को 4-2 (9-11, 14-12, 11-7, 13-11, 6-11, 12-10) से हराकर लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय चैंपियन बनीं। श्रीजा से पहले सिर्फ मौमा दास (2005 और 2006) ने अपने महिला एकल राष्ट्रीय खिताब का बचाव किया है। सत्यन ने जीत के बाद कहा, मैं शुरू से ही हर चीज के लिये तैयार था, लेकिन अंतिम स्कोरलाइन मेरे लिये एक आश्चर्य की बात थी। मुझे उम्मीद नहीं थी कि मैं हरमीत को इतनी आसानी से हराउंगा। पहले गेम में जब हरमीत ने 7-1 की बढ़त बना ली थी तब मेरे कोच एस. रमन ने मुझे बता दिया था कि मुझे आक्रामक रुख अपनाना है। सत्यन और श्रीजा को खिताब जीतने पर 2.75 लाख की पुरस्कार राशि से नवाज़ा गया। इसी बीच, पश्चिम बंगाल के जीत चंद्रा और अंकुर भट्टाचार्जी ने पुरुष युगल फाइनल में तेलंगाना के मोहम्मद अली और वंश सिंघल को सीधे गेम में 3-0 से हराकर ट्रॉफी जीती। श्रीजा अकुला और दीया चितले ने महिला युगल फाइनल में स्वर्ण पदक के लिये महाराष्ट्र की स्वास्तिका घोष और श्रुति अमृते की जोड़ी को 3-1 से हराया। मिश्रित युगल फाइनल में मानव ठक्कर और अंकुर भट्टाचार्जी ने पश्चिम बंगाल के अंकुर भट्टाचार्जी और मौमिता दत्ता को 3-0 से मात दी।

## भराली ने यूथ विश्व चैंपियनशिप में जीता कांस्य



एजेंसियां

**दुरेस (अल्बानिया ):** भारतीय भारोत्तोलक भराली बेदब्रते ने विश्व यूथ चैंपियनशिप में पुरुषों के 67 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीत लिया है। भारत के 15 वर्षीय भारत्तोलक ने सोमवार रात कुल 276 किग्रा भार उठाकर कांसे का तमगा हासिल किया। भराली ने स्नैच में 119 किलोग्राम भार उठाया, जबकि क्लीन एंड जर्क में उन्होंने 148 किग्रा की लिफ्ट को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। अर्मेनिया के शेरोजा बारसेग्यान ने 275 किग्रा (128 किग्रा + 147 किग्रा) के साथ स्वर्ण जबकि सऊदी अरब के मोहम्मद अल मरज़ौक ने 270 किग्रा (119 किग्रा + 148 किग्रा) के कुल भार के साथ रजत पदक जीता। भाराली ने क्लीन एंड जर्क वर्ग में भी 148 किग्रा का सर्वश्रेष्ठ भार उठाकर कांस्य पदक जीता। महाद्वीपीय और विश्व चैंपियनशिप में स्नैच,क्लीन एंड जर्क और कुल लिफ्ट के लिये अलग से पदक दिये जाते हैं, जबकि ओलंपिक खेलों में सिर्फ कुल लिफ्ट का पदक दिया जाता है। इस भार वर्ग में राष्ट्रमंडल खेल 2022 के चैंपियन जेरेमी लालरिनुंगा के नाम कुल (306 किग्रा), स्नैच (140 किग्रा) और क्लीन जर्क (166 किग्रा) का यूथ विश्व रिकॉर्ड हैं।

## क्राइस्टचर्च वनडे बारिश में धुला,श्रीलंका का विश्व कप क्वालीफिकेशन मुश्किल



एजेंसियां

**क्राइस्टचर्च :** न्यूज़ीलैंड के खिलाफ दूसरा एकदिवसीय मैच मंगलवार को बारिश की भेंट चढ़ने के कारण श्रीलंका की एकदिवसीय विश्व कप 2023 में सीधे क्वालीफाई करने की संभावनाओं को झटका लगा है। हैगली ओवल हल्की बारिश के आसार के बावजूद कुछ ओवर फेंके जाने की संभावना थी, लेकिन लगातार बारिश के कारण टॉस भी नहीं हो सका। वर्षाबाधित मैच शुरू करने का आखिरी समय स्थानीय समयानुसार शाम सात बजकर दो मिनट था। अंपायरों ने शाम चार बजकर 25 मिनट मैदान का जायज़ा लेकर मैच रद्द करने की घोषणा की। इस ड्रॉ के बाद दोनों टीमों ने विश्व कप सुपर लीग में बराबर अंक बांट लिये। सुपर लीग की शीर्ष आठ टीमों को विश्व कप में सीधा प्रवेश दिया जाता है। श्रीलंका इस समय 82 अंकों के साथ नौवे स्थान पर है, जबकि उसे विश्व कप से पहले सिर्फ एक और वनडे मैच खेलना है। श्रीलंका अगर शुक्रवार को होने वाले तीसरे वनडे में न्यूजीलैंड को हरा देता है तो वह 92 अंक के साथ वेस्ट इंडीज (88) को पछाड़कर तालिका में आठवें स्थान पर आ जायेगा। इसके अलावा श्रीलंका को उम्मीद करनी होगी कि दक्षिण अफ्रीका इस हफ्ते नीदरलैंड के खिलाफ होने वाले दो एकदिवसीय मैचों में से सिर्फ एक में ही जीत दर्ज कर सके। दक्षिण अफ्रीका (78) इस समय तालिका में 10वें स्थान पर है और नीदरलैंड से दोनों मैच जीतकर विश्व कप के लिये सीधा क्वालीफाई कर सकता है। गौरतलब है कि मैच रद्द होने के कारण पहला मुकाबला जीतने वाले न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला में 1-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। शृंखला का अंतिम मुकाबला हैमिल्टन के सेडन पार्क पर शुक्रवार को खेला जायेगा।

## जयंत ने की टाइटन्स के टीम माहौल की सराहना



एजेंसियां

**गुजरातः** गुजरात टाइटन्स के ऑफ-स्पिनर जयंत यादव ने मौजूदा आईपीएल चैंपियन की सफलता का राज बताते हुए कहा कि टीम के कमरे का माहौल बेहद शान्त रहता है जिससे खिलाड़ियों को मानसिक मदद मिलती है। जयंत ने टाइटन्स के ऐप ब्रांड जीटी पर मंगलवार को जारी वीडियो में कहा, टीम के कमरे का माहौल बेहद शान्त रहता है। इसका असर मैदान पर भी दिखता है। आईपीएल ऐसा टूर्नामेंट है जहां खिलाड़ियों पर काफी दबाव होता है और मुझे लगता है कि इससे हमें आईपीएल के साथ आने वाले दबाव को कम करने में मदद मिलती है।'' उन्होंने कहा, अगर आप हमारी टीम का संयोजन देखें तो हर कोई किसी के साथ किसी न किसी तरह पहले भी खेल चुका है। जब आप (टीम के कमरे में) टीवी पर कोई रेस या फुटबॉल मैच देख रहे होते हैं तो घर जैसा सुरक्षित वातावरण महसूस होता है। हमने इस टीम के भीतर इसी संस्कृति को तैयार किया है। टाइटन्स ने पिछले साल आईपीएल में पहली बार हिस्सा लेते हुए ट्रॉफी जीत ली थी, हालांकि जयंत बीते कल के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहे। उनका मानना है कि टाइटन्स को दोबारा सफल होने के लिये अपनी प्रक्रिया पर टिके रहना होगा। जयंत ने कहा, ''जो हो गया सो हो गया। वह हमेशा रहेगा और हमें इसे याद करते हुए इसका आनंद लेते रहने की जरूरत है। हमें दोबारा जीतने के लिये अपनी प्रक्रियाओं पर टिके रहना होगा और साथ ही साथ हर चीज में उत्कृष्टता हासिल करने की कोशिश करने की प्रक्रिया को जारी रखना होगा।''

# प्रियंका ने बॉलीवुड छोड़ने की वजह बतायी




एजेंसियां

**मुंबई :** जानी-मानी अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड छोड़कर हॉलीवुड में काम करने की वजह बतायी है। प्रियंका चोपड़ा ने बताया है कि उन्होंने बॉलीवुड इसलिए छोड़ा क्योंकि उन्हें मनचाहा काम नहीं मिल रहा था। इसके अलावा कुछ लोगों के साथ उनके रिश्ते भी खराब हो गए थे। प्रियंका चोपड़ा ने अमेरिका में काम की शुरुआत म्यूजिक के साथ की थी। प्रियंका चोपड़ा ने बताया कि उन्हें पहली बार अंजुला आचार्य ने एक म्यूजिक वीडियो में देखा था। इसके बाद उन्होंने सात खून माफ की शूटिंग के दौरान कॉन्टैक्ट किया और पूछा कि क्या वह अमेरिका में म्यूजिक करियर बनाने में दिलचस्पी लेगी। प्रियंका ने कहा, ''बॉलीवुड में एक किनारे कर दिया गया था। लोग मुझे कास्ट नहीं कर रहे थे, लोगों के साथ मेरी अनबन हो रही थी, मैं इस तरह का खेल खेलना नहीं जानती हूं इसलिए मैं उनकी राजनीति से थक गई थी और मैंने फैसला किया कि मुझे एक ब्रेक की जरूरत है।'' प्रियंका ने कहा, ''गाने ने मुझे दुनिया के दूसरी हिस्से में जाने का मौका दिया, मैं उन फिल्मों के लिए तरस नहीं रही थी, जिन्हें मैं नहीं करना चाहती थी, लेकिन मुझे कुछ लोगों और क्लबों के साथ कॉन्टैक्ट बनाने की जरुरत थी। इसके लिए बहुत मेहनत करनी थी और तब तक मैं काफी काम कर चुकी थी, इसलिए मुझे ऐसा नहीं लगा कि मुझे ये सब करना चाहिए। तो जब मुझे गाने का ऑफर मिला तो मैंने कहा कि कुछ भी हो मैं अमेरिका जा रही हूं बस।''

## लव की अरेंज मैरिज में नजर आयेगी सनी सिंह और अवनीत कौर की जोड़ी





एजेंसियां

**मुंबई :** सनी सिंह और अवनीत कौर की जोड़ी फिल्म लव की अरेंज मैरिज में नजर आयेगी। लव की अरेंज मैरिज को इशरत खान निर्देशित कर रहे हैं और राज शांडिल्य ने इसे लिखा है। इस फिल्म में सनी सिंह और अवनीत कौर,अन्नू कपूर, सुप्रिया पाठक,राजपाल यादव, सुधीर पांडे और परितोष त्रिपाठी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## नुमानी की शूटिंग के दौरान बचपन की यादें हुई ताज़ा : शिल्पा राव



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड गायिका शिल्पा राव का कहना है कि नुमानी गाना की शूटिंग के दौरान उनकी बचपन की यादें ताज़ा हो गयी। शिल्पा राव नए एकल 'नुमानी' के लिए पहली बार पॉप रॉक बैंड फरीदकोट और संगीत लेबल टी-सीरीज के साथ काम कर रही हैं। गाने की शूटिंग बहुत ही खूबसूरत जगहों पर की गई हैं जिसे देख शिल्पा की बचपन की यादें ताजा हो गई, जब वह एक आम के पेड़ के नीचे गायन का अभ्यास करती थीं। शिल्पा ने ने सेट पर अपने पुराने पलों को साझा किया जहां उन्हें जमशेदपुर जैसा माहौल मिला, जहां वह पली-बढ़ी थीं। शिल्पा राव ने बताया,''हम एक जंगल के बीच में शूटिंग कर रहे हैं और मैं इस ट्रैक को फिल्माते हुए कुछ आम के पेड़ों की छाँव में बैठी हूं। यह मुझे अपने बचपन के बारे में सोचने पर मजबूर कर दिया क्योंकि जमशेदपुर में मैं अपने घर के पास आम के पेड़ों के नीचे अपना रियाज किया करती थी।

# 'जी ले जरा' में कैमियो करेंगे शाहरुख खान



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान आने वाली फिल्म जी ले जरा में कैमियो करते नजर आयेगे। फिल्म 'जी ले जरा' में कैटरीना कैफ, प्रियंका चोपड़ा और आलिया भट्ट की मुख्य भूमिका है। यह पहली है जब एक ही फिल्म में ये तीनों हीरोइन एक साथ नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग राजस्थान में होगी। जी ले जरा में 'शाहरुख खान' कैमियो करते नजर आयेंगे। फिल्म जी ले जरा में शाहरूख खान का रोल काफी अहम होगा। फिल्म जी ले जरा का निर्देशन फरहान अख्तर कर रहें हैं। 'फरहान अख्तर' इन दिनों राजस्थान में मौजूद हैं। वह राजस्थान की सबसे बेस्ट लोकेशन की तलाश कर रहे हैं। हाल ही में फरहान ने इस जर्नी के दौरान की तस्वीर भी पोस्ट की थी। इस पोस्ट को शेयर करते हुए फरहान ने कैप्शन में लिखा है कि, 'अच्छी लोकेशन की तलाश में'। फिल्म जी ले जरा को फरहान ने अपनी बहन जोया अख्तर और रीमा कागती के साथ मिलकर लिखा है। वहीं, इसका निर्माण एक्सेल इंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी के बैनर तले हो रहा है।

## मिला युवक का शव

रांचीः राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र स्थित नामकुम ओवर ब्रिज के नजदीक से युवक का शव बरामद हुआ है। शव एक पेड़ से लटका हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली है। मृतक युवक का नाम आनंद मींज है और वह सामलौंग का रहने वाला है। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद नामकुम थाने के पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**सुरक्षा**

### तीन हजार फोर्स किए गए हैं तैनात

# रामनवमी को लेकर रांची पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** रामनवमी को लेकर राजधानी रांची में फ्लैग मार्च किया गया। मेन रोड में एसएसपी किशोर कौशल के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने फ्लैग मार्च किया। मेन रोड में फ्लैग मार्च में एसएसपी, डीसी, सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी के अलावा कोतवाली डीएसपी, सिटी डीएसपी और अन्य कई थाना प्रभारी और पुलिस के जवान मौजूद थे। रामनवमी पर्व को लेकर पुलिस की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। रांची में पर्व के दौरान किसी को कोई परेशानी नहीं हो, पुलिस इसका विशेष ध्यान रख रही है। सुरक्षा की दृष्टि से तीन हजार पुलिस फोर्स को तैनात किया गया है।एसएसपी ने लोगों को शांति के साथ रामनवमी पर्व मनाने की अपील किया है। साथ ही कहा कि रांची पुलिस असामाजिक तत्वों पर नजर रख रही है। पर्व को लेकर अफवाह फैलाने वालों या भड़काऊ कार्य करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। रामनवमी पर किसी तरह का कोई विवाद ना हो उसे लेकर शरारती तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। वहीं रामनवमी जुलूस के दौरान सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन कैमरा से निगरानी रखी जाएगी। एसएसपी ने सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि किसी तरह का अफवाह फैलाए जाने और पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी।

राज्य के संवेदनशील जिलों में केंद्रीय बलों की सात कंपनी तैनात की गई है। इसके अलावा 14,920 पुलिसकर्मियों की अतिरिक्त तैनाती भी की गई है। रांची और गिरिडीह में सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) और जमशेदपुर, गिरिडीह, पलामू, लोहरदगा और दुमका जिले में एक-एक कंपनी सीआरपीएफ की तैनाती हुई है। पलामू में सीआरपीएफ महिला बटालियन की एक कंपनी तैनात है। इसके अलावा झारखंड पुलिस की रैपिड एक्शन पुलिस (रैप) की दो कंपनी रांची में लगाई गई है। जमशेदपुर, हजारीबाग, चतरा व कोडरमा में रैप की एक-एक कंपनी तैनात की गई है।रामनवमी के दौरान 25 डीएसपी, 28 इंस्पेक्टर, 320 दारोगा, 160 सशस्त्र बल, 8305 लाठीबल, 4950 गृह रक्षक, एक कंपनी एटीएस, स्वान दस्ता 01, अश्रु गैस दस्ता 05, अग्निशमन दस्ता 05, बीडीएस दस्ता 03, पुलिस मुख्यालय के नियंत्रणाधीन 150 जवान और विभिन्न रेंज के डीआईजी के नियंत्रणाधीन 950 जवानों को तैनात किया गया है।हजारीबाग में 14 अतिरिक्त डीएसपी के अलावा 20 इंस्पेक्टर, 250 दारोगा-जमादार, 50 विशेष शाखा के दारोगा को लगाया गया है। एक कंपनी रैपिड एक्शन फोर्स, एक कंपनी रैपिड एक्शन पुलिस, एक डॉग स्क्वायड, एक कंपनी एटीएस, एक बम निरोधक दस्ता, एक अश्रु गैस दस्ता, पांच अग्निशमन दस्ता, 160 सशस्त्र बल, 2500 लाठी बल व 500 गृह रक्षक भी हजारीबाग में तैनात किए गए हैं।

## सुरक्षाकर्मी को घायल कर कैदी वाहन से भागने की फिराक में थे लवकुश शर्मा व अन्य अपराधी



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** अपराधी लवकुश शर्मा और राज वर्मा के बीच कैदी वाहन में मारपीट की घटना हुई थी। इस घटना को लेकर पुलिस ने दावा किया है कि अपराधी लवकुश शर्मा समेत अन्य अपराधी सुरक्षाकर्मी को घायल कर कैदी वाहन से भागने के फिराक में थे। इसे लेकर सदर कोर्ट के हाजत में प्रतिनियुक्त एएसआई शिवजी राम ने बरियातू थाना में मामला दर्ज कराया है।दर्ज कराए गए एफआईआर में शिवजी राम ने कहा है कि कोर्ट में पेश करने के बाद कैदियों को वापस केंद्रीय कारा पहुंचाने के लिए सशस्त्र बल के सरकारी कैदी वाहन से ले जाया जा रहा था। कैदी वाहन में कुल 14 कैदी थे, दीपक कुमार, राज वर्मा, वैभव कुमार सिंह उर्फ सन्नी (ये तीनों एक पक्ष के ) और दूसरा पक्ष के लवकुश शर्मा थे। जैसे ही कैदी वाहन रिम्स चौक के आगे बरियातू थाना के पास पहुंचा कि दोनों पक्ष आपस में झगड़ने लगे। दोनों पक्ष के कैदी झगड़ते-झगड़ते आपस में मारपीट भी करने लगे।वाहन में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने कैदियों को समझाया, लेकिन वे समझने को तैयार नहीं हुए। साथ ही ऐसा माहौल उत्पन्न कर दिया, जिससे लगने लगा कि ये लोग भागने का फिराक में हैं। वहीं कैदी वाहन के पिछले गेट को भी तोड़ने का इनलोगों ने प्रयास किया। तत्काल माहौल को देखते हुए सुरक्षा के दृष्टिकोण से कैदी वाहन को बरियातू थाना परिसर में लाया गया और वरीय पदाधिकारी को घटना के बारे में सूचित किया गया। इस घटना में लवकुश शर्मा के सिर पर जख्म पाया गया। एफआईआर में सुरक्षाकर्मियों का कहना है कि, मेरा दावा है कि यदि बरियातू थाना परिसर में कैदी वाहन को नहीं लाया जाता, तो ये लोग वाहन में सुरक्षाकर्मियों को भी जख्मी करते और वाहन का पिछला गेट तोड़कर फरार हो जाते।

## नियोजन एवं रोजगार सचिव को 6 अप्रैल को सशरीर हाजिर होने का दिया निर्देश

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः**झारखंड हाईकोर्ट ने श्रम, नियोजन एवं रोजगार विभाग के सचिव को सशरीर हाजिर होने के निर्देश दिया है। अदालत ने उन्हें 6 अप्रैल को कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया है। वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोवाइडर ईशमत अंसारी के द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने यह निर्देश दिया है। झारखंड हाईकोर्ट में इशमत अंसारी ने अपने अधिवक्ता नवीन कुमार के माध्यम से याचिका दाखिल की है। याचिका में उन्होंने कहा है कि अउइ जांच के बाद भी उनके बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा है। दरअसल, कौशल विकास केंद्र में कई वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोवाइडर की नियुक्ति की गई थी। जिसमें 38 संस्थानों के खिलाफ एसीबी जांच हुई थी। मामले में क्लीन चिट मिलने के बाद भी इनके बिल का भुगतान विभाग नहीं कर रहा। जिसके बाद बिल भुगतान की मांग को लेकर प्रार्थी ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इस मामले की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट में हुई।

## उषा मार्टिन को गलत तरीके से सरकारी भूमि आवंटित मामले में झाप्रसे अफसर को नहीं मिली राहत

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** पलामू के कठौतिया माईन्स के अंतर्गत 82.176 एकड़ जंगल-झाड़ सरकारी भूमि को गलत तरीके से मेसर्स उषा मार्टिन को आवंटित करने के मामले में फंसे तत्कालीन एसडीओ सदर अनुमंडल मेदिनीनगर सुधीर कुमार दास को राहत नहीं मिली। राज्य सरकार ने उनके अपील अभ्यावेदन को अस्वीकृत कर दिया है और संचायात्मक प्रभाव से दो वेतन वृद्धि रोकने के आदेश को बरकरार रखा है। दरअसल 2015 में मेदिनीनगर के उपायुक्त ने प्रपत्र क गठित करके उनके उपर कार्रवाई की अनुशंसा की थी, जिसकी पूरी जांच के बाद उन्हें दंडित किया गया था। पूरे मामले में झाप्रसे पदाधिकारी सुधीर कुमार दास ने अपील अभ्यावेदन देकर अपना बचाव पक्ष फिर से रखा था।आरोपी पदाधिकारी द्वारा अपने बचाव पक्षों में बार-बार यह उल्लेख किया गया है कि उनके द्वारा अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों द्वारा दिए गये अभिलेखों को विश्वसनीय मानकर अग्रसारित किया गया था लेकिन विभाग ने समीक्षा में यह पाया कि उक्त अधिकारी ने ऐसा कोई साक्ष्य संलग्न नहीं किया। जिससे यह स्पष्ट हो कि उनके द्वारा 82.176 एकड़ जंगल-झाड़ी की भूमि को गैरमजरूआ भूमि सरकारी भूमि के रूप में मेसर्स उषा मार्टिन लिमिटेड को कोयला उत्खनन के लिए आवंटित करने से पहले उपस्थापित अभिलेख की विधिवत जांच की गयी है।नियमतः उपस्थपित अभिलेख से संबंधित सभी कागजातों जिसमें खतियान एवं भू-सर्वे नक्शा आदि की जांच उनके द्वारा की जानी चाहिए थी। ऐसे में स्पष्ट है कि उनके द्वारा उक्त सरकारी भूमि के किस्म का मिलान खतियान की मूल प्रति या निर्गत सत्यापित मूल पति से नहीं की गयी थी। ऐसे में पूरे मामले पर उन्हें 10 मई 2022 को ही दंडित करते हुए संचायात्मक प्रभाव से दो वेतन वृद्धि पर रोक का आदेश दिया गया। पूरे मामले पर उन्हें अपील अभ्यावेदन दिया था,लेकिन कोई नया तथ्य नहीं होने की वजह से उनके उपर लगा दंड को यथावत रखने का निर्णय लिया गया।

## एक अप्रैल से 255 रुपये पारिश्रमिक

रांचीः झारखंड में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) श्रमिकों को 1 अप्रैल 2023 से प्रतिदिन 228 रूपए की मजदूरी मिलेगी। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा मनरेगा के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए राज्यवार प्रतिदिन मजदूरी की दर का राजपत्र में प्रकाशन कर दिया गया है। अब झारखंड प्रतिदिन मजदूरी 255 रुपये मिलेगी। राज्य योजना मद से 27 रुपए झारखंड सरकार देती रही है। दोनों को मिलाकर अब यहां 255 रुपये मजदूरी हो जाएगी.मजदूरी तय की गई है। यह नई दर 1 अप्रैल 2023 से प्रभावी होगी। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 210 रूपए मजदूरी दर निर्धारित थी। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए इसमें 18 रूपए की बढ़ोतरी की गई है।

## झारखंड पुलिस के इंस्पेक्टर की ड्यूटी के दौरान कार्डियक अरेस्ट से हुई मौत



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः**धनबाद रेल थाने में तैनात इंस्पेक्टर अमरजीत प्रसाद का हार्ट अटैक से मंगलवार को निधन हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार लगभग 10ः 30 बजे इंस्पेक्टर अमरजीत कुमार थाने से निकलकर रेल एसपी के यहां कार्यालय के किसी काम से जा रहे थे तो इसी दौरान रास्ते में ही उन्हें अटैक आया, आनन फानन में उन्हें हॉस्पीटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मूलरुप से बिहार के पटना निवासी अमरजीत प्रसाद पूरे परिवार के साथ जमशेदपुर में रहते हैं। धनबाद रेल थाना में वर्तमान में पदस्थापित अमरजीत प्रसाद पूर्व में एसटीएफ में भी रह चुके थे। इसके अलावे सरायकेला के आरआईटी थाना, जमशेदपुर के कदमा थाना सहित कई अन्य जिलों के थाना में भी पदस्थापित रहे हैं। घटना की जानकारी परिजनों को दी गई है। परिवार शव लेकर जमशेदपुर ले जाने की तैयारी में है। हालांकि इससे पूर्व धनबाद पुलिस लाइन में उन्हें ससम्मान विदाई दिए जाने की भी तैयारी की जा रही है।

## आजीवन कारावास की सजा काट रहे 24 कैदी होंगे रिहा, सीएम ने दी सहमति



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** आजीवन कारावास की सजा काट रहे 24 कैदी रिहा होंगे। इसे लेकर सीएम हेमंत सोरेन ने सहमति दे दी है। मंगलवार को सीएम हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक हुई। बैठक में आजीवन सजा काट रहे 50 कैदियों की रिहाई की समीक्षा हुई। इस दौरान अदालतों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक और प्रोबेशन पदाधिकारी के मंतव्य पर विचार - विमर्श के बाद 24 कैदियों को रिहा करने पर सहमति बनी।सीएम ने कहा कि जो भी कैदी रिहा किए जाते हैं, उनका डाटा बैंक बनाया जाए। जेल से निकलने के बाद इन कैदियों की गतिविधियों की ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग की व्यवस्था होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि समय-समय पर इन कैदियों की प्रॉपर काउंसलिंग भी होनी चाहिए। इसके अलावा इन्हें सरकार की योजनाओं से भी जोड़ा जाए, ताकि वे मुख्यधारा से जुड़े रहे। वहीं, जरूरतमंद कैदियों के पुनर्वास की भी व्यवस्था होनी चाहिए।

**आश्वासन**

### हाईकोर्ट को रांची डीसी ने दिया भरोसा, कहा

# दुरुस्त कर देंगे मेन रोड की यातायात व्यवस्था

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः**कचहरी चौक स्थित अटल वेंडर मार्केट में दुकान आवंटित करने से संबंधित गोपाल प्रसाद बर्मन व अन्य की याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई। हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान रांची डीसी और नगर आयुक्त कोर्ट में सशरीर उपस्थित थे। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट में रांची डीसी ने कहा कि अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए रोड मैप तैयार किया गया है। एक माह में इसी रोड मैप के सहारे यातायात व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। इस पर कोर्ट ने मौखिक कहा कि मेन रोड सहित रांची शहर में सुगम यातायात बहाल की जाए ताकि सभी लोगों को राहत मिले। इस पर रांची डीसी ने एक माह का रोड मैप देते हुए कोर्ट को बताया है कि 1 माह में मेन रोड में सुगम यातायात की सुविधा बहाल होगी।रांची डीसी ने कोर्ट को बताया कि रांची शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए 6 जोन में बांट दिया गया है। ट्रैफिक व्यवस्था पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। शहर में फ्लाईओवर निर्माण को लेकर एलएनटी को कहा गया है कि सड़क पर लगाए गए बैरिकेडिंग कि लंबाई बढ़ाए ताकि सुगम यातायात व्यवस्था बनी रहे। ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए होमगार्ड के जवानों की नियुक्ति के लिए भी सरकार को कहा गया है। सड़कों के किनारे लगाए गए चार्टर्ड साइकिल को भी हटाया जाएगा। इसके अलावा सड़कों पर लगाए गए हो होल्डिंग्स, बैनर, अनावश्यक बिजली के खंभे आदि को भी हटाकर स्मूथ ट्रैफिक व्यवस्था की जाएगी। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 3 मई निर्धारित करते हुए रांची डीसी को सुगम ट्रैफिक व्यवस्था के लिए उठाए गए कदमों स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। इसके अलावा अगली सुनवाई में भी कोर्ट ने रांची डीसी एवं नगर आयुक्त को फिर से सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश दिया। पूर्व की सुनवाई में डीसी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि सम्मान फाउंडेशन की ओर से 2016 में कचहरी चौक से सर्जना चौक तक के फुटपाथ दुकानदारों का सर्वे कराया गया था, इसके आधार पर अटल वेंडर मार्केट में फुटपाथ दुकानदारों को बसाया गया है। फुटपाथ दुकानदारों के लिए 10 जगह चिन्हित किए गए हैं, ताकि सड़कों पर जाम की समस्या ना हो।